सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-251 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 04 मार्च 2025
03 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# बेनतीजा रही पंजाब सरकार और किसानों की बैठक

- सड़कों और ट्रेनों को रोकना या पंजाब को बंद करना किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं



**चंडीगढ़।** प्रमुख कृषि मुद्दों पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और किसानों के प्रतिनिधियों के बीच बैठक बिना किसी समाधान के समाप्त हो गई, जिससे जारी गतिरोध और बढ़ गया। बैठक में पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां और मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल भी मौजूद थे। इस बीच, किसान नेता जोगिंदर सिंह उग्राहन ने पुष्टि की कि अनिर्णायक बैठक के बावजूद, 5 मार्च को चंडीगढ़ में नियोजित विरोध कार्यक्रम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ेगा।

वहीं, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि आज पंजाब भवन में हुई बैठक में मैंने किसान संगठनों के सभी सम्मानित नेताओं से अपील की कि सड़कों और ट्रेनों को रोकना या पंजाब को बंद करना किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं है। इन सबसे आम लोगों को असुविधा होती है। इसका समाज के अन्य वर्गों के काम और व्यवसायों पर भी बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है, आइए हम इस बारे में भी सोचें। कोई समाधान नजर नहीं आने के कारण, तनाव बरकरार है क्योंकि किसान अपनी मांगों पर लगातार जोर दे रहे हैं, जिससे पंजाब सरकार के साथ और टकराव की स्थिति तैयार हो गई है। दूसरी ओर किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल ने अपने बयान में कहा कि सीएम मान गुस्से में बैठक छोड़कर चले गए, किसानों ने फिर से चंडीगढ़ में आंदोलन करने की घोषणा की। कोई निष्कर्ष नहीं निकला। किसानों द्वारा विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा के बाद मान गुस्से में बैठक छोड़कर चले गए। सीएम ने चेतावनी दी कि अगर किसानों ने 5 मार्च को अपना नियोजित विरोध वापस ले लिया, तो उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा। अन्यथा उनकी पूर्व स्वीकृत मांगें भी निरस्त कर दी जाएंगी।

## पीएम मोदी ने जंगल सफारी का लिया आनंद, जंगल के राजा को कैमरे में किया कैद

# वन्यजीवन को बचाने में भारत के योगदान पर गर्व : प्रधानमंत्री मोदी

- खुली जीप में बैठकर पीएम मोदी ने किया शेरों का दीदार



**जूनागढ़।** प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं। सोमवार को विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने जूनागढ़ जिले में स्थित गिर नेशनल पार्क में जंगल सफारी का आनंद लिया।

पीएम मोदी सोमवार सुबह जंगल सफारी पर निकल गए। इससे पहले रविवार की शाम पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। पीएम मोदी के साथ जंगल सफारी पर कुछ मंत्री और वन विभाग के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहे। आज पीएम मोदी ने गिर नेशनल पार्क के मुख्यालय शासन गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता भी की। राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड में सीडीएस समेत 47 सदस्य हैं, जिनमें विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, एनजीओ के प्रतिनिधि, वन्यजीव अधिकारी और राज्यों के सचिव शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस धरती की जैव विविधता और वन्यजीवन को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर हम इस धरती की अतुल्य जैव विविधता के संरक्षण के अपने समर्पण को दोहराएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर प्रजाति की इसमें अहम भूमिका है। इन प्रजातियों के भविष्य की रक्षा करें। हमें वन्यजीवन को बचाने में भारत के योगदान पर भी गर्व होना चाहिए। बैठक के बाद पीएम मोदी ने गिर नेशनल पार्क की महिला कर्मचारियों से भी मुलाकात की। गौरतलब है कि गिर नेशनल पार्क में एशियाई शेरों से जुड़े प्रोजेक्ट लॉयन के लिए केंद्र सरकार ने 2900 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

# मायावती ने भतीजे आकाश को पार्टी से निकाला

- ससुर के इशारों पर काम कर रहे थे आकाश आनंद : मायावती
- 15 महीने में दो बार उत्तराधिकारी बनाया और फिर हटाया
- पदाधिकारियों संग मायावती ने की थी अहम बैठक

### मेरे जीते जी मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा



मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया था। इसके साथ ही मायावती ने अपने भाई आनंद कुमार को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया। मायावती ने रविवार को ट्वीट कर कहा था कि अशोक सिद्धार्थ ने आकाश आनंद का राजनीतिक करियर बर्बाद किया। अशोक सिद्धार्थ को निकालना पड़ा। आकाश आनंद पर उनकी पत्नी का प्रभाव था, जो पार्टी हित में नहीं था। उन्होंने कहा कि मेरे जीते जी मेरा कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। रविवार को राज्य मुख्यालय पर देश भर के पदाधिकारियों संग बैठक में मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ ने उप्र सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर कमजोर करने का प्रयास किया था, इसलिए उनको बाहर निकाला गया था।

**नई दिल्ली।** बसपा प्रमुख मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। एक दिन पहले ही मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से मुक्त किया था। कुछ दिनों पहले मायावती ने भतीजे के ससुर अशोक सिद्धार्थ को भी पार्टी से निष्कासित किया था।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा- बीएसपी की आल-इण्डिया की बैठक में कल आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। बीएसपी की आल-इण्डिया की बैठक में कल श्री आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर श्री अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। मायावती ने आगे लिखा- लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है वह उसके पछतावे व राजनीतिक मैच्युरिटी का नहीं, बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दण्डित भी करती रही हूं। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने रविवार को पदाधिकारियों की बैठक में बड़ा फैसला

## आईआईटी बाबा को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जयपुर।** पुलिस ने आईआईटी बाबा अभय सिंह को जयपुर के रिद्धि-सिद्धि क्षेत्र स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई बाबा के आत्महत्या करने की धमकी देने के बाद की है। जांच में पुलिस को बाबा के झोले से गांजा और अन्य तरह के नशीले पदार्थ मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आईआईटी बाबा के नाम से मशहूर अभय सिंह ने बीते दिनों सोशल मीडिया पर खुदकुशी करने की बात कहते हुए पोस्ट किया था। सोशल मीडिया पर पोस्ट सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और आईआईटी बाबा को होटल से गिरफ्तार कर लिया। शिप्रापथ थाना के एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पुलिस टीम लोकेशन के आधार पर होटल पहुंची और जिस कमरे में बाबा रुके थे, वहां छापा मारा। बाबा को हिरासत में लेने के बाद कमरे की तलाशी ली गई, जिसके बाद गांजा और अन्य नशीले पदार्थ मिले हैं। बाबा को थाने लाया गया है, साथ ही पुलिस यह पता लगाने की कोशिश में जुटी है कि बाबा ने आत्महत्या करने की धमकी क्यों दी और उनके पास मिले नशीले पदार्थ का स्रोत क्या है।



# एमएसएमई को वैश्विक स्तर पर मिलेगी पहचान

- जल्द ही यूपीआई से एमएसएमई को मिल सकेगा लोन



**नई दिल्ली।** एमएसएमई मंत्रालय और नीति आयोग इन दिनों जर्मनी की तरह भारतीय एमएसएमई को वैश्विक स्तर का बनाने की कवायद में जुटा है। सरकार एमएसएमई को वैश्विक सप्लाई चेन का हिस्सा बनाना चाहती है ताकि निर्यात में उनकी भागीदारी बढ़े। इसे ध्यान में रखते हुए इन दिनों एमएसएमई खासकर मीडियम इंटरप्राइजेज के लिए फ्रेमवर्क तैयार किया जा रहा है। पिछले महीने पेश बजट में एमएसएमई को वैश्विक सप्लाई चेन बनाने की घोषणा की गई थी। जर्मनी के जीडीपी में एमएसएमई की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत है। भारतीय जीडीपी में एमएसएमई का योगदान लगभग 30 प्रतिशत है। विशेषज्ञों का कहना है कि जर्मनी एमएसएमई पर आधारित अर्थव्यवस्था है और एमएसएमई में टेक्नोलाजी के अधिकाधिक इस्तेमाल से ऐसा संभव हो पाया है। भारतीय एमएसएमई अभी टेक्नोलाजी के इस्तेमाल में यूरोपीय देशों के काफी पीछे हैं। इसलिए नीति आयोग एमएसएमई सेक्टर में टेक्नोलाजी के इस्तेमाल को लेकर पूरा सर्वे करा रहा है और यह भी समझने की कोशिश की जा रही है कि भारतीय एमएसएमई में इस्तेमाल होने वाली टेक्नोलाजी वैश्विक स्तर के अनुरूप है या नहीं। टेक्नोलाजी को अपनाने में यूरोपीय देशों के साथ भारतीय एमएसएमई का तुलनात्मक अध्ययन किया जा रहा है।



03 रमजान 04.03.2025

| सुन्नी हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 05:04 | 06:10 |

| शिया हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04:57 | 06:21 |

# 2025 महाकुम्भ में पहले से हुआ दोगुना कार्य : योगी

- विपरीत परिस्थितियों में धैर्य से काम करते हुए चुनौती को करना होगा स्वीकार
- 100 से अधिक देशों की हुई भागीदारी
- एक भारत श्रेष्ठ भारत की अभिव्यक्ति का भी माध्यम बना महाकुम्भ



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में निर्णय लेने का सामर्थ्य विकसित करना चैलेंज होता है। ऐसी स्थिति में बहुत सारे लोग हाथ-पैर छोड़ देते हैं, मानकर चलते हैं कि जो होना होगा, देखा जाएगा, लेकिन विपरीत परिस्थितियों में धैर्य से काम करते हुए चुनौती का सामना करने को तैयार होना पड़ेगा।

महाकुम्भ में यही किया गया, तब जाकर सकुशल महाकुम्भ संपन्न हो सका। उन्होंने कहा कि संतों, श्रद्धालुजन व व्यवस्था से जुड़े लोगों से संवाद-समन्वय स्थापित करना पड़ता है। मुख्यमंत्री सोमवार को आईआईएम व भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों के साथ महाकुम्भ के सफल आयोजन द्वारा राष्ट्र निर्माण विषय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान महाकुम्भ से संबंधित वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब 2013 के कुम्भ में मॉरीशस के प्रधानमंत्री आए लेकिन गंगा जी में गंदगी को देखकर स्नान नहीं किया और टिप्पणी की कि क्या यही गंगा हैं, फिर दूर से प्रणाम करके चले गए। उन्होंने कहा कि इस बार के कुंभ में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अनेक केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, 74 देशों के एंबेसडर व हाई कमिश्नर्स, भूटान के नरेश, 12 देशों के मंत्री समेत लगभग 100 से अधिक देशों की भागीदारी हुई। उद्यमी, फिल्म स्टार, क्रिकेटर समेत हर तबका इसका हिस्सा बने थे। अद्भुत संगम के दृश्य को देखकर हर कोई अभिभूत था। सीएम ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन तब सकुशल संपन्न होगा, जब सुरक्षा, क्राउड मैनेजमेंट की समुचित व्यवस्था हो। हर किसी के मन में यह विश्वास हो कि पुलिस हमें सुरक्षा दे सकती है। किसी भी क्राइसिस मैनेजमेंट में पुलिस का सबसे महत्वपूर्ण रोल होता है। उनका व्यवहार बहुत मायने रखता है। पुलिस के लिए चार महीने स्पेशल कोर्स चलाए गए। 2019 प्रयागराज कुम्भ ने स्वच्छता व सुव्यवस्था का संदेश दिया था। 2025 महाकुम्भ में इतनी भीड़ का अंदाजा हमें भी नहीं था। संभावना थी कि 2019 की अपेक्षा दोगुनी भीड़ होगी, लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने मेले के दायरे समेत सभी व्यवस्थाओं को बढ़ाया। पांच हजार एकड़ में हर रूट पर छह अलग-अलग पार्किंग स्पेस दिए गए। इसमें छह लाख बस व चार पहिया वाहन पार्क किया जा सकता है। मुझे आशंका थी कि भीड़ बढ़ेगी।

इस एरिया को बढ़ाना पड़ेगा, लेकिन प्रयागराज के आसपास स्पेस नहीं था, इसलिए आसपास के मीरजापुर, भदोही, कौशांबी, जौनपुर, फतेहपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़, चित्रकूट, रायबरेली में पार्किंग स्पेस और होल्डिंग एरिया तैयार किए।

### स्वच्छता पर था विशेष जोर

योगी ने कहा कि यह आयोजन गंगा तट पर बालू में होता है। शौचालय शीट को बालू में ऐसे डाल दिया जाता था। सप्ताह-दस दिन बाद बदबू, मक्खी, मच्छर और बीमारी होने लगती थी। फिर मैंने कहा कि ऐसे टॉयलेट बनाएं, जिसकी नियमित सफाई हो सके। हम लोगों ने एक लाख टॉयलेट-टैंक तैयार कराए। कहा कि एक भी टॉयलेट का लिक्विड गंगा-यमुना में नहीं जाना चाहिए। इसकी नियमित सफाई कराई गई।

# यूएई में यूपी की शहजादी को दे दी गई फांसी

- दुबई में ही होगा अंतिम संस्कार
- पिता ने अदालत में दायर की थी याचिका



**नई दिल्ली।** अबू धाबी में चार महीने के बच्चे की हत्या के लिए मौत की सजा का सामना कर रही एक भारतीय महिला को 15 फरवरी को ही फांसी दे दी गई है। यह जानकारी महिला की सलामती के लिए पिता द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को दी गई। इस घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने इसे 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' बताया। शहजादी का शव भारत नहीं आएगा। दुबई में ही 5 मार्च को शहजादी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। भारतीय दूतावास परिजनों को बेटी की अंत्येष्टि में शामिल होने की व्यवस्था कर रहा है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने अदालत को बताया कि इस मामले का पटाक्षेप हो गया है। उसे 15 फरवरी को फांसी दे दी गई। उसका अंतिम संस्कार पांच मार्च को होगा। सरकार की ओर से यह जानकारी 33 वर्षीय महिला के पिता द्वारा बेटी की सलामती की जानकारी पाने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान दी गई। शहजादी खान को 10 फरवरी, 2023 को अबू धाबी पुलिस को सौंप दिया गया था।

# यूरोप जैसी हालत से बचने के लिए पुतिन नहीं देश की समस्याओं की चिंता जरूरी : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने विरोधियों को जवाब देते हुए कहा कि लोग रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बजाय अमेरिका में हो रही प्रवासी समस्याओं पर ध्यान दें। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा, हमें पुतिन की चिंता कम और प्रवासी दुष्कर्म गिरोह, ड्रग माफिया, हत्यारे और मानसिक संस्थानों से आए लोगों की ज्यादा फिक्र करनी चाहिए, ताकि हमारा हाल यूरोप जैसा न हो। लंदन में एक शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि वे फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ मिलकर युद्ध (रूस-यूक्रेन युद्ध) रोकने की योजना बना रहे हैं, जिसे बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को पेश किया जाएगा।

वहीं वोलोडिमीर जेलेंस्की ने यूरोप की एकता की सराहना करते हुए एक्स पर लिखा, लंदन सम्मेलन यूक्रेन और हमारे साझा यूरोपीय भविष्य के लिए था। हमें यूरोप से मजबूत समर्थन मिल रहा है ङ्क हमारे सैनिकों और नागरिकों दोनों के लिए। उन्होंने कहा कि यूरोप की यह एकता लंबे समय बाद देखने को मिली है और अब अमेरिका के साथ सुरक्षा समझौतों और न्यायसंगत शांति के लिए बातचीत हो रही है। जेलेंस्की ने भविष्य में कई महत्वपूर्ण बैठकों और फैसलों की बात भी कही और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को धन्यवाद दिया।

### जेलेंस्की से बहस के बाद ट्रंप ने कसा तंज

अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान उस समय आया जब व्हाइट हाउस में उनकी यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की से एक अहम बैठक असफल हो गई। यह बैठक अमेरिका और यूक्रेन के बीच खनिज संसाधनों से जुड़े सौदे को लेकर थी। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की यूरोप के समर्थन के लिए लंदन रवाना हो गए थे।



## सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान वकील ने दी आत्महत्या की धमकी

### पीठ ने कहा, 7 दिन में माफी मांगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक असामान्य स्थिति देखने को मिली, जब न्यायालय के समक्ष उपस्थित एक वकील ने धमकी दी कि यदि आपराधिक मामले में उसकी याचिका स्वीकार नहीं की गई तो वह आत्महत्या कर लेगा। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ ने वकील से कहा कि वह सात मार्च तक लिखित माफीनामा दाखिल करें अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहें। सोमवार सुबह जब याचिका (रमेश कुमारन और अन्य बनाम पुलिस निरीक्षक और अन्य) पर सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता बार के सदस्य रमेश कुमारन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से उपस्थित हुए और कहा कि अगर प्रतिवादी संख्या दो के खिलाफ एफआईआर रद कर दी जाती है तो वे आत्महत्या कर लेंगे।



# राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश नाकाम, अब्दुल रहमान गिरफ्तार


**इशारा मिलने का कर रहा था इंतजार**



**फरीदाबाद।** बांस रोड पाली से पकड़े गए अब्दुल रहमान (19) को आतंकी संगठन आईएसआईएस ने अयोध्या राम मंदिर पर हमला करने के लिए तैयार किया था। जांच एजेंसी से जुड़े एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि आतंकी संगठन आईएसआईएस की क्षेत्रीय शाखा इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत ने इस हमले की साजिश रची और ब्रेनवॉश कर अब्दुल रहमान व अन्य को अयोध्या में मस्जिद की जगह बन रहे मंदिर को लेकर धार्मिक भावनाएं भड़काते हुए मंदिर पर हमले के लिए तैयार किया। आईएसआईएस की ये शाखा पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सक्रिय है।

वहीं, सोमवार दोपहर बाद लगभग साढ़े चार बजे एसटीएफ पलवल व एटीएस गुजरात की संयुक्त टीम ने आतंकी यूपी फैजाबाद निवासी अब्दुल रहमान को फरीदाबाद जिला अदालत में पेश किया। यहां से पूछताछ के लिए उसे 10 दिन के रिमांड पर लेकर टीम पलवल एसटीएफ यूनिट पहुंची। एसटीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की संयुक्त टीम को यूपी फैजाबाद में आतंकी के घर की तलाशी के लिए भेजा गया है, ताकि इसके घर से भी जरूरी सबूत इकट्ठे किए जा सकें। अब पलवल एसटीएफ यूनिट से आतंकी को शुरुआती पूछताछ के बाद फैजाबाद ले जाने का प्लान है। केस की जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि आतंकी अब्दुल बीते कई महीने से आतंकी संगठन के संपर्क में था। सोशल मीडिया फेसबुक के जरिये इससे संपर्क किया गया, जिसके बाद इसे एक ग्रुप में शामिल किया गया। ग्रुप में धर्म विशेष को लेकर आहत करने वाली वीडियो शेयर की जाती थी, जिसके बाद ग्रुप के लोगों को अलग-अलग व्यक्ति कुछ रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश भी भेजते थे।

# हमारा उद्देश्य किसानों को सशक्त बनानाः मनप्रीत चड्ढा





### क्या है एग्रीस्टो मासा प्राइवेट लिमिटेड?

यह एक ग्लोबल फूड प्राइवेट लिमिटेड (वेव) ग्रुप का हिस्सा और आईएमएसटी ओ एनवी बेल्जियम (एग्रीस्टो नेवी बेल्जियम की होल्डिंग कंपनी के बीच एक संयुक्त उद्यम है! एग्रीस्टो उच्च गुणवत्ता वाले नवोन्मेषी और प्रामाणिक आलू से प्रेरित व्यंजनों के उत्पादन और विकास में एक अग्रणी वैश्विक खिलाड़ी है और वेव ग्रुप एक विविध हा व्यवसाय समूह है जिनकी उपस्थिति रियल स्टेट, विनिर्माण, मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवा, पेय पदार्थ और तिरछी तक फैली हुई है उत्तर प्रदेश के बिजनौर में स्थित एग्रीस्टो मासा 2020 से सैंटाना आलू के फ्रेंच फ्राइज के लिए खेती कर रहा है! यह निजी लेवल बाजार पर ध्यान केंद्रित करता है और खुदरा विक्रेता खाद्य सेवा, वितरकों, फास्ट फूड श्रृंखलाओं और प्रसंस्करण उद्योग को सेवा प्रदान करता है! इस अवसर पर माननीय उत्तर प्रदेश सचिव मनोज सिंह, जनपद के गणमान्य लोग, बिजनेसमैन और कंपनी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा! प्रिंसेस की सुरक्षा को देखते हुए शासन - प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसमें तीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 6 सीओ, 6 इंस्पेक्टर, 40 दरोगा और 200 सिपाही तैनात किए गए हैं। पुलिस बल क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहे।

*अवधनामा संवाददाता*

### संयुक्त उद्यम 750 रुपए की पूंजी करेगा निवेश, जो कि जनपद का सबसे बड़ा निवेश होगा

**बिजनौर।** बिजनौर में हो गए एग्रीस्टो कंपनी के इवेंट में 70 से ज्यादा विदेशी मेहमानों के साथ बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड एवं उत्तर प्रदेश के माननीय वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कार्यक्रम में पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया! वेव ग्रुप के चेयरमैन मनप्रीत सिंह चड्ढा ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है इसलिए हमने निवेश के साथ काम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि पहले से ही हमारा एक प्लांट काम कर रहा है अब हमने निवेश के साथ किसानों की आमदनी को दोगुना करने के काम करेंगे। एग्रीस्टो मासा प्राइवेट लिमिटेड मास ग्लोबल कोर्ट प्राइवेट लिमिटेड वेव ग्रुप का हिस्सा है और आईएम एस टीओ नेवी बेल्जियम एग्रीस्टो नेवी बेल्जियम की होल्डिंग कंपनी के बीच एक संयुक्त उद्यम है हम नए संयंत्र में 750 करोड रुपए के नए निवेश के साथ कृषि में तेजी से बदलाव करने का प्रयास करेंगे, कंपनी को उम्मीद है कि क्षेत्र के समग्र विकास को सूचित करते हुए लगभग ढाई हजार किसानों को इसका फायदा पहुंचेगा! क्षेत्र के 500 किसानो के जिन्हें संयंत्र के हस्तक्षेप के माध्यम से स्थाई आजीविका के अवसर प्रदान होंगे! जुलाई 2022 में शुरुआत के दिनों के बाद से आलू की खेती में उत्पादकता भी 17 टन हेक्टेयर से बढ़कर 32 टन प्रति हेक्टेयर हो गई थी जोकि देश में सबसे अधिक उत्पादन के लिए जाना जाता है और यहां के उत्पाद उत्तर अमेरिका मध्य पूर्व दक्षिण पूर्व एशिया और जापान जैसे लोगों को निर्यात किया जाता है। पहले कंपनी द्वारा आलू के प्रोडक्ट के लिए ढाई सौ करोड़ रुपए निवेश किए गए थे अब फ्रेंच फ्राइज कि नई उत्पादन लाइन स्थापित करने के लिए 750 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश किया जाएगा। एग्रीस्टो के अंतरराष्ट्रीय विचार नवाचार और स्थिरता के निदेशक क्रिस्टोफ वाले ने कहा कि बिजनौर संयंत्र इस बात का प्रमाण है कि जब दृष्टि और तकनीकी विशेषज्ञता संयुक्त होती है तो परिणाम कैसे प्राप्त किए जा सकते हैं? मास ग्लोबल फूड के साथ साझेदारी से हम तेजी से विकसित हो रहे हैं, भारतीय कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सार्थक तरीके से योगदान करने और सभी हितधारकों के विकास को सूचित करने की अनुमति मिली है।

## देयक को 25 मार्च से पूर्व करें कोषागार में प्रस्तुतः जिलाधिकारी

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि सभी आहरण वितरण अधिकारी वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित बजट के सापेक्ष आहरित किये जाने वाले योग्य देयक आगामी 25 मार्च से पूर्व कोषागार में प्रस्तुत करते हुये शासनादेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी आहरण वितरण अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि माह मार्च में सभी प्रकार की प्राप्तियों को राजकोष में समयान्तर्गत जमा कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासनादेश में वर्णित दिशा निर्देशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता के कारण यदि कोई धनराशि व्ययगत होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित आहरण वितरण अधिकारी की होगी।

## नन्ही 8 वर्षीय आलिया ने रखा रमजान का पहला रोज़ा



**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** मुसलमानों का पवित्र त्यौहार बड़ा ही मुबारक और बरकत वाला महीना होता है कहा जाता है कि इस महीने में अल्लाह की रहमत बरसती है और हर घर में बरकती नाज़िल होती है अल्लाह ताला जहान्नुम (नरक) के दरवाजे बंद कर जन्नत (स्वर्ग) के दरवाजे खोल देता है। वहीं कक्षा 2 की आलिया 8 वर्षीय नन्ही ने रमज़ान मुबारक में पहला रोज़ा रखा! आलिया ने सुबह सवेरे सहरी कर शाम को रोज़ा इफ्तार किया! रोज़े के साथ-साथ नन्हे आलिया ने पांच वक्त की नमाज़ पढ़ पूरे आलम के लिए चैन सुकून की दुआएं भी की। हर मुसलमान पर रोज़ा फर्ज है सभी को रोज़ा रखना चाहिए ऐसी दुआ नन्ही आलिया ने सारे जहांन के लिए की।

## पुलिस लाइन का एसएसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान ने पुलिस लाइन



का वार्षिक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान ने पुलिस लाइन के वार्षिक निरीक्षण के तहत सर्वप्रथम परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। तत्पश्चात एमटी शाखा, बैरिक, क्वार्टर गार्द, जीडी, गणना कार्यालय, कैन्टीन, आरओ प्लांट, प्रधान लिपिक कार्यालय एवं अकाउण्ट कार्यालय के अभिलेखो के रख-रखाव का गहनता से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मैस में पुलिस कर्मियों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## भाजपा राष्ट्रीय नेता अनिल सूद का नजीबाबाद पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी अनिल सूद नजीबाबाद पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया!उनके मौज्जमपुर तुलसी कछियाना निवासी जिला मंत्री गायत्री निराला के आवास पर पहुंचने पर गायत्री निराला के पति सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने शोल उढ़ाकर व दैनिक युग जागरण के कैलेंडर सह सम्मान भेंट कर स्वागत किया। वहीं भाजपा के नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल ने भी अपने प्रतिष्ठान चौक बाजार स्थित राष्ट्रीय नेता अनिल सूद का भाजपा पार्टी का पटका पहनाकर व फूल मालाओं स्वागत किया। इस दौरान कई विषयो पर चर्चा हुई। इस मौके पर रामपाल सिंन्हा, गोलू प्रधान रैनी, मुकेश, नरेंद्र, विनोद, इफ्तिखार एडवोकेट, तेजपाल, कुशवाहा, विष्णु कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

# बच्चों की कामयाबी के लिए मिलिट्री रूल जरूरीः आँचल

### बच्चों के साथ ही अभिभावकों के जीवन मे भी परिवर्तन ला सकेगा अनुशासनः सुरेन्द्र चौहान

*अवधनामा संवाददाता*





**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था यूनिक किड्स स्कूल में आयोजित कार्यशाला में बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने अभिभावको को बच्चों की मनोदशा समझने व उसके समाधान के गुर व तरीके बताएं तथा जीवन में मिलिट्री रूल अपनाने का आह्वान किया गया।

गोपाल नगर नुमाइश कैम्प स्थित यूनिक किड्स स्कूल में आयोजित कार्यशाला का शुभारम्भ बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज, स्कूल के संस्थापक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान, प्रधानाचार्या हरसिमरत कौर चौहान, डायरेक्टर मनु चौहान, प्रधानाचार्य सिम्पल मकानी, गार्गी बजाज एवं नन्हे बालक अंगद चौहान ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए बाल मनोवैज्ञानिक आंचल बजाज ने कहा कि अभिभावको को बच्चो की मनोदशा समझने की आवश्यकता है, ताकि उसी के अनुसार बच्चों की आदतो में सुधार किया जा सकें। उन्होंने बच्चो को संस्कार उनके घरो में ही उनके परिजनों से ही मिलते है, क्योकि घरो मे जिस तरह की एक्टिविटी होती है, बच्चे उसी का अनुसरण करते है। उन्होंने बच्चों में ज्यादा मोबाइल चलाना, ज्यादा टी.वी देखना, रात्रि में देर से सोना, सुबह देर से उठना समय पर खाना न खाना, सुस्ती आदि का जिक्र करते हुए बताया कि अभिभावकों को इस पर फोकस करना चाहिए, ताकि समय पर इनका समाधान किया जा सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों में अलग-अलग प्रतिभाएं होती है, जिसे निखारने के लिए बच्चों की रुचि की जानकारी जरूरी है यदि कोई बच्चा खेल के प्रति हाईपर है तो खेल में ही आगे बढाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि अपने बच्चो को कामयाब बनाना है, तो अपने जीवन में मिलिट्री रूल अपनाना पड़ेगा, जिसमें आपको समय पर सोना जागना तथा अन्य कार्य करने जरूरी है तभी आपका बच्चा कामयाबी हासिल करेगा और उसके जीवन में किसी भी तरह की समस्या नहीं आएगी। प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि कार्यशाला मे बताए गुर बच्चों के साथ उनके अभिभाभको के जीवन में बदलाव लाने मे सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबन्धन अच्छी व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। इसलिए समय-समय पर तरह क कार्यशाला आयोजित की जाती हैं। कार्यशाला का संचालन मनस्वी सेतिया ने किया।

इस दौरान श्वेता भल्ला चेतना भूटानी, प्रज्ञा मकानी, दीपिका बजाज, कनिका टुटेजा, आकांक्षा गेरा, रीना नामदेव, वर्षा शर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## चन्द्रशेखर के काफिले पर हुए हमले का किया विरोध, ज्ञापन सौंपा





**सहारनपुर।** अल्पसंख्यक समाज पर किये जा रहे अत्याचार और मथुरा की घटना में सांसद चन्द्रशेखर के काफिले पर हुए हमले के विरोध में आसपा कांशीराम के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा। जिसमें चन्द्रशेखर को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दिलाने की मांग की गई।

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उत्तर प्रदेश में वर्तमान भाजपा सरकार में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समाज के गरीब एवं कमजोर लोगों पर जान लेवा मारपीट, हत्या एवं बलात्कार और उत्पीड़न की घटनाएँ हो रही हैं। भाजपा सरकार घटनाओं को रोक नहीं पा रही है। इसी प्रकार की घटनाएँ मथुरा जनपद में पिछले पन्द्रह दिन के अन्दर तीन स्थानों पर घटित हुई है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को भीम आर्मी के चीफएवं आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नगीना से सांसद चन्द्रशेखर आजाद तीनों घटना स्थलों पर गये। घटना स्थल थाना सुरीर के पास पहुँचने से पहले ही चन्द्रशेखर आजाद के काफिले की गाड़ियों पर विरोधियों ने सुनियोजित तरीके से पुलिस की मौजूदगी में हमला बोल दिया। पुलिस के अधिकारी कुछ सुरक्षा व्यवस्था नहीं कर पाये। इतना ही नहीं पीड़ितों से मिलने के बाद लौटते समय भी पुनः हमलावरों ने पुलिस की मौजूदगी में ही हमला बोला। इन हमलों में गाड़ियों को तोड़ा गया और कई कार्यकर्ता गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में मांग की कि उप्र में राष्ट्रपति शासन लगाया जाये तथा कमजोर लोगों की सुरक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक कदम उठाये जाये और दोषी लोगों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये। ज्ञापन देने वालो में जिला अध्यक्ष रविन्द्र प्रधान, मंडल अध्यक्ष रविकांत धीमान, इं.डीपी सिंह, विकास कुमार, सचिन देव, विनोद कुमार, सचिन सहगज, आलोक समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा संपन्न

सहारनपुर। उप्र भवन एंव अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिये संचालित अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6 व 9 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुयी। सहायक श्रम आयुक्त अभिषेक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6 व 9 में प्रवेश के लिए राजकीय कन्या इण्टर कालेज में आयोजित परीक्षा में कक्षा 06 में 179 व कक्षा 9 में 151 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेशित बच्चों को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा के साथ निःशुल्क खाने व रहने की व्यवस्था, ड्रेस, पुस्तकें, शिक्षण-सामग्री, लेखन सामग्री, बच्चों को दैनिक प्रयोग की सामग्री, हास्टल से सम्बन्धित सामग्री आदि उपलब्ध करायी जाती है।

## मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 08 मार्च को

**सहारनपुर।** जिला उद्यान विभाग के तत्वावधान में औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र के प्रांगण में दो दिवसीय मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन आगामी 08 मार्च को किया जायेगा। जिला उद्यान अधिकारी गमपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर आयोजित मण्डलीय फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के स्टाल भी लगाये जायेगें तथा उद्यान विभाग के अधिकारियों के द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर औद्यानिक फसलों एवं पुष्पों के उत्पादन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के सन्दर्भ में भी वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी जायेगी। घरों में उपयोग होने वाले औद्यानिक पेय पदार्थ जैसे जैम, जैली, अचार, मुरब्बा अर्थात फल संरक्षण व प्रोसेसिंग के सन्दर्भ में स्टाल लगाये जाने वाले लघु उद्यमियों के द्वारा भी जानकारी प्राप्त करके लाभ उठा सकते हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर गौकश व हिस्ट्रीशीटर बदमाश गोली लगने से घायल

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस व चिलकाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में एक शातिर गौकश व हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये बदमाश के कब्जे से नाजायज असलाह, बाईक व गौकशी के उपकरण बरामद कर लिये तथा घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना सरसावा प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा, थाना चिलकाना प्रभारी कपिल देव, उपनिरीक्षक राजीव कुमार, महेश सिंह, संजीव यादव, नरेश कुमार व करण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अलीपुरा बम्बे की पुलिया पर वाहन चैकिंग के दौरान गांव बिडवी की ओर से बिना नम्बर की बाईक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये। पुलिस द्वारा उन्हें टॉर्च की रोशनी दिखाकर रूकने का इशारा किया, तो बाईक सवार दोनो व्यक्ति बाईक को वापिस मोड़ने लगे, तो बाईक फिसलकर गिर गयी। दोनो व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की, तो पुलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब हो गया। घायल बदमाश फैजान पुत्र इमरान कुरैशी निवासी मजहर हसन कस्बा थाना चिलकाना है। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी देहात श्री जैन ने बताया कि दबोचा गया बदमाश फैजान थाना चिलकाना का शातिर हिस्ट्रीशीटर व गैंग लीडर अपराधी है। जो थाना सरसावा से गौकशी, गैंगस्टर व पुलिस मुठभेड़ में वांछित चल रहा था। फैजान के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा व खोखा कारतूस, गौकशी के उपकरण एक बिना नम्बर की बाईक बरामद कर ली।

## शिविर में 300 लोगों ने कराया अपना स्वास्थ्य परीक्षण





**सहारनपुर।** शाकुंतलम वेलफेयर सोसाइटी के मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य जांच शिविर में 300 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर परामर्श व दवाइयां, चश्में वितरित किए गए। इस दौरान हैंड्स टू केयर संस्था द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में 50 व्यक्तियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

स्थानीय बाबा लाल दास रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन महापौर डॉक्टर अजय सिंह, पूर्व राज्य मंत्री संजय गर्ग, डॉ.राहुल सिंह डॉक्टर अजय सिंह, अखिलेश मित्तल और अध्यक्ष शरद भार्गव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में मेदांता हॉस्पीटल गुडगांव के न्यूरो सर्जन डॉ.आदित्य सिंघल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.सिद्धार्थ वार्ष्णेय, गैस्ट्रोलाजिस्ट डॉ. ईशान वंदन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सलिका अरोड़ा व अभिनव अरोड़ा समेत कैंसर व डायबिटीज रोग विशेषज्ञों ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, बोन डेंसिटी टेस्ट, चेस्ट एक्स-रे, फेफड़ों की जांच और ईसीजी कर लगभग 300 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान सैकड़ो नेत्र रोगियों को निःशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया। शिविर में महामंत्री तमन्ना खनिजो, अरविंद शर्मा, नंद किशोर तलवार, सुबोध खनिजों, गोपाल चोपड़ा, चंद्रशेखर ठकराल, करण आहूजा, आरती राज ठकराल, शालिनी चोपड़ा, गौरव अग्रवाल, शालिनी वर्मा, श्रीमती आशु जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## आगरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही, वाहन चोर गैंग का खुलासा कर किए 3 गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा पुलिस ने एक ऐसे गैंग का खुलासा किया है जो पलक झपकते ही दोपहिया वाहनों को गायब कर देता था। आगरा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से ये शातिर चोर दोपहिया वाहनों की चोरी किया करते थे और वाहन को पार्ट में काट कर बेच दिया करते थे। जिससे वाहन बरामद होनी की उम्मीद भी खत्म हो जाती थी और शातिर बड़े आराम से इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते थे। दोपहिया वाहन चोरी की होती घटनाओं के बाद पुलिस के शिकायत दर्ज हो रही थी।

जानकारी अनुसार थाना सदर क्षेत्र से बाइक चोरी हुई, वादी ने थाना सदर पर शिकायत दर्ज कराई कि घर से डायरी लेने गया था और जब वापस आया तो बाइक खड़ी नहीं मिली। पुलिस ने मामला दर्ज किया और चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस को वादी द्वारा सूचना मिली कि बाइक चोरी करने वाला जैसा व्यक्ति देखा गया है। इस सूचना पर एसीपी सदर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक मकान पर छापा मारा और एक संदिग्ध को कब्जे में लिया। पकड़े गए चोर से जब पूछताछ की तो उसकी निशानदेही पर चोरी की गई 25 से 30 बाइक के पार्ट बरामद हुए।

## महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या, खाली प्लाट में मिला शव

**आगरा।** ताजनगरी आगरा के ट्रांस यमुना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया में सोमवार सुबह एक खाली प्लॉट में बोरे में महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस घटना की सूचना पर ट्रांस यमुना थाना पुलिस पहुंची।

जानकारी अनुसार ट्रांस यमुना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया में सोमवार सुबह भाई ने अपनी बहन की गला काटकर हत्या कर शव को बोरे में बांधकर खाली प्लॉट में फेंक दिया और भाग गया। आस-पास के लोगों की सूचना देने पर पुलिस और परिवार के लोग पहुंच गए। घटना सुबह करीब 6 बजे की है, जहां टेढ़ी बगिया में रहने वाले रवि को कुछ लोगों ने एक खाली प्लॉट में एक बोरा फेंकते देखा। इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी गई। बोरा खोलने पर शव प्रताप सिंह की पत्नी 45 वर्षीय गीता का निकला जिसकी गला काटकर हत्या की गई थी।

## खुशखबरी! इजराइल, जापान एवं जर्मनी में युवक युवतियों के लिए नौकरी के अवसर

**आगरा।** सहायक निदेशक (सेवायोजन) चन्द्रचूड़ दुबे ने अवगत कराया है कि भारत सरकार एवं एनएसडीसी के संयुक्त प्रयास से इजराइल, जापान एवं जर्मनी में प्रदेश के प्रशिक्षित युवक-युवतियों के लिए होमबेस्ड केयरगीवर, पेशेन्ट केयर, केयरगीवर एवं नर्सिंग के पदों पर भर्ती की जा रही हैं। इजराइल में होमबेस्ड केयरगीवर के 5000 पदों के लिए 25 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवक युवतियां, जिनके पास न्यूनतम एक वर्ष से अधिक का अनुभव है, अर्ह होंगे। इसी प्रकार जापान में केयरगीवर एवं केयर टेकर के 50 पदों के लिये वांछित अर्हता तीन माह से अधिक का अनुभव रखने वाले 20 से 27 वर्ष आयु वर्ग के युवक युवतियां अर्ह होंगें। साथ ही जर्मनी में सहायक नर्स के 250 पदों के लिए 24 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवक युवतियां जिनके पास न्यूनतम एक वर्ष से अधिक का अनुभव है, अर्ह होंगे। वेतनसीमा लगभग रू0 1,16,976/-से 2,29,925/- प्रतिमाह तक होगी।

# राजकीय पॉलीटेक्निक, मनकेंड़ा एवं शमसाबाद में संयुक्त रूप से दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** विभागाध्यक्ष यॉन्त्रिक अभियांत्रिकी कुलदीप गुप्ता ने अवगत कराया है कि दो संस्था राजकीय पॉलीटेक्निक, मनकेंड़ा आगरा एवं संस्था राजकीय पॉलीटेक्निक, शमसाबाद आगरा का संयुक्त रूप से दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 एस0एच0 अब्बास, प्रधानाचार्य राजकीय पॉलीटेक्निक मनकेड़ा, आगरा उपस्थित हुए। स्वागतोपरान्त अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यकम प्रारम्भ किया गया। सफल विद्यार्थियों में उत्तीर्ण ब्रान्चवार प्रथम स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। जो इस प्रकार कि बैडमिन्टन सिंगल्स छात्र धीरेन्द्र गंगवार, मैकेनिकल इंजी0 प्रथम वर्ष, बैडमिन्टन सिंगल्स छात्रा समीक्षा, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 प्रथम वर्ष, बैडमिन्टन डबल्स छात्र धीरेन्द्र गंगवार, मैकेनिकल इंजी0 प्रथम वर्ष पियूष सिंह, सिविल इंजी0 प्रथम वर्ष, ऊँची कूद महेन्द्र सिंह, मैकेनिकल इंजी0 प्रोडक्शन द्वितीय वर्ष, लम्बी कूद महेन्द्र सिंह, मैकेनिकल इंजी0 प्रोडक्शन द्वितीय वर्ष, दौड़ 100 मीटर छात्र सौरभ पौनियाँ, सिविल इंजी0 द्वितीय वर्ष, दौड़ 100 मीटर छात्रा दीक्षा यादव, दौड़ 200 मीटर छात्र सौरभ पौनियाँ, सिविल इंजी0 द्वितीय वर्ष, डिस्कस थ्रो छात्र- सौरभ पौनियाँ, सिविल इंजी0 द्वितीय वर्ष, जैबलिन छात्र- सौरभ पौनियों, सिविल इंजी0 द्वितीय वर्ष, शॉटपुट छात्र- मनेन्द्र सिंह, मैकेनिकल इंजी0 प्रोडक्शन द्वितीय वर्ष, डिस्कस थ्रो छात्रा सोनम, बॉलीवाल छात्र छोटेलाल यादव, मैकेनिकल इजी0 तृतीय वर्ष की टीम प्रथम स्थान पर रही।

## एक दिवसीय माटीकला सेमिनार का आयोजन, खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये पॉपकार्न मशीन

**आगरा।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी नीतू यादव ने अवगत कराया है कि सोमवार को उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड आगरा द्वारा खादी और ग्रामोद्योग विकास एवं सतत स्वरोजगार नीति योजनान्तर्गत 60, नारायण विहार पश्चिमपुरी में पॉपकार्न मशीन, दोना पत्तल मशीन आदि टूल किट्स के वितरण एंव माटीकला उद्यमियों को नवाचार से परिचय कराये जाने के उद्देश्य से एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम खण्डेलवाल, विधायक उत्तर विधान सभा जनपद आगरा प्रतिनिधि राहुल जैन पं0 दीनदयाल मण्डल अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रवीना राजावत (पार्षद) डा0 गनेश कुशवाह, एकता श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम गाँधी जी की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एंव विशिष्ट अतिथि से माल्यार्पण कराते हुए उन्हे पुष्प गुच्छ एंव अंगवस्त्र देकर सम्मनित किया गया साथ ही अपने सम्बोधन में संचालित रोजगार परक योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। विशिष्ट अतिथि द्वारा अपने सम्बोधन में खादी से निर्मित कपडों मिट्टी के चलन के फायदे, रोजगार में वृद्धि, बेरोजगारी जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागो/संस्थाओं के माध्यम से संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का जिक्र करते हुए लोगो को माटीकला को बढ़ावा देने एंव ग्रामोद्योग के इकाईयों के विकास एवं विपणन के लिए प्रोत्साहित एवं प्रेरित किया गया।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में रेडक्रास की अहम भूमिका : आनंदी बेन पटेल

अवधनामा ब्यूरो



**महामहिम ने रक्तदान प्रभारी ज्ञानेन्द्र ओझा सहित 8 को सामाजिक कार्यों के लिए किया सम्मानित**

**गोरखपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान मे प्रबुद्ध वर्ग की नैतिक जिम्मेदारी तो है ही वहीं इस लोक कल्याण कार्य मे रेडक्रास की अहम जिम्मेदारी है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने एनेक्सी सभागार मे रेडक्रास गोरखपुर के तत्वाधान मे 200 क्षय रोग पीड़ितों मरीजों को पोषण पोटली वितरण एवं प्रबुद्ध वर्ग से संवाद कार्यक्रम सम्बोधित करते उन्होंने कही।

उन्होंने नशा मुक्ति अभियान के साथ ही टी बी मुक्त अभियान को और प्रभावी ढंग से आम जनता में जागरुकता पैदा करे,शत प्रतिशत गोद लिए जाने के बाबत उन्होंने आह्वान किया। राज्यपाल ने 200 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की टी बी मरीजों गोद लेने वाले 11 लोगों सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। महासचिव डॉ हेमा बिन्दु नायक ने रेडक्रास के दायित्व के बाबत विस्तार से चर्चा कर रेडक्रास वॉलंटियर्स का उत्साहवर्धन किया। सचिव अजय प्रताप सिंह ने रेडक्रास गोरखपुर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया एवं भविष्य की योजनाओं के राज्यपाल महोदया बिंदु वार प्रस्तुत की गयी। उपसभापति राज्य शाखा अखिलेन्द्र शाही ने आभार प्रकट कर सभी धन्यवाद ज्ञापित किया। गोरखपुर रेडक्रॉस के सभापति शिवेन्द्र विक्रम सिंह ने महामहिम राज्यपाल का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ दिनेश मणि त्रिपाठी ने किया।

रेडक्रास की तरफ से 51 सेट पुस्तक बच्चों के लिए राज्यपाल को संरक्षक सदस्य राम जन्म सिंह भेट किया। महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने रेडक्रॉस के रक्तदान प्रभारी ज्ञानेन्द्र ओझा सहित 5 अन्य को उनके टी बी मुक्त अभियान, रक्तदान आदि सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में रेडक्रास के पदाधिकारी विशाल जायसवाल, नागेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, डॉ भानु प्रताप सिंह, डॉ अवधेश शुक्ल, डॉ प्रियंका यादव, ज्ञानेन्द्र ओझा, संगीता राय, लक्ष्मी प्रजापति, आदित्य निगम इमरान एहसान डॉ राकेश कुमार उमेश चौधरी, राकेश सिंह सहित भारी तादात मे रेडक्रास वॉलंटियर उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ में बिना रोक टोक फर्राटे मार रहे बिना नंबर के डंपर व ओवर लोड ट्रक

**अलीगढ़।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि बिना परमिट की बसें सड़कों पर न चलने पाएं। डग्गामार वाहनों एवं ओवरलोडेड ट्रकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। दूसरे प्रदेश से आने वाले बिना परमिट के वाहनों को बॉर्डर पर रोकें। हालांकि अभी तक जनपद में ऐसा होता नहीं दिखा और आगे का पता नहीं। दरअसल जनपद में आए दिन सड़क दुर्घटनाओं के होने के बावजूद ट्रैफिक पुलिस व आरटीओ नींद से नहीं जाग रहा है। आलम यह है कि आए दिन शहर में बिना नंबर की डंपर सड़कों पर दौड़ते दिख रहे हैं तो कभी ओवर लोड डंपर वा ट्रक नो एंट्री में देखे जा सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस की बात करे तो वह चालान के नाम पर जनता को परेशान करने में व्यस्त रहते हैं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने त्यौहारों में मिलावट पर दिखाई सख्ती

### शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने वालों को मिलेगा सम्मान : असिस्टेंट फूड कमिश्नर

**शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने वालों को मिलेगा सम्मान : अ. फूड कमिश्नर**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी पर सख्ती बरतने का फैसला किया है। इसी क्रम में असिस्टेंट फूड कमिश्नर सुधीर सिंह ने खोवा मंडी में खाद्य सामग्री बेचने वाले व्यापारियों के साथ जागरूकता बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान अगर किसी व्यापारी द्वारा मिलावटी सामग्री बेची गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने व्यापारियों को बताया कि सरकार की मंशा है कि आम जनता को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिले, ताकि वे त्योहारों का आनंद बिना किसी स्वास्थ्य जोखिम के उठा सकें। इसके लिए जरूरी है कि व्यापारी स्वयं भी खाद्य सामग्री की शुद्धता सुनिश्चित करें और मिलावट से बचें।

सुधीर सिंह ने यह भी घोषणा की कि शुद्ध सामग्री बेचने वाले व्यापारियों को विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके विपरीत, अगर कोई मिलावट करता पाया गया, तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में खोवा मंडी के व्यापारियों ने भी सहमति जताते हुए भरोसा दिलाया कि वे मिलावट को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। व्यापारियों ने कहा कि वे शुद्ध सामग्री बेचकर न केवल ग्राहकों का विश्वास जीतेंगे, बल्कि विभाग द्वारा सम्मान भी प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। खाद्य विभाग की इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि त्योहारों के दौरान गोरखपुर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में सुधार होगा और मिलावट पर प्रभावी रोक लग सकेगी।

## एएमयू के प्रौढ़ शिक्षा केंद्र द्वारा सामाजिक कार्य और व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान आयोजित

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सतत एवं प्रौढ़ शिक्षा एवं विस्तार केंद्र द्वारा 'सामाजिक कार्य और व्यक्तित्व विकास' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. नसीम अहमद खान ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो. खान ने सामाजिक कार्य के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह एक तनावपूर्ण और चुनौतीपूर्ण कार्य हो सकता है, जिसमें कई बार दुविधा, टकराव और मानसिक दबाव जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने बताया कि सकारात्मक सोच अपनाने से भावनाओं को नियंत्रित करने, अपने कार्यों पर चिंतन करने और आवश्यक समर्थन प्राप्त करने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्य में गलतियाँ और असफलताएँ अपरिहार्य होती हैं, लेकिन इन्हें सीखने के अवसर के रूप में देखना चाहिए। अपनी गलतियों को स्वीकार करना, उनका विश्लेषण करना, प्रतिक्रिया लेना और सुधारात्मक योजना बनाना व्यावसायिक विकास के लिए आवश्यक कदम हैं।

# दस्यु सुंदरी कुसुमा का पैतृक गांव में अंतिम संस्कार वर्चस्व कायम करने के लिए किया था नरसंहार

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** डकैत विक्रम मल्लाह, श्रीराम लालाराम, फक्कड़ बाबा गिरोह में रही एवं कई माह से बीमार चल रही दस्यु सुंदरी कुसुमा नाइन की लखनऊ में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जनपद के थाना कुठौंद के ग्राम कुरौली की कुख्यात सदस्य सुंदरी कुसमा नाइन का अंतिम संस्कार पति केदार ने अपने गांव में कुरौली में किया।

65 वर्षीय कुसुमा नाइन वर्तमान में इटावा जेल में उम्रकैद की सजा काट रही थी। उसने वर्ष 2004 में मध्यप्रदेश के रावतपुरा धाम में दस्यु सरगना रामआसरे फक्कड़ के साथ आत्मसमर्पण किया था। जनपद जालौन के सिरसा कलार थाना अंतर्गत ग्राम टिकरी मुस्तकिल निवासी दस्यु सुंदरी का विवाह पिता डरू व परिजनों ने कुठौंद थाना क्षेत्र के कुरौली गांव निवासी केदार के साथ कर दी थी। लेकिन कुसमा गांव के ही माधव से प्यार करती थी। माधव से प्यार की यह कहानी अपने पति केदार को भी यह बात बताई। एक दिन विक्रम मल्लाह गैंग के साथ माधव आया और में रात में कुसमा को जबरन उठाकर ले गया। केदार ने कई बार कुसमा से संपर्क करना चाहा,लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद करीब बीस वर्ष बाद कुसमा केदार से मिली और उससे दूसरी शादी करने की सलाह दी। कुसमा ने ही प्रयास करके कुंती नामक लड़की से केदार की दूसरी शादी करा दी थी और वह बीहड़ के क्षेत्र में स्वतंत्र होकर अपना साम्राज्य चलाने लगी। केदार को कुंती से तीन लड़के



शैलेंद्र, रविंद्र व लाली हुए। वर्ष 2004 में जब कुसमा ने फक्कड़ बाबा के साथ पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया, तब से केदार व उनके परिजन जेल में कुसमा से मिलने जाते रहे। करीब 15 दिन पहले बड़े बेटे शैलेन्द्र को जानकारी मिली कि कुसमा की तबीयत ज्यादा खराब है यह जानकर शैलेंद्र लखनऊ चला गया और वहां वर्तमान में भी वही था। रविवार की रात्रि में कुसुमा नाइन का शव पैतृक गांव कुरौली पहुंच गया। कुसमा का शव कुरौली गांव पहुंचते ही लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ऐतिहातन गांव में भारी पुलिस बल भी तैनात हो गया। लोगों ने बताया कुसुमा 47 साल पहले शादी के जोड़े में व्याह कर आई थी और आज कफन मे लिपट कर लौटी है। कुसमा के पति केदार ने अपने खेत पर अंतिम संस्कार किया। इस अवसर पर केदार एवं उसके तीनों पुत्र तथा गांव के लोगों के चेहरे पर दुःख की स्पष्ट झलक देखी जा सकती थी।

# एनएसएस शिविर के तहत चलाया जागरूकता सर्वे अभियान



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत गुरु गोरखनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन नशामुक्ति, पर्यावरण सुरक्षा आदि विषयों पर मानीराम, बालापार और बैजनाथपुर ग्रामों में ग्रामीणों के बीच जागरूकता सर्वे अभियान चलाया गया। साथ ही अतिथि व्याख्यान का क्रम भी जारी रहा। अतिथि व्याख्यान में डॉ. अपर्णा पाठक ने संचार कौशल तथा मानसिक विकास विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनोविज्ञान आपकी मानसिक स्थिति तथा संचार कौशल के बारे में है द्य आप अगर किसी की सहायता कर रहे हैं तो आपको भी सकारात्मक यादाश्त आएगी। उन्होंने कहा कि विश्वास, आदर, तथा गरिमा हमारी जीवन की महत्वपूर्ण कड़ियां है जिससे हम अपने जीवन को सरल तथा सुखी बना सकते हैंद्य शिविर आयोजन में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम, डॉ. चैतन्या, डॉ. यास्मीन, डॉ. विनम्र, डॉ. मिनी, डॉ. अर्जुन, डॉ. गोपीकृष्ण, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वैशाख, डॉ. श्रीनाथ एवं आचार्य साध्वी नंदन पांडेय, समीक्षा भारद्वाज और राष्ट्रीय सेवा योजना की अष्टावक्र, भारद्वाज और आत्रेय इकाई के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।


## न्यायालय सूचना

अदालत प्रथम अपर सिविल जज सीनियर डिविजन सहारनपुर। मुतफारिक नम्बर 55 सन 2024 1. श्रीमति नजमा विधवा स्व0 मौ0 फारूख 2 गुफरान पुत्रगण स्व0 मौ0 फारूख 3. फरहान 4. सुलतान 5. मेहरबान 6. आमान 7 श्रीमति फरहाना पुत्री स्व0 मौ0 फारूख 8. कु0 सहराना पुत्री स्व0 मौ0 फारूख 9. कु0 साहिबा पुत्री स्व0 मौ0 फारूख समस्त निवासीगण मौहल्ला मालियान शहर सहारनपुर। प्रार्थीगण...(बनाम) 2-श्री विनय राय अग्रवाल पुत्र धनवन्त राय अग्रवाल निवासी 10, मन्दाकनी विहार, जैन कॉलेज रोड सहारनपुर। 3/1- श्रीमति उषा रानी विधवा राजेश कुमार 3/5-पंकज पुत्र स्व0 राजेश कुमार समस्त निवासीगण मौ0 पठानपुरा सहारनपुर हाल निवासी 55 गांधी रोड, देहरादून (उत्तराखण्ड) विपक्षीगण हरगाह मुद्दाअलेह मजकूरूस्सदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुसूल मुशहर मंसूखी डिग्री एकतर्फी मौरिखा जो मुकदमा मजकूरूस्सदर में सादिर हो चुकी पेश की है। लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में दि.05 माह 03 सन 2025 ई0 असालतान या बजरिये वकील अदालत हाजा या बजरिये मुख्तार मजाज हस्ब जाब्ता वाकिफ हाल मुकदमा के हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करे कि नाम बुर्दवह की दरख्वास्त क्यो न मन्जूर की जाये। मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत से आज 3 माह 3 सन 2025 को जारी हुई।

**आज्ञा से (मुसरिम) प्रथम अपर सिविल सी डी सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश महोदय, सहारनपुर। लघु वाद संख्या 613 सन् 2025 इस्लामुद्दीन पुत्र हाजी नेकख्याल निवासी मोहल्ला आली आहनग्रान, निकट एक मीनारा मस्जिद शहर सहारनपुर...वादी(बनाम) डा0 जुलकरनैन (मृतक दौरान वाद) 1/1 मौ0 साहिल 1/2 मौ0 शाहिद 1/3 मौ0 आरिश 1/4 मौ0 अर्शी पुत्रगण डा0 जुलकरनैन समस्त निश मौ0 इन्द्रा चौक, साबरी का बाग, परगना तहसील व जिला सहारनपुर। 1/5 तलत फात्मा पुत्री जुलकरनैन पत्नि दानिश अली निवासी औखला बिहार जामिया नगर, न्यू फैन्डस कालोनी, साऊथ दिल्ली। 1/6 बुशरा प्रवीन पुत्री जुलकरनैन पत्नि अहतेशाम निवासी आजाद कालोनी चौक,तह. व जिला सहारनपुर (प्रतिवादी) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुकम होता है कि आप 25-03-2025 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके हाज़िर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजकरों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जमला गवाहों को जिनकी शहदत पर नाज तमाम दस्तावेज को जिन पर आप सभी जवाबदेही के ताहिद इस्तेमाल कराना चाहते हो पेश करे आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजरी आपके समात और फैसला होगा मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के 2.3.2025 को जारी किया गया है।

**आज्ञा से लघुवाद न्यायधीश**


## पीडीए जागरूकता सभा का आयोजन



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 03/03/2025 को पी डी ए कार्यक्रम सेक्टर नंबर 5 में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन महिला सभा सदर विधानसभा महासचिव राखी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान अगर किसी ने किया है तो समाजवादी पार्टी ने। चाहे वह समाजवादी पेंशन हो चाहे कन्या विद्याधन और गरीबों मजलूम की आवाज बनकर समाजवादी पार्टी के लोग हमेशा उनकी बात करते हैं। कार्यक्रम का संचालन मुख्तार आलम ब्लॉक अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला अध्यक्ष महिला सभा सुल्छणा सिंह, जिला सचिव शिव शंकर शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष महिला सभा संजू यादव, छात्र सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अखिल कठेरिया आदि के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## चंद्रशेखर आजाद पर हमले को लेकर सौंपा ज्ञापन



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना क्षेत्र सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद पर 28 फरवरी 2025 को हुए जानलेवा हमले व गाड़ियों पर पथराव, बहुजन समाज पर हो रहे अत्याचार के विरोध में राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौप दिया गया। जिसमें सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा बढ़ाने की मांग, मृतकों को 25 लाख रुपए मुआवजा तथा घायलों को 5 लाख मुआवजा की मांग, देश में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग , हत्यारोपियों ब हमलावरों और दोषीओ पर सख्त कार्रवाई की मांग तथा CBI जांच की मांग, आए दिन हो रही उत्तर प्रदेश में घटना पर काबू करने के लिए सख्त कानून की व्यवस्था की मांग शामिल रही।

## सुनायां स्कूल के 10 बच्चे राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में कोंच खंड शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनायां के 10 बच्चों ने एक साथ सफलता अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन किया। जनपद का यह पहला विद्यालय है जहां एक साथ इतने बच्चे सफल हुए हैं। माह नवंबर में राष्ट्रीय स्तर पर कक्षा 8 में पढ़ने वाले बच्चों के लिए आयोजित उक्त परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनायां के बच्चे नैतिक, शिवम, आयुष, अनुष्का, ऋतिक, तनु, अंजुम, कार्तिक, कशिश और सत्यम सफल हुए हैं। इन सभी बच्चों को अग्रिम कक्षा 9 और 10 में 12 हजार एवं कक्षा 11 और 12 में 15 हजार रुपए प्रति वर्ष दिए जाएंगे।विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक रमेश कुमार, सहायक अध्यापक दिनेश नामदेव एवं अध्यापिका मनु दुवे ने इन बच्चों सम्मानित कर आशीर्वाद दिया। बता दें कि उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनायां सरकारी विद्यालय है लेकिन शिक्षकों द्वारा बच्चों को कॉन्वेंट स्कूल जैसी शिक्षा दी जा रही है। जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चे हर वर्ष किसी न किसी बड़ी परीक्षा में सफल होते हैं।



# डीएम ने नौरंगीलाल इंटर कॉलेज में स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं का किया वर्चुअली निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा सोमवार को नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भ्रमण कर यूपी बोर्ड परीक्षा का वर्चुअली निरीक्षण किया गया। डीएम ने कहा कि जिले में यूपी बोर्ड परीक्षाओं की पवित्रता एवं शुचिता बनाए रखने के लिए केन्द्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरिक्षकों के साथ ही सीसीटीवी के माध्यम से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराया जा रहा है।



निरीक्षण के दौरान सभी ऑपरेटर सीसीटीवी स्क्रीन के माध्यम से बोर्ड परीक्षा पर पैनी नजर रखते हुए मिले। डीएम ने 1508 आरपीएस इंटर कॉलेज महेशपुर-जमालपुर एवं 1565 श्री राम स्मारक इंटर कॉलेज ऐदलपुर फतेहगढी खैर में आयोजित परीक्षा का वर्चुअल निरीक्षण कर केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कन्ट्रोल रूम प्रभारी को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए ताकि ससमय प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जा सके। कंट्रोल रूम प्रभारी हृदेश कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रधानाचार्य नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज के दिशा निर्देशन में कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सभी 138 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि कन्ट्रोल रूम टीम द्वारा तीन शिफ्ट में 24 घंटे कन्ट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है। कन्ट्रोल रूम के सुचारू रूप से संचालन के लिए विद्युत के साथ ही इनवर्टर, जेनरेटर एवं सोलर लाइट की भी व्यवस्था उपलब्ध है।

## नंदबाबा सम्मान समारोह का आयोजन

**उरई (जालौन)।** नदीगांव ब्लॉक के ग्राम जरा में पराग दुग्ध संघ झांसी मंडल झांसी द्वारा नंदबाबा पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उप्र गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के मुख्य आतिथ्य, एसडीएम ज्योति सिंह के विशिष्ट आतिथ्य एवं दुग्ध संघ के मंडल अध्यक्ष प्रदीप सरावगी की अध्यक्षता में संयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा कान्हा के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं गोपूजन कर किया गया। गोसेवा आयोग के अध्यक्ष ने तीन दूधियों रामअवतार न्यामतपुर समिति महेवा, नवाब सिंह धमना समिति कदौरा और सरोज देवी बाबली समिति नदीगांव को 5100-5100 रुपए की सम्मान राशि के साथ ही नंदबाबा की गोचारण करते हुए पीतल की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ्य जीवन के लिए हर घर में एक गाय होनी चाहिए।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग
## जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रीक /781/ई.ई.-6/एल0जे0एस0 2024-25 दिनांक 03/03/2025

### अल्प कालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 10/3/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन 6 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनोंक 10/03/2025 को अधिशासी अभियन्ता, जोन 6 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 10/03/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, जोन 6 के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशिन | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Repaining of 12 Nos submersible pump at different Places of Balaganj Ward Alamnagar Ward, Haidergang Ward, Sadatganj Ganj Ward and Kanhiya Madhopur Ward. Lko | 3300.00 | Rs. 200 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जान-6
जलकल विभाग, नगर निगम
लखनऊ


# मुस्कान इंस्टिट्यूट वार्षिकोत्सव की प्रस्तुतियों ने मोह लिया सबका मन, नर्सो को समझाया गया मरीज के प्रति सेवा का भाव और कर्तव्य

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के डिटोरियम में प्रभावपूर्ण प्रस्तुतियों से अतिथि और दर्शक मन्त्र मुग्ध होकर कला के आकर्षण में बंधे रह गए। प्रस्तुतियों ने लम्बा सफर तय किया, अविस्मरणीय और बहुत दर्शनीय। समारोह में संस्कृति, कला और ज्ञान की त्रिवेणी बही तो फिर अविरल होकर बहती रही। मुस्कान इंस्टिट्यूट आफ नर्सिंग कॉलेज के वार्षिक उत्सव को कॉलेज के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से आकर्षक बना दिया।

इस दौरान भारतीय संस्कृति के साथ संवाद और नृत्य में कला क्षमता के उदाहरण प्रस्तुत होते चले गए। दीप प्रज्ज्वलन के बाद खुशी तिवारी द्वारा गणेश स्तुति में भारतीय शैली के साथ नृत्य किया वह बहुत प्रभावशाली रहा। नृत्याँगना की भाव भंगिमाएं हाथ -पैरों की थिरकन के साथ बदल रही थीं। इसके बाद कई सोलो और डुएट डांस ने अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी।



वृद्धाआश्रम में बेटे के इंतजार में उसकी माँ की करुण कहानी तथा समाज में लड़की होने की कठिनाइयों ने तो सभी को रुला दिया।

बीएससी के नये छात्रों की ओर से कैण्डल के साथ ली गई शपथ के बाद एकल और युगल नृत्यों ने खूब तालियाँ बटोरी। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि रोगियों की देखभाल में नर्सो की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। एक नर्स किसी माँ के समान बिना किसी लालच के मरीज की देखभाल करती है। नर्स का रोल डाक्टर से कहीं बढ़कर होता है। उन्होंने कहा कि कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ बहुत अच्छी रहीं।

प्रमुख अतिथि भाजपा की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि प्रगति के लिए अनुशासन, संस्कार बहुत आवश्यक है। बड़ी मेहनत के बाद बच्चे अच्छे बन पाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। किसी को सब कुछ मिल सकता है पर माँ दोबारा नहीं मिल सकती। इसलिए संतानों को माँ के प्रति हमेशा श्रद्धावनत रहना चाहिए। संस्था के निदेशक डा. अंकुर शुक्ला ने कहा कि उनकी यात्रा महज 36 बच्चों के साथ हुई थी जो आज बढ़कर 840 तक पहुँच गई है। कठिन मेहनत हुई। अनुशासन के साथ उच्च स्तरीय शिक्षा का उद्देश्य आरम्भ से है। चीफ प्रोक्टर डॉ रेहान सिद्दीकी तथा कार्यकारी निदेशक देवेंद्र शुक्ला ने संस्था के विकास और इसके लक्ष्य को सामने रखा। कहा कि प्रतिभा को अगर बढ़ने के लिए एक राह की भी जरूरत होती है, वह काम हम करना चाहते हैं। महा मंडलेश्वर सिद्धराम दास जी और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरविन्द त्रिवेदी ने युवा वर्ग को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान खेलकूद, क्विज, शतरंज, मेहंदी, रस्साकसी, खो खो, कबड्डी के खिलाडियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिन विद्यार्थियों ने समारोह के दौरान अपनी उचित भूमिका निभाई उन्हें भी सम्मानित किया गया। संचालन मृदुल दाँतरे ने किया।


## कार्यालयः अधिशासी अभियंता जोन-7
## इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ।

प0सं0- 213/एल0जे0एस0/ईई-7 दिनांक-03-03-2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक- 10.03.2025 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक- 10.03.2025 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सांयकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत मकान नं0-17/876 इन्दिरा नगर के सामने पार्क में लगा 1.5 एचपी समरसेबिल पम्प रिबोर का कार्य। | 200.00 | 3300.00 |
| 02 | जोन-7 के अन्तर्गत मकान नं0-आई-8 सर्वोदय नगर, लिबर्टी कालोनी पानी की टंकी के पास, सर्वोदय नगर कुर्माचंल नगर, मकान नं0-ई32 सर्वोदय नगर, बी-65 सर्वोदय नगर एवं आई-60 सर्वोदय नगर इन्दिरा नगर के पास 140 एमएम डाया की पी0वी0सी0 पाइप लाइन मरम्मत का कार्य। | 200.00 | 2500.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

अधिशासी अभियन्ता जोन-7
जलकल विभाग

# युवा महिला ग्राम प्रधान द्वारा शुरू की गई कन्यादान सहयोग योजना क्षेत्र में चर्चा



अवधनामा संवाददाता

**बीकापुर -अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र से अमावां ग्राम पंचायत में निर्वाचित हुई युवा महिला ग्राम प्रधान सिद्दीकी उम्मे हबीबा द्वारा शुरू की गई ÷कन्यादान सहयोग योजना÷ की क्षेत्र में चर्चा है। ग्राम प्रधान सिद्दीकी उम्मे हबीबा एवं उनके पति मोहम्मद मोबीन सिद्दीकी द्वारा प्रधान निर्वाचित होने के बाद पिछले 4 वर्षों से अपने निजी कोष से ग्राम पंचायत में आयोजित हो रही गरीब कन्याओं की शादी में आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में अमावा ग्राम पंचायत के निवासी दो कन्याओं की शादी के लिए परिजनों को प्रधान पति मोहम्मद मोबीन ने 10-10 हजार रुपए सहयोग राशि का चेक प्रदान किया गया। प्रधान पति मोहम्मद मोबीन सिद्दीकी द्वारा शादी के पूर्व उनके घर पहुंच कर आर्थिक सहायता का चेक दिया गया। अमावा गांव निवासी सुनीता पाल पुत्री हरीराम पाल का विवाह 6 मार्च को सुनिश्चित हुआ है। जबकि काजल पुत्री सुखराम का वैवाहिक कार्यक्रम 2 मार्च को आयोजित हुआ है। प्रधान पति द्वारा दोनों के परिजनों को उनके घर पहुंच कर विवाह के लिए सहयोग राशि का चेक प्रदान किया गया। अमावा ग्राम पंचायत निवासी मोहम्मद मोबीन सिद्दीकी द्वारा पत्नी सिद्दीकी उम्मे हबीबा के पहली बार ग्राम प्रधान निर्वाचित होने के बाद अपने निजी कोष से कन्यादान सहयोग योजना शुरू की गई है। अब तक उनके द्वारा ग्राम पंचायत के करीब तीन दर्जन बेटियों की शादी में कन्यादान सहयोग राशि दी जा चुकी है। मोहम्मद मोबीन द्वारा पंचायत चुनाव के दौरान मतदाताओं से पत्नी के ग्राम प्रधान निर्वाचित होने पर आगामी 5 वर्षों तक ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाली बेटियों की शादी के लिए 10,000 रुपए सहयोग के रूप में कन्यादान सहयोग राशि देने का वायदा किया गया था। पत्नी सिद्दीकी उम्मे हबीबा के ग्राम प्रधान निर्वाचित होने के बाद चुनाव के दौरान किया गया वायदा उनके द्वारा पूरा किया जा रहा है। क्षेत्र के जागरूक लोगों द्वारा ग्राम प्रधान और उनके पति द्वारा शुरू की गई कन्यादान सहयोग योजना की सराहना की जा रही है। और अन्य प्रधानों को भी इससे प्रेरणा लेने की बात कही जा रही है।

## राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज कैंपस में 33 करोड़ से अधिक की लागत से बन रहा 110 बेड का ट्रॉमा सेंटर

**अयोध्या।** सीएम योगी के मार्गदर्शन में रामनगरी स्वास्थ्य क्षेत्र में भी दिनोदिन समृद्ध हो रही है। घटना-दुर्घटना में विपरीत परिस्थिति आने पर अयोध्या को अब लखनऊ पर आश्रित नहीं रहना होगा, बल्कि सभी सुविधाएं यहीं मिल जाएंगी। गंभीर से गंभीर मरीजों का इलाज भी यहीं हो सकेगा। इसके लिए अयोध्या के राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। जून 2025 तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। यहां एक ही छत के नीचे सारी अत्याधुनिक सुविधाएं मिल जाएंगी। 33 करोड़ से अधिक की लागत से हो रहा निर्माण, 80 फीसदी कार्य पूरा राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण 33 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कराया जा रहा है।

# रमजान माह और आगामी पर्वों की तैयारियाँ, पर्वों को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे




अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि चन्द्र दर्शन के अनुसार 01 मार्च से रमजान का माह प्रारम्भ हो गया है। इस दौरान इस्लाम धर्मावलम्बी प्रतिदिन मस्जिदों में तरावीह, रोजा अफ्तार कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे, और 05 वक्त की नमाज अदा की जाएगी। इसके अलावा, ईद-उल-फितर का त्यौहार 31 मार्च को मनाया जाना संभावित है। रमजान के अंतिम शुकवार (जमातुलविदा) 28 मार्च को पड़ेगा, और शिया समुदाय द्वारा 19वीं, 20वीं और 21वीं रमजान को जूलूस भी निकाले जाएंगे।नगर में प्रमुख रूप से सुन्नी समुदाय ईदगाह सिविल लाइन और शिया समुदाय इमामबाड़ा राठहवेली, अयोध्या में सामूहिक रूप से नमाज अदा करेंगे। यह पर्व जनपद के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह के साथ मनाया जाता है, और लोग एक-दूसरे को गले मिलकर परंपरागत रूप से बधाई देते हैं। अयोध्या धाम का चैत्र राम नवमी मेला 30 मार्च से प्रारंभ होकर 07 अप्रैल तक चलेगा, और होली का पर्व 14 मार्च को मनाया जाएगा। इन पर्वों को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। नगर मजिस्ट्रेट और उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस और संबंधित विभागों के साथ मिलकर शांति समिति की बैठकें करेंगे और विवादों का समाधान समय रहते करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अस्पतालों और पीएचसी/सीएचसी में आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। विशेष रूप से रमजान के अंतिम शुक्रवार और ईद-उल-फितर के दिन चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। नगर निगम, विद्युत विभाग, जल निगम और अन्य संबंधित विभाग पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे, जैसे चूना छिड़काव, सफाई, जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति और मार्गों की मरम्मत। साथ ही, जनपद के सभी अधिकारियों और संबंधित विभागों द्वारा पर्व की तैयारियों के तहत समन्वय बनाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जाएगी।इस सब के बीच, कार्यालय नगर मजिस्ट्रेट अयोध्या (05278-223753) को कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जिससे सभी प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी।

# पुलिस पर पथराव करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** आंवला थाना क्षेत्र में पुलिस पर हमला करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था और उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। यह घटना 1 मार्च 2025 की शाम रामनगर रोड स्थित अनमोल डेयरी के पास हुई, जब पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार कुछ लोग वहां से गुजरे। पुलिस को देखकर वे रुक गए और सुरजीत ने पुलिस से बहस और अभद्रता करने लगा। पूछताछ के बाद वह वहां से चला गया, लेकिन कुछ समय बाद अपने भाई रमन, जितेंद्र और चाचा धर्मसिंह के साथ वापस आया। चारों ने मिलकर पुलिस टीम पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया, जिससे पीआरवी में तैनात पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। घटना की गंभीरता को देखते हुए आंवला थाना पुलिस ने सुरजीत, रमन बाबू, जितेंद्र और धर्मसिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया। 2 मार्च 2025 की शाम मुखबिर की सूचना पर ग्राम फुंदननगर के प्राथमिक विद्यालय के पास से चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह, दरोगा बिहारी लाल, अश्विनी शर्मा कांस्टेबल हरेन्द्र कुमार और मोहम्मद हसीब शामिल रहे।

## अवध विवि में स्वर्ण जयंती समारोह का किया गया रिहर्सल

### समारोह की अध्यक्षता करेगी राज्यपाल व मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रजनी तिवारी



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय 04 मार्च को अपने स्वर्ण जयंती समारोह मनायेगा। समारोह की भव्यता के लिए कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता मे दोपहर में रिहर्सल किया गया। रिहर्सल की शुरूआत कुलपति ने अधिकारियों एवं संयोजकों के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में मिलेट्स फूड, विभाग प्रगति एवं अवधी चित्रकला में राम की तैयारियों का अवलोकन किया। इसके उपरांत कुलपति ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल एवं मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रजनी तिवारी के स्वर्ण जयंती पर आगमन के दृष्टिगत स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में प्रस्थान का रिहर्सल किया गया। प्रेक्षागृह में छात्र-छात्राओं द्वारा वन्देमातरम, कुलगीत एवं कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि का स्वागत व कुलपति द्वारा स्वागत उद्बोधन का रिहर्सल किया गया। इस आयोजन में राज्यपाल के द्वारा स्वर्ण जयंती पुस्तक का विमोचन होगा जिसका कुलपति द्वारा रिहर्सल हुआ। इस समारोह में कुलाधिपति द्वारा नवनिर्मित सरदार पटेल भवन का मंच से आनलाइन लोकार्पण व सर्वश्रेष्ठ पांच आगंनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कृत किए जायेंगे। इसके अलावा स्वस्थ आगंनबाड़ी बालक बालिका तथा गोद लिए गए गांव के विद्यालयीय एवं महाविद्यालयों के प्रतिभागियों को विभिन्न प्रतियोगिता के आधार पर और स्नातक एवं परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ को पुरस्कृत किया जायेगा। इसका भी रिहर्सल किया गया। इसके उपरांत कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम का भेट करने का रिहर्सल हुआ। समारोह का संचालन प्रो0 एसएस मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव उमानाथ द्वारा किया गया। समारोह का समापन छात्र-छात्राओं के राष्ट्रगान के रिहर्सल से किया गया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे स्वर्ण जयंती समारोह शुरू हो जायेगा। आमंत्रित आंगन्तुक आमंत्रित कार्ड व एक पहचान-पत्र के साथ प्रेक्षागृह में स्थान ग्रहण करना होगा।

## आबकारी का लाटरी 6 मार्च को

**महराजगंज।** आबकारी दुकानों के वर्ष 2025-26 के व्यवस्थापन हेतु प्रथम चरण की ई-लाटरी 6 मार्च को कलेक्ट्रेट परिसर में होगा। प्रस्तावित है। ई-लाटरी 04 बजे से अपरान्ह 05ः45 बजे तक सम्पन्न की जायेगी। ई-लाटरी स्थल के सम्पूर्ण परिसर में केवल आवेदक को ही प्रवेश दिया जायेगा। पहचान हेतु आवेदक का ई-लाटरी पोर्टल से निर्गत फोटोयुक्त पंजीकरण स्लिप मान्य होगा। प्रत्येक व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी की जायेगी कोई भी व्यक्ति शस्त्र या अन्य असलहा लेकर ई-लाटरी परिसर में प्रवेश नही करें। महिला आवेदक की तलाशी महिला पुलिस कर्मियों द्वारा की जायेगी।

## सिसवा आईपीएल शुगर ने किया गन्ना भुगतान

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** आईपीएल शुगर मिल द्वारा वर्तमान सत्र में खरीदे गए गन्ना मूल्य का कुल 67.77 करोड़ का भुगतान गन्ना किसानों के खातों में भेज दिया गया है। मिल के यूनिट हेड संदीप पवार, गन्ना प्रबंधक धीरज सिंह व उप प्रबंधक विकेंद्र सिंह राणा ने संयुक्त रूप से बताया कि मिल द्वारा सत्र 2024-25 में 14 फरवरी 2025 से 19 फरवरी 2025 तक खरीदे गए 01 लाख 29 हजार कुंतल गन्ने का मूल्य 4 करोड़ 75 लाख 52 हज़ार रुपये सहित कुल मूल्य 67 करोड़ 67 लाख 77 हज़ार रुपए का भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया गया है।

## सर्राफा व्यापारी से जेवरात लूटने वाले आरोपी की मुठभेड़ में हुआ घायल



अवधनामा संवाददाता

**घुंघटेर बाराबंकी।** 14 दिन पूर्व सर्राफा व्यापारी से लूट करने वाले आरोपी की पुलिस से हुई मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बाइक व अवैध असलाह बरामद किया। जानकारी के मुताबिक थाना घुंघटेर क्षेत्र में बीती रात 21 फरवरी को घुंघटेर क्षेत्रान्तर्गत टिकरा मोड़ रामनगर के पास से आभूषण व्यापारी अंकुर सोनी पुत्र विजय सोनी निवासी टिकैतगंज थाना कुर्सी से तमंचा दिखाकर लूटकर भाग गये थे। जिसके बाद पुलिस ने लुटेरे को गिरफ्तार करने के लिये अभियान चलाया गया जा रहा था। बीती रात्रि को स्वाट/सर्विलांस तथा प्रभारी निरीक्षक घुंघटेर मय हमराह पुलिस बल के साथ ग्राम पिंडसावां में बाबागंज टिकैतगंज रोड पर चेकिंग की जा रही थी कि दो संदिग्ध व्यक्ति एक मोटर साइकिल से टिकैतगंज की तरफ से आते दिखायी दिये, पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, परन्तु बदमाश वाहन की गति तेज कर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करते हुए रुकने को कहा गया तो गिरफ्तारी से बचने हेतु बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई । पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग से बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया तथा दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। *घायल अभियुक्त शुभम तिवारी उर्फ शिवम तिवारी पुत्र सुशील तिवारी उर्फ सुनील तिवारी निवासी पिपरी माझा थाना कटरा बाजार जनपद गोंडा को गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। पुलिस तीन ने गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय एक खोखा व जिन्दा कारतूस .315 बोर, एक अदद स्प्लेण्डर व लूट से सम्बन्धित जेवरात बरामद किये गये। पुलिस ने बताया कि उक्त अभियुक्त के खिलाफ कई जनपदो के थानों में मुकदमा दर्ज है।

## आरबीपीजी कॉलेज सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

**जैदपुर बाराबंकी।** सहयोगी आरबीपीजी कॉलेज खुशहालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। समापन दिवस पर शिविरार्थियों ने योगाभ्यास और ध्वजारोहण किया। जानकारी के अनुसार डॉ. विनोद कुमार गौतम और रजत बहादुर वर्मा के नेतृत्व में शिविरार्थियों ने ग्राम रहीमाबाद और सतावां में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को गंदगी से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि इंजीनियर अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि शिविर में सीखे गए ज्ञान को जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बेहतर जीवन जीने की शुरुआत है। कार्यक्रम में कोमल, अनामिका ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। निधि और कोमल द्वारा स्वाग गीत पेश किया गया।

## सांसद चंद्रशेखर पर हमले के विरोध मे कार्यकर्ताओं ने सौपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद सांसद नगीना के ऊपर हुए हमले को लेकर देश मे भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओ ने धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट कर ज्ञापन सौपा गया। इसी क्रम में जनपद के गन्ना संस्थान में पूर्व जिलाध्यक्ष वसी हैदर एडवोकेट के नेतृत्व में सांकेतिक धरना देकर उक्त प्रकरण की जांच सीबीआई से कराकर सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को जरिए जिलाधिकारी द्वारा भेजा गया।सुभाष रावत पूर्व महासचिव भीम आर्मी ने कहा कि जो घटना हमारे सांसद चंद्रशेखर आजाद के साथ हुई है बहुत शर्मनाक है और इसकी जितनी निंदा की जाए कम है।वसी हैदर एडवोकेट ने कहा कि एक सांसद के ऊपर जो हमला हुआ है वो संविधान विरोधी है और इसकी जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की और राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।इस मौके पर हरिनंदन सिंह गौतम एडवोकेट जिला प्रभारी भीम आर्मी, शिवबरन सिंह गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष भीम आर्मी, जितेंद्र चौधरी, अनुज कुमार, रजनीश वर्मा, पिंटू कुमार,।आशीष कुमार आर्यन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर सीएमओ को सौंप पत्र

**महराजगंज।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के तत्वावधान में स्वास्थ्य कर्मियों की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया। इसकी जानकारी देते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीभागवत सिंह ने बताया कि कई मांगों को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र दिया गया हैं। जिसमें कर्मचारियों के जीपीएफ बुक अद्यतन, सीएचसी, पीएचसी, कर्मचारियों के पूर्व के डीए भुगतान, तीन वर्ष से अधिक सेवा देने वाले कर्मचारियों के स्थायीकरण और सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के देयकों के भुगतान की मांग की गई हैं। इस दौरान जिला मंत्री कमलेश सिंह, ई केके दुबे, घनश्याम पांडेय, रामदयाल यादव, प्रद्युम्न सिंह, अखिलेश्वर तिवारी सहित काफी संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।


## सड़क हादसे में युवक की मौत



**मिठौरा (महराजगंज)।** चौक थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय कस्बे के वार्ड नंबर आठ के रवि चौधरी का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। युवक की आकस्मिक निधन से पूरा परिवार सदमे में हैं। जानकारी के अनुसार रवि बीती रात एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने छपिया गए थे। रास्ते में एक तेज रफ्तार गाड़ी में ठोकर मार दिया जिससे उनकी मौत हो गई। घटना स्थल पर जब स्थानीय पुलिस पहुंची तो रवि के पॉकेट में डायरी पाकर घर पर सूचना दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### बीट आरक्षी अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे हैं: एसपी

## फरेंदा, पुरन्दरपुर, और कोल्हुई थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** अपराध रोकथाम एवं आगामी त्योहारों होली व रमजान के दृष्टिगत शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने सोमवार को फरेंदा, पुरन्दरपुर, और कोल्हुई थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय का व्यवस्था को जांच परखा। इस दौरान उन्होंने अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर , त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक किया गया एवं संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाने का हवालात चेक करते हुए साफ-सफाई की स्थिति आदि को देखा गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए । उन्होंने निर्देशित किया कि बीट आरक्षी, मुख्य आरक्षी गण को अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहने व क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा आमजन के शिकायतों का विधि के अनुसार समय से निस्तारण करने हेतु हिदायत दिया गया।

# शादी से लौट रहे बाइक सवार दो युवक की दर्दनाक मौत, मंचा कोहराम

अवधनामा संवाददाता

**रामनगर बाराबंकी।** शादी समारोह से घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मृत्यु हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई कर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेजा। एक ही गांव के दो नौजवानों की मृत्यु की सूचना से पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामनगर के अंतर्गत रानी बाजार त्रिलोकपुर मार्ग पर स्थित टेडवा मोड के निकट रोड के किनारे गड्ढे में दो लोगों की संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाते ही दल बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने सघन जांच पड़ताल शुरू की। एक पेड़ के पास मोटरसाइकिल भी



क्षतिग्रस्त मिली। कुछ ही देर में दोनों मृतकों के परिजन भी घटनास्थल पर आ गए और खून से लथपथ मृत पड़े बच्चों की हालत देखकर कोहराम मच गया। जिनकी पहचान थाना रामनगर के ग्राम बिठौरा निवासी कलीराम उम्र करीब 16 वर्ष पुत्र बरसाती तथा कुंदन उम्र करीब 18 वर्ष पुत्र सुरेश के रूप में हुई। पुलिस ने पंचनामा भरकर अंत परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। मृतक कुंदन के चाचा दिलीप ने बताया कि बीते रविवार को थाना रामनगर के ग्राम बिठौरा से साम करीब 6ः30 बजे एक बारात गंवा से चंद्रसिहाली गई थी। शादी समारोह कार्यक्रम के बाद रात्र में ही लोग घर वापस आने लगे। यह दोनों बच्चे भी रात करीब 12ः00 शादी समारोह से वापस घर आ रहे थे। जिनकी सड़क हादसे में टेडवा मोड ग्राम तेलियानी के निकट मृत्यु हो गई है। मोटरसाइकिल व मृतकों को देखने से लगता है कि किसी वाहन द्वारा टक्कर मार दिया गया है जिससे सड़क हादसे में दोनों की मृत्यु हो गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम मिठौरा के दो लोगों की मोटरसाइकिल के पेड़ से टकरा जाने के कारण मृत्यु हो गई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## रमज़ान व होली त्यौहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर पीस बैठक हुई



अवधनामा संवाददाता

**जैदपुर बाराबंकी।** रमजान व होली के त्योहार के मद्देनजर जैदपुर थाना परिसर में शांति व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, वार्ड सभासद और संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। जहां आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मिल-जुलकर पर्व मनाने की बात कही गयी। इस मौके पर एसडीएम साईं जगत ने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई नई परंपरा लागू नहीं की जाएगी। वहीं सीओ हर्षित चौहान ने बाजार में भीड़भाड़ को देखते हुए मुख्य चौराहों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुकानदार नाली के बाहर अतिक्रमण न करें। जबकि थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने कहा कि जैसे हर साल लोग शांतिपूर्वक त्योहार मनाते हैं, वैसे ही इस बार भी मनाएं। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही। साथ ही कच्ची शराब की सूचना तुरंत पुलिस को देने की भी बात कही गयी। अधिकारियों ने होली में बिना किसी की मर्जी के रंग न लगाने और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अतिरिक्त थाना प्रभारी निर्मल सिंह, राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शुक्ला, हलीम बाबू चट्टान सिंह वर्मा, पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद, राम सिंह सभासद शाहे आलम, अल्ताफ, सभासद, महमूद, दीपक निगम, शिवनारायण सिंह वर्मा सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक ने भक्तो को कराया रसपान

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** कस्बे से सटे ब्लाक रोड शोहरतगढ़ मार्ग पर चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार की रात महाभारत के भीष्म पितामह व राजा परीक्षित की कथा का भक्तों को भी कराया गया रसपान। कथावाचक राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जन कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। इसे सुनने से ज्ञान की प्राप्ति होती है। मोक्ष प्राप्ति का भी सरल माध्यम श्रीमद् भागवत कथा है।

डॉ. सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल परिसर शोहरतगढ़ में आयोजित कथा में यजमान किरन गुप्ता,डॉ. सुशांत जायसवाल,तेजस्व जायसवाल,लालपरी जायसवाल ने स्थानीय लोगों के साथ कथा का रसपान किया। कथावाचक पंडित राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पापी व्यक्ति का अन्न ग्रहण करने से बुद्धी नष्ट हो जाती है। भीष्म पितामह बाणों की शैया पर लेटे हुए पांडवों को ज्ञान दे रहे थे कि राजा होते हुए प्रजा के कष्ट को अपना कष्ट मानना चाहिए। इसी बीच द्रोपदी हंसते हुए कहने लगी कि जिस समय भरी सभा में दुष्ट दुशासन मेरी साड़ी खींच रहा था, उस समय आप सबसे आगे बैठे हुए थे। मैने प्रश्न किया कि पितामह किसी नारी को भरी सभा में निर्वस्त्र करने का प्रयास क्या न्याय विरुद्ध नहीं है तब पितामह ने कहा कि मैंने दुष्ट दुर्योधन का दूषित भोजन ग्रहण किया था। उसी अन्न के प्रभाव से मेरी मति में विकृति उत्पन्न हो और मैं धर्म- अधर्म का भेद जान नहीं पाया। मैने अपने जीवन में कोई पाप नहीं किया, केवल एक पाप मुझसे हुआ। उसी दोष के कारण मुझे बाणों की शैय्या मिली है। राजा परीक्षित का जन्म पांडव के बंशीधर अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु और उत्तर के घर में हुआ था महाभारत श्रीमद् भागवत कथा पुराण जैसे कई पौराणिक ग्रंथों में उनके जन्म की कथा मिलती है युद्ध में गुरु द्रोणाचार्य के मारे जाने पर क्रोधित होकर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया था इस दौरान कथावाचक पंडित राजेंद्र प्रसाद, आचार्य टिल्लू शर्मा , पंडित नारायण जी, यजमान किरन गुप्ता, डॉ सुशांत जायसवाल, तेजस्व जायसवाल, लालपरी जायसवाल,उमा अग्रवाल, पंकज पाण्डेय, सूर्य पाण्डेय, सतीश जायसवाल, रविन्द्र, राजा, सुभाष, मंटू जायसवाल, मनोज जायसवाल, महेश कसौधन, आनंद कसौधन, सौरभ गुप्ता, कपूर चंद्र गुप्ता, श्रवण जायसवाल महेश कसौधन व ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत दो इंटर कालेजों में शुरू होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अम्बेडकरनगर।** कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कौशल समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 से एक नई पहल की जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार प्रोजेक्ट प्रवीण को प्रदेश के सभी जिलों में विस्तारित करने जा रही है। अम्बेडकरनगर में इस प्रोजेक्ट के लिए पांच विद्यालयों का चयन किया गया है। पहले चरण में दो विद्यालयों - राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, तेन्दुकला और सावित्री बाई फुले बालिका इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम की निगरानी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला समन्वयक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इन विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को छात्रों को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रधानमंत्री आवास सर्वे को लेकर बीडीओ ने दिए कई निर्देश

एजाज़ सिद्दीक़ी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** खुनियांव विकास खंड कार्यालय में बीडीओ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने आवास सहायकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने चल रहे आवास सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा की। साथ ही आवास

**सर्वे की गति तेज करते हुए समय से कार्य करें पूर्ण**

सहायकों को कई निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समीक्षा के क्रम में कहा गया कि पंचायत में सर्वे का कार्य 31 मार्च तक पूर्ण करें। उन्हें निर्देश दिया गया कि सर्वे की गति तेज करते हुए समय से कार्य को पूर्ण करें।

सोमवार को विकास खंड खुनियांव में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास सर्वे 2024 में लगे समस्त सर्वेयर की बैठक खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा ली गई समस्त सर्वेयर को शीघ्र प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास का सर्वे पूर्ण कर वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया सर्वे रजिस्टर भी समस्त सर्वेयर को खंड विकास अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराया गया तथा यह निर्देशित किया गया की प्रधानमंत्री आवास का कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे के दौरान छूटना नहीं चाहिए साथ ही साथ समस्त सर्वेयर को किसी भी प्रकार के दबाव में आकर कार्य नहीं करना है पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ 31 मार्च तक सर्वे कार्य को पूर्ण करना है। बैठक में सहायक विकास अधिकारी पंचायत आशुतोष मिश्र, एडीओ महिला श्रीमती कुंतकली, एडीओ कृषि महेश कुमार, जेई एम आई सचिव सुजीत कुमार जायसवाल, सचिव पीयूष कुमार पांडेय, सचिव तारिक खान, सचिव राकेश पाठक, सचिव सर्वजीत यादव सहित ब्लाक कर्मी उपस्थित रहे।

## एसडीएम के निर्देश पर हटाया गया अवैध अतिक्रमण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत डुमरियागंज के वार्ड नंश 4 राम नगर, बनगवा स्थित तालाब पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को उपजिलाधिकारी डुमरियागंज के निर्देश के क्रम में तहसीलदार आर.के. यादव एवं अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा मौके पर रहकर तालाब पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि उक्त तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाना है जो अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटने के बाद ही हो सकता है। पूर्व में अतिक्रमणकारियों अपने अवैध कब्जे को स्वयं हटाने के लिए नोटिस दिया गया था। इस मौके पर संबंधित लेखपाल अंबिका प्रसाद, लिपिक हसन ताकीब रिजवी, तहसील प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा नगर पंचायत प्रशासन उपस्थित रहे।

## सीआईडी सीरियल फिर से छोटे पर्दे पर लौटा

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सीआईडी, एक ऐसा धारावाहिक जिसके



किरदारों के नाम आज हर किसी की जुबां पर हैं, इस फेमस सीरियल ने एक लंबे अरसे तक लोगों का मनोरंजन किया। अब पब्लिक डिमांड पर 6 वर्षों बाद इसकी छोटे पर्दे पर वापसी हुई है। इसी सीरियल में सचिन का कैरेक्टर भी लोगों ने काफी पसंद किया है, जिसे निभाया है जाने-माने अभिनेता ऋषिकेश पांडे ने, जो कि फिर एक बार ये दमदार किरदार निभाते नजर आ रहे हैं। ऋषिकेश कहते हैं कि ये एक ऐसा धारावाहिक है, जिसे सब फैमिली के साथ एंजॉय करते हैं। अपने सचिन के किरदार को लेकर उनका कहना है कि ये लोगों के दिलों के बेहद करीब है, सीरियल में उनकी वापसी से फैन्स काफी खुश हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रेंडिंग शोज में सीआईडी एक बारि फर अपनी छाप छोड़ रहा है। अब सीआईडी नेटफ्लिक्स पर भी प्रसारित हो रहा है। देवरिया, गोरखपुर में भटनी जंक्शन के समीप स्थित ग्राम पाडरी बाजार में उनका पैतृक निवास है।ऋषिकेश बताते हैं कि 6 वर्षों के अंतराल में उन्होंने कई फेमस धारावाहिक किए, लीड रोल भी अदा किए। इनमें पोरस, ये रिश्ता क्या कहलाता है, बेकाबू, तेरी मेरी डोरियां किया। शोज की डिमांड को देखते हुए उन्होंने वेट गेन कर लिया था लेकिन सचिन के कैरेक्टर में खुद को ढालने के लिए उन्हें फिटनेस पर कड़ी मेहनत करनी पड़ी। वे रोज करीब 30 से 35 किमी चले, डाइट पर भी विशेष ध्यान दिया।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से होता है मोक्ष की प्राप्ति



**छावनी अवधनामा संवाददाता।** छावनी कस्बे में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास रवि शंकर शास्त्री जी महाराज ने कथा में चर्चा करते हुए कहा कि भागवत कथा की महिमा अपरम्पार है। श्रीमद भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्यों का कल्याण हो जाता है। भागवत कथा सुनने से मनुष्य तन तृप्त हो जाता है। कथा में कथा व्यास ने कहा कि श्री मद भागवत कथा सभी वेदों का सार है। भगवान के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सदाचार के राह पर चलने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि झूठ बोलना पाप है इसका ज्ञान होने के बाद भी मनुष्यों को झूठ का सहारा प्रतिदिन लेना पड़ता है। इसका मतलब हमे अपना हानि लाभ देखकर झूठ बोलने की आदत सी पड़ गई है। मनुष्य हो या पशु सभी किसी तरह जीवन यापन कर लेते हैं। फिर मनुष्य का जीवन संतान वृद्धि, जीवन यापन तक सीमित नहीं होना चाहिए। जबकि मनुष्य के पास बुद्धि है, अपनी बुद्धिमता से समाज का कल्याण करना चाहिए। वही जानवरों के पास बुद्धि कम होती है। पर वो भी अपने परिवार का भरन पोषण किसी तरह कर ही लेते है। उन्होंने उपस्थित समुदाय को सदाचार का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि सदाचारी मनुष्यों से भगवान भी प्रेम करते हैं। भगवान ने विभिन्न युगों में अवतरित होकर सभी प्राणियों का कल्याण किया है कथा में मुख्य यजमान डॉ0 महावीर पाण्डेय देवी, गिरजेश पाण्डेय,रमेश मोदनवाल ,रजनीश मिश्र,राहुल त्रिपाठी,राम सहाय कसौधन,राजेश तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## भूमि का डीएम ने किया भौतिक निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अशरफपुर किछौछा के कूड़े के डंपिंग ग्राउंड हेतु तहसील जलालपुर के ग्राम पंचायत बनगवा फत्तेपुर में क्रय की गई भूमि का भौतिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के कूड़े के डंपिंग ग्राउंड हेतु तहसील जलालपुर के ग्राम पंचायत बनगवा फत्तेपुर में क्रय की गई भूमि का भौतिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा से निकलने वाले कूड़े के डंपिंग/ निस्तारण हेतु वर्ष 2018 में क्रय की गई भूमि का प्रयोजन/उपयोग अब तक नहीं हो पाने से उक्त नगर पंचायत से निकलने वाले कूड़े के डंपिंग/निस्तारण आ रही समस्याओं के दृष्टिगत संबंधित भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर भूमि उपयोग ना हो पाने के कारणों पर उप जिलाधिकारी जलालपुर, तहसीलदार टांडा, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, संबंधित ग्राम प्रधान सहित अन्य संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम वासियों से चर्चा कर परीक्षण किया गया। परीक्षण में पाया गया कि उक्त भूमि नगर पंचायत से लगभग 8 किलोमीटर दूरी पर है एवं उसके पहुंच मार्ग के किनारे घनी आबादी और कई विद्यालय भी संचालित हैं इस पर जिलाधिकारी ने डंपिंग ग्राउंड भूमि की कार्यदारी एवं निर्माण कार्य की जांच कराकर, अनियमितता पाए जाने पर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## गारंटीड इनकम वाला प्रोडक्ट है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट, जो बाजार की अनिश्चितता में देगा वित्तीय सुरक्षा

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट पेश किया है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को लंबी अवधि की बचत प्रदान करने के साथ ही तुरंत आय की गारंटी भी देता है, जिससे उन्हें आर्थिक लिक्विडिटी मिलती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर श्री अमित पालटा ने कहा हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नवाचार की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एक नया और महत्वपूर्ण जोड़ है। यह अनोखा प्रोडक्ट ग्राहकों को गारंटीड इनकम का लाभ देता है, जिसे वे अपनी जीवन योजनाओं और नकदी जरूरतों के अनुसार कस्टमाइज़ कर सकते हैं। इस प्रोडक्ट में कई विकल्प हैं, जैसे ग्राहक तय कर सकते हैं कि गारंटीड इनकम कब शुरू होगी, कितने समय तक मिलेगी और मैच्योरिटी पर कितना पैसा मिलेगा। इसके साथ ही, इसमें लाइफ कवर भी शामिल है, जो परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। बढ़ती हुई आय का विकल्प इस प्रोडक्ट की खासियत है। इसमें हर साल 5 प्रतिशत की कंपाउंडिंग दर से इनकम बढ़ती है, जिससे महँगाई से निपटने में मदद मिलती है।उन्होंने कहा जैसा कि हमने हाल के महीनों में देखा है, आज के अनिश्चित आर्थिक माहौल में बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहती है। ऐसे समय में ग्राहक गारंटीड रिटर्न वाले प्रोडक्ट को प्राथमिकता देते हैं, जो उनकी पूँजी को सुरक्षित रखते हुए उनकी वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करे। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट ग्राहकों को बाजार के उतार-चढ़ाव से बचाते हुए उनके वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा। उन्होंने आगे कहा, इस प्लान का बढ़ती हुई आय का विकल्प ग्राहकों को महँगाई से निपटने में मदद करेगा। हमारे ग्राहकों से किए गए वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता हमारे 99.3 प्रतिशत के इंडस्ट्री-लीडिंग क्लेम सेटलमेंट रेशियो (9 महीने- वित्त वर्ष 2025) और सिर्फ 1.2 दिनों के औसत क्लेम सेटलमेंट समय (गैर-जाँच के मामलों में) में साफ झलकती है।

## टेम्पो और कार में भिड़ंत

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड पर रवना मोड़ के पास हरचंदपुर की तरफ से आ रहे सवारी से भरे टेंपो में महराजगंज की ओर से जा रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर कार की सामने की टक्कर में टैम्पो पलट गया। जिससे उस पर बैठी दो महिला समेत तीन सवारियां हादसे का शिकार हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में लाद कर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां इलाज किया जा रहा है। आपको बता दें कि, सीएचसी से प्राप्त जानकारी के मुताबिक हादसा सोमवार दिन में लगभग 12:30 बजे के करीब का है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड पर रवना मोड़ के पास हरचंदपुर से महराजगंज आ रहे सवारियों से भरा टम्पों जैसे ही रवना मोड़ पर पहुंचा

# रमज़ान उल मुबारक़ माह में मस्जिदो इमाम बारगाहों में बढ़ी रौनक़

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** इबादत, उपासना और रहमत का महीना रमजान उल मुबारक के आरम्भ होते ही मस्जिदों व इमामबारगाहो में रौनक बढ़ गई है। इस्लामिक कैलेंडर के नौवें माह रमजान उल मुबारक में मस्जिदों में मगरिब की नमाज के बाद इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है।

रमजान में विशेष नमाज तरावीह पढ़ी जाती है। जो मस्जिदों में ईशा की नमाज के बाद पढ़ी जाती है। नगर के उर्दू बाजार स्थित मदरसा निदाए हक़ के प्रधानाचार्य मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी ने बताया कि रमजान माह को तीन अशरो में बांटा गया है। पहला अशरा



रहमत का है जो पहली रमजान से शुरू होकर दसवीं रमज़ान तक चलेगा। दूसरा अशरा मगफिरत का है जो 11 वीं रमज़ान से शुरू हो कर 20वीं रमज़ान तक चलेगा। तीसरा व अंतिम अशरा जहन्नुम से निजात का है,जो 21 वीं रमज़ान से शुरू होकर शव्वाल माह के चांद के दीदार होने तक चलेगा। दूसरी ओर शिया समुदाय ने तिलावते कलाम पाक का आयोजन मस्जिदों व इमामबारगाहो में किया है। जो इशा की नमाज के बाद रात्रि में शुरू होता है। सराय चौक स्थित वक्फ मस्जिद रौजा हज़रत कासिम में इफ्तार का आयोजन होता है जो पूरे माह चलता रहेगा।

वरिष्ठ शिया धर्मगुरु मौलाना मेंहदी हसन ने बताया कि यह महीना काफी बरकत वाला है। अल्लाह इस माह में अपने बंदों को बेपनाह सवाब अता फरमाता है। इस माह में लोग ज्यादा से ज्यादा गरीबों और मजबूर लोगों की मदद करते हैं। वैसे तो पूरे साल भर बहुत सारे लोग ऐसे लोगों की मदद करते हैं, लेकिन इस माह में लोग ज्यादा मदद करते हैं।

# होली व रमज़ान पर्व के मद्देनज़र शांति समिति की बैठक सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** होली और रोजा, रमजान के त्योहारों को लेकर जलालपुर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एडिशनल एसपी श्यामदेव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नगर के दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों,नेताओं ने हिस्सा लिया। एडिशनल एसपी श्यामदेव ने बताया कि जिस स्थान पर पूर्व में होलिका जल रहा है वहीं होलिका जलाए।जो होली नहीं खेलना चाह रहा है उसके साथ जबरदस्ती होली न खेले।उन्होंने कहा कि होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाए, इसके लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। सीओ अनूप कुमार सिंह ने लोगों से त्यौहार को मनाते समय दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने और उनकी संवेदनशीलता को ठेस न पहुंचाने की अपील की।कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जिस किसी को होली खेलने से परहेज है वो होली के दिन न निकाले। हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाए। त्योहार वाले दिन शराब का कदापि सेवन न करें। बैठक में जिला उद्योग व्यापार अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने होली के तेज गति से वाहन ना चलने की अपील की। पूर्व जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा शत्रुघ्न सोनी ने होली के दिन साफ सफाई की मांग की। जिला प्रतिनिधि देवेश मिश्र ने वार्डो में साफ सफाई व्यस्था को लेकर सवाल उठाया।नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने त्यौहार के दिन सोशल मीडिया चल रहे अफवाह से बचने के लिए कहा।

## निर्वाण को प्राप्त हुए राम सुचित गौतम, बसपाइयों ने शोक जताया



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद के दादा राम सुचित गौतम ने सोमवार को सुबह शरीर त्याग दिया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। निर्वाण प्राप्त राम सुचित का अंतिम संस्कार पैतृक गांव पतियरिया में किया गया। बसपा नेताओं ने निधन पर गहरा दुःख जताया है और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। अंतिम संस्कार बौद्ध रीति से किया गया। बसपा के विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, किशोरी लाल, अनिल कुमार, सुरेन्द्र कुमार,राजू आदि मौजूद रहे। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती , बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार , संजय कुमार,राम समुझ बौद्ध, इन्द्र पाल गौतम,राम चन्द्र,आर एस चक्रवर्ती, तुलसी राम शास्त्री, ललित कुमार, बलराम यादव, सुरेश नारायण आदि ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## छः महीने में भी नहीं हो पाया अन्त्येष्टि स्थलों का आवंटन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले में अन्त्येष्टि स्थलों का आवंटन छः महीने में भी नहीं हो पाया है। अन्त्येष्टि स्थलों के आवंटन को लेकर सत्ता रुढ दल के बड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों की ओर से भारी दबाव और खींचतान के चलते जिला प्रशासन अभी तक कोई निर्णय नहीं ले पाया है।डी पी आर ओ की ओर से भेजी गई पत्रावलियां जिलाधिकारी कार्यालय में लम्बित बताई गई हैं। शासन की ओर से बड़ी आबादी की ग्राम पंचायतों में श्मसान की समस्या को दूर करने के लिए 15 अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत की गई है। आवंटन प्रक्रिया लगभग छः महीने पहले शुरू हुई थी। डी पी आर ओ की ओर से सभी सहायक विकास अधिकारियों से मुस्लिम आबादी वाली ग्राम पंचायतों की सूची मांगकर प्रस्ताव तैयार कराए थे। लगभग पच्चीस लाख रुपए लागत के अंत्येष्टि स्थल प्राप्त करने के लिए ग्राम प्रधानों ने विकास खंड कार्यालय से डी पी आर ओ आफिस और विकास भवन तक खूब दौड़ लगाई।

# जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के निर्देशानुसार मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। उन्होने निवेशमित्र पोर्टल पर विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों को समयान्तर्गत निस्तारित करें। उन्होने बैठक में उपस्थित उद्यमियों की समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरतपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, ऋण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, औद्योगिक इकाईयों की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विचार की समीक्षा करते हुए उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होने कहा कि बैठक में दिये गये निर्देशों का अधिकारीगण शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। व्यापार बंधु की बैठक में विभिन्न व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी समस्या रखी गयी, जिस पर मुख्य राजस्व अधिकारी द्वारा संबधित विभागों को निर्देशित करते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु उचित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में व्यापारियों द्वारा जिलें में जलभराव, जर्जर सड़को व यातायात जाम तथा बंदरों की समस्या के संबध में मुख्य राजस्व अधिकारी को अवगत कराया गया, जिस पर उन्होने संबधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## खेत में गोमांस का अवशेष मिलने से मचा हड़कंप

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** शिवलीपुर हेड के समीप माउख गांव में खेत में गोवंश का कटा अवशेष मिलने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गोकशी का मामला सामने आने के बाद दिन भर पुलिस महकमें में हड़कंप मचा रहा। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने आनन- फानन में जेसीबी से गोवंश के कटे अवशेष को गड्ढा खोदकर दफना दिया और जांच पड़ताल में जुटी है। सम्मनपुर थाना क्षेत्र में चोरी छिपे गोकशी का धंधा फल फूल रहा है। ताजा मामले में मिले सबूत इसी तरह इशारा कर रहे हैं। रविवार सुबह माउख गांव के पास कुछ ग्रामीण खेतों की तरफ जा रहे थे। वहां पुल के समीप खेत में गोवंश का कटा अवशेष पड़ा देखा। खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गांव के पास गो मांश मिलने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। प्रधान की सूचना पर मौके पर सम्मनपुर पुलिस भी पहुंच गई। आनन फानन में जेसीबी बुलाकर चकमार्ग में गड्ढा खोदकर गोवंश के कटे अवशेष को दफना दिया।

# कई मौतों के बाद भी बन्द नहीं हुआ झटका मशीन का उपयोग

अवधनामा संवाददाता

**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** वन्य जीव और मवेशियों से फसलों को बचाने के लिए उपयोग होने वाली झटका मशीन से इंसानों की मौत के बाद भी प्रशासन और किसानों ने कोई सबक नहीं लिया और धड़ल्ले से फसलों की सुरक्षा के लिए किसान झटका मशीन का उपयोग कर रहे हैं। पहले फसलों की सुरक्षा के लिए किसान कटीले तारों का उपयोग करते थे लेकिन प्रशासन ने इस पर पूरी तरह से रोक लगा दिया जिस वजह से अब किसान झटका मशीन का प्रयोग वे रोक-टोक कर रहे हैं।

शासन द्वारा अवैध घोषित करने पर भी प्रशासन झटका मशीन का उपयोग रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। जिससे कर्बला कासिमपुर,बलुआ बहादुरपुर, पंथीपुर, जैदपुर, मरहरा, निमटिनी, रामपुर, रामपट्टी, सलाउद्दीनपुर, कल्याणपुर आदि गांव में किसान चना, मटर, गेहूं, सरसों, गन्ना, मसूर और सब्जियो को जानवरों से बचने के लिए बिना रोक टोक झटका मशीन का उपयोग कर रहे है जो प्राणघातक है।

गत वर्ष सितंबर माह जलालपुर तहसील क्षेत्र के कर्बला कासिमपुर में



केले की फसल के चारों तरफ बैरिकेड करके करंट का सप्लाई दिया गया था, जिसकी चपेट में आने से किसान शेरू की मौत हो गई थी वही जलालपुर क्षेत्र के ही कैथा गांव में गत 21 जनवरी को शोभावती गांव के ही रक्षा राम वर्मा के खेत में बथुआ तोड़ने के लिए गई थी जिससे खेतों के किनारे लगी झटका मशीन के करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी इन मौतों के बाद भी किसान और प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया और बराबर झटका मशीन का उपयोग हो रहा हैं। अवर अभियंता कर्बला कासिमपुर उपकेंद्र अरविंद सिंह ने बताया कि खेतों के चारों तरफ बैरिकेडिंग करके किसी भी प्रकार का करंट दौड़ना पूरी तरह अवैध है इसकी जांच करवा के कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना

मेरे पासपोर्ट नं0- V8813320 में त्रुटिवश मेरा नाम हरमैन (HARMAIN) दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम हरमैन मोहम्मद अहमद खान (HARMAIN MOHAMMAD AHMAD KHAN) दर्ज है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**हरमैन मोहम्मद अहमद खान (HARMAIN MOHAMMAD AHMAD KHAN)**
**पुत्र मोहम्मद अहमद (MOHAMMAD AHMAD) निवासी-ग्राम चांदगढ़, महोना पश्चिम जनपद-अमेठी (उ0प्र0)**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिनेश पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय ओम प्रकाश पाण्डेय निवासी 6/2/13 मुग़लपुरा (जमुनियाबाग) जिला अयोध्या का हूं मैंने अपने पुत्र ललित मोहन पाण्डेय को उसके बुरे चाल चलन के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हैं अब मेरा व मेरे परिवार का मेरे पुत्र ललित मोहन पाण्डेय के द्वारा किये गये किसी भी कृति से लेना -देना नही है।

## सूचना

मैं अक़ील अहमद पुत्र वकील अहमद निवासी 169/51 ख़यालीगंज कैसरबाग लखनऊ का हूं मैंने अपना नाम अक़ील अहमद से बदलकर अक़ील अहमद शेख (AQEEL AHMAD SHEIKH) रख लिया हैं। अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## पाक पीएम का हास्यास्पद दावा

भारत-पाकिस्तान के बीच क्या तुलना की जा सकती है? भारत अतुलनीय, ताकतवर, विकसित होता राष्ट्र है, जबकि पाकिस्तान को दुनिया के कई देश 'नाकाम देश' करार दे चुके हैं। फिर भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने छाती ठोंकते, कुछ उछलते, दावा किया है, मुल्क को भरोसा देने की कोशिश की है कि अगर रब ने चाहा, तो एक दिन पाकिस्तान हिंदुस्तान से आगे होगा! हम खूब मेहनत करेंगे, तो इंशाल्लाह हिंदुस्तान से आगे जरूर जाएंगे। पाकिस्तान के वजीर-ए-आजम की यह गालबजाई हास्यास्पद है। भारत और पाकिस्तान एक साथ स्वतंत्र और संप्रभु देश बने थे, लेकिन आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और पाकिस्तान 45वें स्थान पर है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) फिलहाल 336 लाख करोड़ रुपए का है, जबकि पाकिस्तान की कुल अर्थव्यवस्था मात्र 32 लाख करोड़ रुपए की है। भारत की अर्थव्यवस्था 10 गुना अधिक है। पाकिस्तान भीख और दान पर जिंदा है। हाल ही में उसने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 60,000 करोड़ रुपए का उधार मांगा है। कर्ज भारत सरकार पर भी है, लेकिन हमारा प्रधानमंत्री देश-विदेश कर्ज की गुहार लगाता नहीं घूमता। पाकिस्तान कभी चीन, कभी सऊदी अरब या संयुक्त अरब अमीरात, तो कभी कतर आदि देशों से भीख मांगता रहा है। बदले में उसे मुल्क की जमीन-जायदाद पैसा देने वाले देशों को सौंपनी पड़ती है। वहां वे देश अपनी परियोजनाओं को विस्तार देते हैं। भारत और पाकिस्तान की तुलना किस आधार पर की जा सकती है? भारत की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी से भी ज्यादा रही है।

बजट में 2025-26 की विकास दर भी 6 फीसदी से अधिक आंकी गई है, जबकि पाकिस्तान की विकास दर मात्र 2.38 फीसदी है। इसमें भी कितनी हकीकत है और कितना फसाना है? भारत सरकार अब भी 81 करोड़ से अधिक नागरिकों में प्रति माह मुफ्त अनाज बांट रही है, जबकि पाकिस्तान में आटे की एक बोरी के लिए भी मारा-मारी मची है। मुद्रास्फीति की दर असहनीय है। लोग अनाज और अन्य रोजमर्रा की चीजों के लिए लंबी-लंबी कतारों में लगे रहते हैं, फिर भी असंख्य हाथ खाली रहते हैं। आजीविका मुश्किल है, तो आबोदाना भी नसीब से ही मिल रहा है। यह पाकिस्तान हिंदुस्तान से आगे बढ़ेगा? पाकिस्तान ने आईएमएफ से जितना उधार मांगा है, उतनी तो भारत सरकार खाद पर सबसिडी दे देती है। लोकसभा में पेश किए गए बजट में संघशासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर के लिए ही 41,000.07 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कितना भी उछलते रहें या छाती ठोंक लें, लेकिन हजारों साल तक पाकिस्तान भारत को पीछे नहीं कर सकता। उन्होंने यह दावा तब किया है, जब अमरीकी संसद में एक प्रस्ताव रखा गया है कि पाकिस्तान में जम्हूरियत (लोकतंत्र) ही नहीं है। वहां के सेना प्रमुख और आतंकियों में नापाक गठजोड़ है। हुकूमत असहाय है। अमरीकी संसद ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख पर 'पाबंदी' लगाने तक की बात कही है। भारत के राजनयिक क्षितिज त्यागी ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के मंच पर पाकिस्तान को न केवल 'नाकाम देश' करार दिया, बल्कि यह भी कहा कि ऐसे देश पर चर्चा करने में परिषद कीमती वक्त बर्बाद कर रही है। पाकिस्तानी पीएम किसे संबोधित कर रहे थे, यह पाक को ही मालूम नहीं।

## मानवीय तरक्की के लिए वन्य जीवों को सजा न भुगतनी पड़े



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

पृथ्वी पर जीवन का आधार वन्यजीव है, जिस समय धरती से वन्यजीव का अस्तित्व पूर्ण रूप से समाप्त होगा, तब मानवीय जीवन बड़े ही दर्दनाक तरीके से ख़त्म हो जायेगा। वन्य जीवों के कारण जंगल समृद्ध होते है, जंगलों से जल स्त्रोत समृद्ध होते है, पेड़ों से मिट्टी का क्षरण रूककर उपजाऊ भूमि का बचाव होता है। सबको शुद्ध जल और शुद्ध प्राणवायु मिलती है, ऋतु चक्र बेहतर ढंग से कार्य करते है, समय पर पर्याप्त वर्षा होती है, मौसम और प्रकृति में संतुलन बना रहता है, प्राणियों की खाद्य श्रृंखला सुचारु रूप से चलती हैं। मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष कम होता है। प्राकृतिक आपदाओं में कमी आती है, फसलें लहलहाती है, समाज के हर तबके को पोषक तत्वों से भरपूर स्वास्थवर्धक अन्न प्राप्त होता है। बीमारियां कम होती है, अशुद्धता, मिलावटखोरी, घातक रसायनों का प्रयोग जैसे बुराइयों पर अंकुश लगाना संभव होता है। देश आत्मनिर्भर बनता है, प्राकृतिक संसाधन संपन्न बनते है। देश में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान, उत्पादों का निर्यात बढ़ता है और आयात में कमी आती है। मनुष्य का जीवनमान स्तर सुधरता है, और ऐसे ही मानव और देश सही मायने में तरक्की करता है। अगर देखा जाए तो मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन ही वन्यजीवों पर आधारित है। मनुष्य लगातार प्रकृति को बर्बाद करता आया है, जबकि वन्यजीवों के बदौलत मानव जीवन का अस्तित्व टिका हुआ है, क्योंकि वन्यजीव ही जंगल, वन, प्रकृति के प्रमुख रक्षक है। इस वर्ष 2025 विश्व वन्यजीव दिवस की थीम ÷वन्यजीव संरक्षण वित्त÷ लोगों और ग्रह में निवेश÷ यह है। यह विषय वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को समर्थन देने के लिए स्थायी वित्तीय समाधान की तत्काल आवश्यकता पर है, वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नवीन वित्तीय तंत्रों की आवश्यकता है।

देश में बढ़ती आबादी की सुख-सुविधाओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों और सिमित स्त्रोतों पर असीमित दबाव बना हुआ है। सुंदर चहचहाते पंछियों को हम पहले ही शहरों से दूर भगा चुके है। नगर अब महानगरों का रूप धारण कर रहे है, शहरों के आसपास के गांव, जंगल, खेत, जल स्त्रोत, प्राकृतिक संसाधन तेजी से सिकुड़ रहे है। शहरों और महानगरों से गुजरने वाली नदियां अब नालों का स्वरुप धर चुकी है, बड़े-बड़े विषैले कूड़े के पहाड़, ई-अपशिष्ट और बिओमेडिकल वेस्ट लगातार बढ़ रहे है। मानवीय जीवन के लिए आवश्यक हर उत्पाद के लिए कच्चा माल प्रकृति से प्राप्त होता है, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन के कारण आपदाओं और जानलेवा बीमारियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आबादी अनुरूप शहरों में नयी बस्तियाँ बसाई जा रही है, सड़कों पर मनुष्य से ज्यादा वाहनों की भीड़ नजर आती है। पृथ्वी के तापमान में लगातार बदलाव नजर आ रहा है, बड़े-बड़े हिमखंड पिघल रहे है। शहरों और गांव में भी भूजल का स्तर लगातार गिर रहा है, इसका सीधा असर फसलों पर हो रहा है, तापमान बढ़ रहा है, खाद्यान का आयात बढ़ रहा है। प्रदुषण, शोर, आर्थिक विषमता और अपराध बढ़ रहे है। जंगल से वन्यजीव खाना-पानी के लिए मानवीय बस्तियों में आने को मजबूर है, जिसके कारण मानव और वन्य जीवों में संघर्ष तीव्र हो रहा है। आनेवाली पीढ़ियों के हिस्से के संसाधनों का दोहन भी हम कर चुके है। जितना हम प्रकृति से लेते है, उतना वापस करते हुए जाना होता है, लेकिन आज के युग में स्वार्थी मनुष्य प्रकृति को निचोड़कर उससे छीनता जा रहा है, प्रकृति के हर भाग पर अपना हिस्सा बनाता जा रहा है। वन्यजीव अक्सर मानवीय हस्तक्षेप से दूर रहना चाहते है, परन्तु मनुष्य ही लगातार अपना दायरा बढ़ाता जा रहा है, जिससे वन्यजीवों के लिए भोजन ढूंढना और संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो गया है। मनुष्य की गलती की सजा वन्यपशुओं को भुगतनी पड़ती है, जलवायु परिवर्तन के मार का सबसे बड़ा भुगतान वन्यजीवों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। मानवी तरक्की से वन्य जीवन को सीधा नुकसान पहुंचता है, उनके प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं और प्रदूषण के कारण मौतें होती हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**कॉलेज के दो-तिहाई छात्र यौन उत्पीड़न का अनुभव करते हैं। 12-17 साल की उम्र के 1.6 प्रतिशत बच्चे बलात्कार या यौन उत्पीड़न के शिकार होते हैं। यौन उत्पीड़न का शिकार हुई चार किशोर बालिकाओं एवं बच्चों में से लगभग तीन यानी 74 प्रतिशत कोई ऐसी बालिका या बच्चे अपने ही किसी परिचित से हुए, जिसे वे अच्छी तरह से जानती थे। यौन शोषण कई तरह से किया जाता है, जैसे अवांछित यौन स्पर्श 49 प्रतिशत, साइबर यौन उत्पीड़न 40 प्रतिशत, अवांछित जननांग प्रदर्शन 30 प्रतिशत, शारीरिक रूप से पीछा किया जाना 27 प्रतिशत और यौन उत्पीड़न 23 प्रतिशत है।**

# यौन अत्याचारों के बढ़ने की त्रासदी पर लगाम लगे



ललित गर्ग

यौन शोषण दुनिया के लिए बड़ी समस्या है, जो दुनिया भर में है। हालांकि कुछ देशों में महिलाएं अधिक असुरक्षित एवं यौन उत्पीड़न, शोषण एवं हिंसा की शिकार हैं, इनमें दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी यूरोप और कुछ लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों शामिल हैं, भारत की स्थिति भी बहुत ज्यादा अच्छी नहीं कहीं जा सकती। वेश्यावृत्ति के उद्देश्यों के लिए इन क्षेत्रों की तस्करी वाली महिलाओं को आम तौर पर तथाकथित विकसित दुनिया के देशों में ले जाया जाता है। महिलाओं को इसी त्रासदी से मुक्ति दिलाने के लिये ही दुनियाभर में 4 मार्च को यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष का विश्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को यौन शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना है। दुनियाभर में महिलाओं और बच्चों के साथ रोजाना कई प्रकार के यौन शोषण के मामले सामने आते रहते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि हर दिन औसतन आठ महिलाएं, लड़कियां और अक्सर युवा लड़कों का यौन शोषण किया जाता है।

यौन उत्पीड़न किसी भी प्रकार का अवांछित यौन प्रस्ताव, यौन पक्ष के लिए अनुरोध, यौन प्रकृति का मौखिक या शारीरिक आचरण या इशारा, या यौन प्रकृति का कोई अन्य व्यवहार है, जिसकी उचित रूप से अपेक्षा की जा सकती है या जिसे किसी अन्य के लिए अपमान या अपमान का कारण माना जा सकता है, जब ऐसा आचरण काम में बाधा डालता है, जो सहायता कर्मियों द्वारा साथी सहायता कर्मियों के विरुद्ध किया जाता है। यूनिसेफ ऐसे सभी प्रकार के यौन दुराचार, यौन उत्पीडन, अत्याचार और यौन हिंसा से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र यौन शोषण और यौन दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के बीच अंतर करता है। यौन शोषण एक यौन प्रकृति का वास्तविक या धमकी भरा शारीरिक अतिक्रमण है, चाहे बलपूर्वक या असमान या बलपूर्वक परिस्थितियों में, सहायता कार्यकर्ताओं द्वारा उन बच्चों और परिवारों के खिलाफ किया जाता है जिनकी हम सेवा करते हैं।

यौन उत्पीड़न समाज में हर जगह पसरा है, कार्यस्थल, शैक्षणिक संस्थान और घर से लेकर धार्मिक स्थलों में महिलाएं एवं बालिकाएं असुरक्षित है। ग्रामीण इलाकों में 26 प्रतिशत महिलाएं, शहरी इलाकों में 21 प्रतिशत और उपनगरीय इलाकों में 18 प्रतिशत महिलाएं यौन उत्पीड़न की शिकार होती हैं। जो महिलाएं अपनी आय का मुख्य स्रोत टिप पर निर्भर रहती हैं, उनके यौन उत्पीड़न की संभावना दोगुनी होती है। कॉलेज के दो-तिहाई छात्र यौन उत्पीड़न का अनुभव करते हैं। 12-17 साल की उम्र के 1.6 प्रतिशत बच्चे बलात्कार या यौन उत्पीड़न के शिकार होते हैं। यौन उत्पीड़न का शिकार हुई चार

**यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष का विश्व दिवस**



किशोर बालिकाओं एवं बच्चों में से लगभग तीन यानी 74 प्रतिशत कोई ऐसी बालिका या बच्चे अपने ही किसी परिचित से हुए, जिसे वे अच्छी तरह से जानती थे। यौन शोषण कई तरह से किया जाता है, जैसे अवांछित यौन स्पर्श 49 प्रतिशत, साइबर यौन उत्पीड़न 40 प्रतिशत, अवांछित जननांग प्रदर्शन 30 प्रतिशत, शारीरिक रूप से पीछा किया जाना 27 प्रतिशत और यौन उत्पीड़न 23 प्रतिशत है।

यह दिवस देश एवं दुनिया में महिलाओं और बालिकाओं के साथ हो रहे यौन शोषण के मामलों पर लगाम लगाने के लिये जागरूकता की मुहिम है। इसका मुख्य उद्देश्य यौन शोषण और वेश्यावृत्ति में लिप्त महिलाओं को बचाकर उन्हें सामान्य जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है। महिलाओं एवं बालिकाओं पर बढ़ते यौन अत्याचारों को देखते हुए यह प्रतीत होता है कि इक्कीसवीं सदी का सफर करते हुए तमाम तरह के विकास के वायदे खोखले साबित हो रहे हैं। भारत के लिये निश्चित रूप से यह चिंताजनक है और हमारी विकास-नीतियों पर सवाल भी उठाती है। बड़ा सवाल तो तब खड़ा हुआ जब सुप्रीम कोर्ट में पेश आंकड़ों के मुताबिक 2016 में ही देश भर में करीब एक लाख बच्चे यौन अपराधों के शिकार हुए। कितनी विडम्बना है कि देश में हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाएं यौन शोषण का शिकार हो रही है। यह दाग 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है। वे पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। उसका मुख्य कारण है सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिकओ को भोग्या समझने की विकृत मानसिकता।

बालिकाओं के साथ होने वाली त्रासद एवं अमानवीय घटनाएं -निर्भया कांड, नितीश कटारा हत्याकांड, प्रियदर्शनी मट्टू बलात्कार व हत्याकांड, जेसिका लाल हत्याकांड, रुचिका मेहरोत्रा आत्महत्या कांड, आरुषि मर्डर मिस्ट्री की घटनाओं में पिछले कुछ सालों में इंडिया ने कुछ और ऐसे मौके दिए जब अहसास हुआ कि भ्रूण में किसी तरह नारी अस्तित्व बच भी जाए तो दुनिया के पास उनके साथ और भी बहुत कुछ है बुरा करने के लिए। बहशी एवं दरिन्दे लोग ही बालिकाओं को नहीं नोचते, समाज के तथाकथित ठेकेदार कहे जाने वाले लोग और पंचायतें, तथाकथित राम-रहीम जैसे धर्मगुरु भी बालिकाओं की स्वतंत्रता एवं अस्मिता को कुचलने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं, स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी यौन उत्पीड़न एवं हिंसक की त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है। यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष का विश्व दिवस का यह अवसर इन त्रासद एवं क्रूर स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, क्योंकि बालिकाओं एवं महिलाओं के समावेश, न्याय व सुरक्षा की स्थिति को बताने वाले वैश्विक शांति व सुरक्षा सूचकांक के 177 देशों में भारत का 128वां स्थान है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के विरूद्ध अपराध में राष्ट्रीय औसत 66.4 प्रतिशत है। राजधानी दिल्ली का स्थान 144.4 अंकों के साथ सर्वोच्च है। माना जाता है कि 90 प्रतिशत यौन उत्पीड़न जान-पहचान के व्यक्ति ही करते हैं। यानी बालिकाएं अपने ही घर या परिचितों के बीच सबसे ज्यादा असुरक्षित है। बालिकाओं एवं महिलाओं के ख़िलाफ़ हो रहे अपराध, ख़ासतौर पर यौन अपराध के ज्यादातर मामले सामने नहीं आ पाते, विशेषतः बालिकाएं समझ ही नहीं पाती कि उनके साथ कुछ गलत हो रहा है।

# दूर तक जाएगा महाकुंभ से निकला सियासी संदेश

**प्रयागराज में संगम तीरे तम्बुओं की अस्थाई नगरी भले ही उजड़ गई हो, लेकिन मां गंगा अभी भी श्रृद्धालुओं का आव्हान कर रही हैं तो हर वीकएंड पर यहां आस्था का समूह देखने को मिलता है। अलग अलग क्षेत्रों में तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले महाकुंभ 2025 से सियासी संदेश भी निकल रहा है।हालांकि आम लोकसभा चुनाव में अभी 4 साल का वक्त है। लेकिन जिस तरह देश के कोने कोने से यहां श्रृद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है, उससे ऐसा लगता है कि महाकुंभ असर समूचे देश की राजनीति पर पड़ने वाला है।**



शाहिद नकवी

प्रयागराज महाकुंभ 2025 का आयोजन 45 दिनों तक चला और इसका समापन महाशिवरात्रि के दिन हुआ। महाकुंभ में 45 दिनों में 66 करोड़ 30 लाख लोगों ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान कई रिकॉर्ड टूटे,कई नए ट्रेंड बने, काफी कुछ अलग हुआ,जो अब तक के पहले किसी कुम्भ में नहीं हुआ। इस बार महाकुंभ ने दुनिया को आस्था के साथ आर्थिकी से भी समन्वय का उदाहरण पेश किया है।आंकड़े बताते हैं कि साढ़े सात हजार करोड़ खर्च करने पर उतर प्रदेश की अर्थव्यवस्था करीब साढ़े तीन लाख करोड़ तक पहुंच गई।वहीं महाकुम्भ के आयोजन पर सड़क से लेकर सदन तक जमकर सियासत हुई तो हादसे भी हुए। श्रृद्धालुओं की संख्या, बसावट के क्षेत्रफल, सफाई कर्मियों की तादाद,शौचालयों के आंकड़े,सुरक्षा कर्मियों की संख्या सहित तमाम व्यवस्थाओं के दृष्टिकोण से इस महाकुंभ को दुनियाभर के आयोजनों में अग्रणी ही रखा जायेगा।

इससे ये कहने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि महाकुंभ सिर्फ़ धार्मिक समागम नहीं है, यह भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का जीवंत प्रतीक भी है। यह आयोजन प्राचीन परंपराओं और आधुनिक आकांक्षाओं के अस्तित्व को दर्शाता है, जो साधुओं, विद्वानों, भक्तों, पर्यटकों और व्यापारियों एवं व्यवस्था से जुड़े लोगों को एक साथ लाता है। एकता और नवीनीकरण का सार्वभौमिक संदेश दिया जो धार्मिक महत्व से परे है। महाकुंभ मेला एकता का प्रतीक है, जो सभी वर्गों के लोगों को आकर्षित करता है। यह आयोजन नवीनीकरण, आत्म-खोज और आध्यात्मिक विकास के लिए मानवता की साझा खोज को रेखांकित करता है। यक़ीनन महाकुंभ में बिताए पल, संतों की वाणी और आध्यात्मिक अनुभूतियां श्रृद्धालुओं के हृदय में सजीव बनी रहेंगी।



प्रयागराज में संगम तीरे तम्बुओं की अस्थाई नगरी भले ही उजड़ गई हो, लेकिन मां गंगा अभी भी श्रृद्धालुओं का आव्हान कर रही हैं तो हर वीकएंड पर यहां आस्था का समूह देखने को मिलता है। अलग अलग क्षेत्रों में तीन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले महाकुंभ 2025 से सियासी संदेश भी निकल रहा है।हालांकि आम लोकसभा चुनाव में अभी 4 साल का वक्त है। लेकिन जिस तरह देश के कोने कोने से यहां श्रृद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है, उससे ऐसा लगता है कि महाकुंभ असर समूचे देश की राजनीति पर पड़ने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर उनके मंत्री मंडल के सदस्यों के अलावा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों,मंत्रियों, अधिकारियों और यहां तक कि कुछ राज्यों के विपक्षी दल के नेताओं ने भी बढ़ संगम स्नान किया। भले ही राहुल गांधी और प्रियंका गांधी इस बार महाकुंभ नहीं आये, लेकिन कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्री, दिग्विजय सिंह और अखिलेश यादव जैसे दिग्गज नेताओं ने भी संगम में डुबकी लगाई।राहुल गांधी के खास कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने भी संगम में डुबकी लगाई और अपने को सनातनी बताया।ये कहना फिलहाल तो मुश्किल है कि महाकुंभ का सीधा राजनीतिक लाभ किसे मिलेगा,लेकिन भाजपा देश में हिंदुत्व की राजनीति का आईना है तो साफ है कि वह पृथ्वी पर विश्व की सबसे बड़ी आध्यात्मिक सभा कहे जाने वाले इस विशाल धार्मिक उत्सव का पूरा राजनीतिक फायदा उठाएगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ के आयोजन को लेकर बहुत मेहनत की है।मुख्य और अमृत स्नान पर्व पर पूरी रात उन्होंने लखनऊ में अपने निवास से मानिटरिंग की। व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए उन्होंने लखनऊ-प्रयागराज को एक कर दिया।इसके पहले किसी और मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज का दौरा नहीं किया जितना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। यातायात से लेकर हर व्यवस्था की उन्होंने निगरानी की और उच्च अधिकारियों की फौज यहां उतार दी।महाकुंभ का औपचारिक समापन भी श्री योगी ने किया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उत्तर प्रदेश सरकार और सीएम योगी के प्रयासों से ही महाकुंभ का संदेश देश के सुदूर इलाकों में भी पंहुचा जिससे लोगों ने अपने अपने तरीके से प्रयागराज का रुख किया। हैदराबाद के सुदूर से कोई आटो रिक्शा से आया, बिहार से कोई नाव चला कर आया तो कोई हजारों किलोमीटर का सफर साइकिल से तय कर आया।यानी हर समस्या और तकलीफ पर आस्था का जज्बा भारी रहा।महाकुंभ और राजनीति की बात करना कुछ अटपटा जरूर लगता है,लेकिन पिछले अनुभव से राजनीतिक हल्कों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि महाकुंभ का असर 2025 में बिहार, 2026 में पश्चिम बंगाल और 2027 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव समेत 2029 के लोकसभा चुनाव तक बड़ा असर दिखाने वाला है?संगम तीरे कुम्भ से निकले संदेश कालांतर में देश की राजनीति में हलचल मचाते रहे हैं।इतिहास ये याद दिलाता है कि कुम्भ से निकला कोई भी संदेश देश की सियासत की चाल जरुर बदलता है।कुम्भ से निकले संदेश ने हमेशा भाजपा के लिए राह बनाई है।सन 2001 की घटना एक अपवाद है जब कुम्भ में सोनिया गांधी ने आस्था की डुबकी लगाई थी और बाद में कांग्रेस की गठबंधन सरकार बनी जो दस साल तक चली।अगर बात साल 2013 के कुम्भ की करें तो पता चलता है कि तब के इलाहबाद कुंभ में 7 फरवरी को धर्म संसद में नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में नाम लेकर संतों ने समर्थन किया था और 2014 में वह भाजपा के उस समय के दिग्गज वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी के बावजूद प्रधानमंत्री बने।हालांकि नरेंद्र मोदी तब कुंभ स्नान करने तो नहीं आए थे।

लेकिन वह इसके छह साल बाद 2019 के अर्धकुंभ में बतौर प्रधानमंत्री के रूप में संगम स्नान करने आए। उल्लेखनीय है कि उस समय लोकसभा चुनाव का ऐलान होने में 15 दिन बाकी थे।यहां ये गौरतलब है कि करीब 42 साल बाद देश के किसी प्रधानमंत्री ने संगम में स्नान किया था। जानकारी के लिए बता दें कि नरेंद्र मोदी से पहले इंदिरा गांधी 1966 में पीएम बनने के अगले ही दिन कुंभ मे संगम पहुंची थीं।यहां ये नहीं भूलना चाहिए कि महाकुंभ 2025 पिछले हर कुम्भ से एकदम अलग था।श्रृद्धालुओं की संख्या ने दुनिया भर के तमाम आयोजनों के रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। जाहिर है कि इसका प्रभाव भी पिछले आयोजनों से व्यापक होगा।अभी बिहार में फिर सन 2026 में पश्चिम बंगाल,केरल,तमिलनाडु और असम में विधानसभा चुनाव होने हैं।महाकुंभ के दौरान ही भाजपा ने दिल्ली की चुनौती पार कर ली।अब पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भाजपा के लिए बड़ी चुनौती हैं।विधानसभा चुनाव ही नहीं 2024 के लोकसभा चुनावों में भी ममता बनर्जी ने बंगाल में भाजपा की राह रोक दी थी।

# कुर्मी रैली: नीतीश की भाजपाई घेरेबंदी शुरू

**80 के पूरे दशक के दौरान, बिहार में एक और सेना काम कर रही थी, जिसका नाम भूमि सेना है और ये मुख्यतः कुर्मी जाति के लोगों द्वारा बनाई गयी सेना था। बात की शुरुआत इस तथ्य से इसलिए, ताकि हम समझ सके कि कुर्मी जाति जैसे भूमिहारों की तरह ही आबादी में भले कम हो, लेकिन लैंड होल्डिंग और प्रति व्यक्ति आय के मामले में अन्य पिछड़ी जातियों से कहीं आगे है (कुशवाहा समेत)। 21वीं सदी में लैंड (जमीन) से बड़ा कोई रिसोर्स नहीं है और इस पर कुर्मी जाति का अच्छा-खासा असर है। फिर भाजपा विधायक और कुर्मी रैली के आयोजक मंटू सिंह यह क्यों कहते नजर आएं कि कुर्मी जाति कई उपजातियों में बंटी हुई है और जब तक कुर्मी जाति की तमाम उपजाति एकजुट नहीं हो जाती है।**



शशि शेखर

हाल ही में जद(यू) के लोकल नेता से जब इन पंक्तियों के लेखक ने कहा कि यह बड़ा अद्भुत है कि जिस राज्य में जातीय राजनीति चरम पर हो, वहाँ के 18 साल पुराने मुख्यमंत्री एक ऐसी जाति (कुर्मी) से आते हैं, जो महज 3 फीसदी से भी कम है। इस पर वे तकरीबन गुस्से में बोले कि आपने ऐसे कैसे बोल दिया कि हम 3 फीसदी है, हम 12 फीसदी है। बाकायदा वे कुर्मी जाति की उपजातियों का विश्लेषण भी करने लगे। अर्थात, बिहार का अजातीय चक्रव्यूह ऐसा है, जिसे कोइ कास्ट सर्वे, कास्ट सेन्सस और राजनीतिक विश्लेषक न ठीक से समझ सकता है, न समझा सकता है। आइये, इसी नजरिये से हम हाल ही के कुर्मी रैली (भाजपा विधायक द्वारा आहूत) को समझाने की कोशिश करते है कि आखिर यह नीतीश कुमार की घेरेबंदी के लिए थी या निशांत कुमार की एंट्री को ग्रांड बनाने की कोई कोशिश। हाँ, ध्यान रखना होगा कि उक्त रैली में काफी बुलाए जाने पर भी नीतीश कुमार नहीं पहुंचे थे।

**भूमि सेना के बारे में सुना है? :** बिहार में जातीय सेनाओं के नाम पर अक्सर लोग रणवीर सेना या कुंअर सेना का नाम ही कोट करते हैं। लेकिन, आपको जानना चाहिए की 80 के पूरे दशक के दौरान, बिहार में एक और सेना काम कर रही थी, जिसका नाम भूमि सेना है और ये मुख्यतः कुर्मी जाति के लोगों द्वारा बनाई गयी सेना था। बात की शुरुआत इस तथ्य से इसलिए, ताकि हम समझ सके कि कुर्मी जाति जैसे भूमिहारों की तरह ही आबादी में भले कम हो, लेकिन लैंड होल्डिंग और प्रति व्यक्ति आय के मामले में अन्य पिछड़ी जातियों से कहीं आगे है (कुशवाहा समेत)। 21वीं सदी में लैंड (जमीन) से बड़ा कोई रिसोर्स नहीं है और इस पर कुर्मी जाति का अच्छा-खासा असर है। फिर भाजपा विधायक और कुर्मी रैली के आयोजक मंटू सिंह यह क्यों कहते नजर आएं कि कुर्मी जाति कई उपजातियों में बंटी हुई है और जब तक कुर्मी जाति की तमाम उपजाति एकजुट नहीं हो जाती है, उन्हें उनका वाजिब हक नहीं मिल सकता है और यह रैली कुर्मी जाति की उपजातियों को एकजुट रखने के लिए हो रही है। तो, सबसे बड़ा सवाल यही है कि भूमि, प्रति व्यक्ति आय में आगे रहने वाली जाति, 18 साल से एक मुख्यमंत्री देने वाली जाति आखिर अब कौन सा बाजिव हक़ मांग रही है?

**घेरेबंदी की शुरुआत :** यह रैली असल में, मेरे हिसाब से, भाजपा द्वारा नीतीश कुमार की घेरेबंदी के अलावा कुछ नहीं है। इसलिए, कि इस वक्त नीतीश कुमार प्रगति यात्रा पर है, यह चर्चा आम है कि उनकी तबियत इन दिनों नासाज रहती है और निशांत कुमार की एंट्री लगभग तय है। जैसाकि मैंने पहले भी लिखा है की निशांत कुमार के जद(यू) ज्वाइन करने से सर्वाधिक नुकसान उस भाजपाई कंधे को होगा, जो पिछले 18 साल से नीतीश कुमार की पालकी इस आस में उठाए जा रहा है कि नीतीश कुमार जैसे बफर एजेंट के हटते ही बिहार की राजनीति द्वी-ध्रुवीय हो जाएगी और भाजपा फिर अकेले दम पर सत्ता में आ जाएगी। इसके लिए बाकायदा कई सालों से तैयारी भी चल रही थी। आरसीपी सिंह हो, उपेन्द्र कुशवाहा हो, प्रशांत किशोर हो, संजय झा हो, ये सारे लोग जद(यू) में यूं ही नहीं थे/हैं और यूं ही नहीं निकाले गए/निकल गए। चिराग पासवान जैसे ÷राजनीतिक हनुमान÷ (पावन भगवान का नामा भी नहीं छोड़ते ये राजनीतिक दल) से ले कर स्लीपिंग मोड़ में रह कर दूर से ही खबरे बताने वाले संजय दृष्टि वाले लोग इस भाजपाई उम्मीद के वाहक थे/हैं कि नीतीश जी जब संन्यास आश्रम को प्रस्थान करेंगे तब जद(यू) की क्लींजिंग कैसे की जाएगी। लेकिन, इस बीच निशांत कुमार के आने की खबर से वह उम्मीद, वह सपना टूटता नजर आ रहा है। ऐसे में, भारतीय संस्कृति की राजनीति करने वाली पार्टी अपने ही एक विधायक को आगे कर के कुर्मी रैली जैसी जातीय रैली कर के कोई पतित-पावनी गंगा जैसी शुद्ध राजनीति तो नहीं ही करने जा रही है।



**नीतीश के तीर :** जद(यू) के मुखिया नीतीश कुमार अपने 'तीर' को अब किस दिशा में उडाएंगे, कोई नहीं जानता। लेकिन, इतना तो तय है कि वे अपने जीते-जी अपने हाथों से बनाई पार्टी को डूबते देखना नहींचाहेंगे और उन्हें 2020 के चुनाव के समय से ही (चिराग पासवान के अकेले चुनाव लड़ने वाले निर्णय) यह भलीभांति एहसास हो गया है कि उनकी पार्टी को ख़त्म करने के लिए भाजपा कुछ भी कर सकती है। ऐसे में ताजा कुर्मी रैली में भी नीतीश कुमार नहीं पहुंचे।

यह कहना कि यह एनडीए की रैली थी, मुझे समझ नहीं आता। यह विशुद्ध भाजपाई रैली थी। और तकरीबन 3 फीसदी वोट के लिए भाजपा नीतीश कुमार से पंगा ले ले, यह भी समझ नहीं आता। ऐसे में, यह समझना होगा कि यह रैली महज कुर्मी समाज को खींचने के लिए नहीं थी। यह एक परसेप्शन बनाने के लिए थी कि अब नीतीश कुमार का समय ख़त्म हो गया है। लेकिन, हमें यह भी समझना होगा कि नीतीश कुमार ने कभी 3 फीसदी वोट के बदौलत राजनीति की ही नहीं। उनकी बुनियाद में वहीं मंडलवादी राजनीति है, जिसके दम पर आज भी राजद बिहार की बड़ी मजबूत पार्टी बनी हुई है। तो, इंतज़ार कीजिये। देखिये कि निशांत कुमार की ताजपोशी कब होती है, कैसे होती है। भाजपा के लोग इस ताजपोशी मंत्रोच्चार करते नजर आएँगे या एक बार फिर नीतीश कुमार की अंतरात्मा सुबह की सैर पर लालू प्रसाद यादव के आवास की ओर निकल पड़ेगी?

बेसिक शिक्षा मंत्री ने दिया जवाब

# निजी स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति में वृद्धि का कोई विचार नहीं

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा का बजट सत्र जारी है। सोमवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें सत्ता पक्ष के नेताओं ने विपक्ष के उठाए गए सवालों के जवाब दिए। एक सवाल के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि आरटीई में निजी स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति में वृद्धि का सरकार का कोई विचार नहीं है। वहीं, दोपहर 3.15 बजे तक के लिए विधान परिषद की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

विधान परिषद की कार्यवाही में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब तक भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, कोई माई का लाल आरक्षण नहीं छीन सकता है। वे सदन में सपा सदस्यों की ओर से निजीकरण के खिलाफ लाए गए कार्यस्थगन प्रस्ताव पर बोल रहे थे। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव का कहना था कि बिजली विभाग के निजीकरण के जरिये सरकार आरक्षण को खत्म करने की साजिश रच रही है।

वहीं, सपा के डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि निजीकरण का छिपा एजेंडा आरक्षण खत्म करना है। निजीकरण का ही नतीजा है कि कुंभ के दौरान दिल्ली से प्रयागराज का किराया, दिल्ली से लंदन तक के किराये से महंगा हो गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री को टूटी सीट पर बैठकर सफर करना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष ने लाल बिहारी यादव ने कहा कि सरकारी विभागों के निजीकरण किए जाने से नौकरी की कोई गारंटी नहीं रह जाएगी। इस पर केशव ने कहा कि सपा के लिए व्यक्ति और परिवार के बाद पार्टी और देश है, जबकि हमारी विचारधारा में देश सबसे ऊपर है। उसके बाद दल और व्यक्ति का नंबर आता है।

**पांच मार्च तक चलेगा सदन**

विधानसभा का बजट सत्र पांच मार्च तक चलेगा। पांच मार्च तक विधानसभा और विधान परिषद दोनों चलती रहेंगी।

# बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

# स्कूल पर बच्चों को अच्छा इंसान बनाने की होती है नैतिक जिम्मेदारी : अनुपमा

अवधनामा संवाददाता



**सीएमएस के मेधावी छात्र सम्मानित**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में विद्यालय के मेधावी छात्रों को सार्वजनिक रूप से प्रशिस्त पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस भव्य समारोह में प्री-प्राइमरी व प्राइमरी के मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष भर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस के छात्रों ने शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। इसके उपरान्त छात्रों ने गीत-संगीत, नृत्य, भाषण, लघु नाटिका आदि की मनोहारी प्रस्तुतियों के माध्यम से सार्वभौमिक जीवन मूल्यों, विश्वव्यापी चिंतन, विश्व समाज की सेवा एवं प्रत्येक कार्य में उत्कृष्टता का अभूतपूर्व अलख जगाया। अभिभावकों ने नन्हें-मुन्हें छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उत्कृष्ट शिक्षा पद्धति हेतु सी.एम.एस. का आभार व्यक्त किया। यह 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' विद्यालय की गतिविधियों में अभिभावकों को साझीदार बनाने में अत्यन्त सफल साबित हुई।

सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस की प्रधानाचार्या अनुपमा चेकर ने इस अवसर पर कहा कि स्कूल पर बालक को एक अच्छा इंसान बनाने की नैतिक जिम्मेदारी होती है और यह पुनीत कार्य अभिभावकों के सहयोग से ही संभव है। मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि हमें अभिभावकों का सहयोग निरन्तर मिल रहा है। इसके लिए अभिभावकों का हृदय से आभार व्यकत करती हूँ।

# इलेक्ट्रिशियनों के लिए विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, प्रधान कार्यालय में सी.एम.एस. इलेक्ट्रिशियनों के लिए विद्युत सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के सभी इलेक्ट्रिशियनों को उनके सराहनीय कार्य हेतु आभार व्यक्त करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले सेफ्टी शूज एवं सेफ्टी किट वितरित किये। प्रो. किंगडन ने इस अवसर पर कहा कि सी.एम.एस. के सभी 21 कैम्पसों में बिजली की बुनियादी सुविधाओं को बनाये रखने में आप सभी इलेक्ट्रिशियनों का अहम योगदान है। सी.एम.एस. अपने सभी कार्यकर्ताओं की सुरक्षा व कार्य की गुणवत्ता को बनाये रखने हेतु सतत् प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया यह कार्यशाला न सिर्फ इलेक्ट्रिशियनों के कार्य व सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है अपितु सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन करने हेतु जागरूकता बढ़ाने में मददगार है। इस अवसर पर सी.एम.एस. के हेड, कन्सट्रक्शन प्रशांत वर्मा ने सी.एम.एस. की उच्चतम सुरक्षा मानकों के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

कार्यशाला का उद्देश्य सी.एम.एस. के इलेक्ट्रिशियनों को विद्युत कार्यस्थल को सुरक्षित बनाने के लिए सुरक्षात्मक उपकरणों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में सी.एम.एस. के सभी कैम्पसों के 63 इलेक्ट्रिशियनों ने प्रतिभाग किया।

# बेशकीमती जमीन कब्ज़ा रहे भूमाफिया

**सुल्तानपुर।** एक बार फिर तेजी से नजूल और सरकारी जमीनों पर कब्जे का खेल शुरू हो गया है। सरकारी नल और नगर पालिका द्वारा बनाया गया सार्वजनिक मूत्रालय रातों रात गायब कर दिया गया। मूत्रालय और सरकारी नल के पीछे की खाली पड़ी जमीन को कब्जा करने के लिए अज्ञात भूमाफिया सक्रिय हो गए हैं। खाली पड़ी जमीन पर कब्जे की जानकारी लगते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश,वे इकट्ठा हो रहे हैं। नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक मूत्रालय और पानी का नल का निर्माण करवाया गया था।भूमाफिया रमजान और होली के पर्व को लेकर व्यस्त हुए जिला प्रशासन का लाभ उठाने की तैयारी में हैं। नगर में कई और जगह नजूल व सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने की तैयारी में भूमाफिया जुट गए हैं। बांस बल्ली के सहारे पन्नी,त्रिपाल व अन्य तरीके से नजूल और सरकारी जमीनों को ढक कर निर्माण करवाने की तैयारी में भूमाफिया हैं।

# राष्ट्रीयकृत बैंकों की तरह सहकारी बैंक भी कर रही है कार्य : योगेंद्र प्रताप

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पिछले 4 वर्षो से बैंक लाभ पर है।169 समितियां को हमारी बैंक ने जो मृत प्राय पड़ी थी उन्हें 10 लख रुपए का लोन देकर व्यवसाय करना शुरू कर दिया है। सुल्तानपुर जनपद में 115 सरकारी समितियां हैं और 70 समितियां अमेठी में जिन समितियां ने लोन लिया है। वहां पर प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में ऑडिट भी हो रहा है। ऋण वितरण का कार्य 300000 तक हमारी बैंक दे रही है। अन्य बैंकों की तरह हमारी बैंक भी केसीसी और सभी सुविधाएं किसानों को प्रदान कर रही है। हम सभी समितियां को कंप्यूटरीकृत एवं बारकोड देने के लिए जल्द से जल्द प्रयास कर रहे हैं और यह सुविधा जल्द शुरू हो जाएगी। सुल्तानपुर जनपद में पदारथपुर मॉडल समिति के रूप में कार्य कर रही है। पांच पांच केंद्र सुलतानपुर और अमेठी के लिए जन औषधि केंद्र खोलने के लिए प्रार्थना पत्र दिए हैं, जल्द यहां पर यह सुविधा किसानों को मिलने लगेगी। जनपद में छोटे दुकानदार पटरी गुमटी दुकानदारों को शहर के अंदर हमारी बैंक एक से तीन लाख तक का लोन देने का कार्यकाल शुरू करेगी। अभी हमारी बैंक यह सुविधा 1 अप्रैल से 50 से 1 लाख तक का लोन देने का कार्य भी शुरू करने जा रही है। हमारे सभी समितियां सुचारू से कार्य कर रही हैं।सहकारी बैंक लोन लेने की स्थिति में है और हम सभी किसानों को उनका पैसा भी वापस कर रहे हैं। आम राष्ट्रीयकृत बैंक की तरह सुल्तानपुर जिला सहकारी बैंक भी कार्य कर रही है। सुल्तानपुर जनपद में 136291 खाता धारक पूरी जनपद में है। सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि बहुत जल्द हमारी बैंक के अन्य सुविधाएं भी देना प्रदान कर देंगे।खातेदारों का जो पैसा बैंक में है। जरूरत पड़ने पर उन्हें हम वापस कर रहे हैं। जो भी खातेदार पैसा चाहता है,उसे तुरंत पैसा दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जल्द ही इसौली को मिलेगा गर्ल्स डिग्री कॉलेज : ताहिर



**सुल्तानपुर।** 187 इसौली विधानसभा के इसौली को जल्द ही गर्ल डिग्री कॉलेज मिलेगा। विधायक ताहिर खान ने नियम 103 के तहत विधानसभा में गर्ल्स डिग्री कॉलेज का मुद्दा उठाया।विधायक ने बताया इसौली में गर्ल्स डिग्री कॉलेज जरूरी है। तराई क्षेत्र होने की वजह से इसौली क्षेत्र मुख्य धारा से नही जुड़ पा रहा है। ज्यादातर बच्चियां हायर एजुकेशन से वंचित रह जा रही है। इस लिए भी इसौली में गर्ल्स डिग्री कॉलेज अत्यंत आवश्यक है।

### सेंध काटकर लाखों की कीमत के समान उड़ाए

**सुल्तानपुर।** चोरों ने घर में सेंध काटकर घर में रखे जेवरात उड़ा लिए। गृहस्थी के कीमती सामान के साथ ही बर्तन और अनाज भी नहीं छोड़ा। सुबह परिजन सोकर उठे तो चोरी की घटना देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित परिजनों ने पुलिस क सूचना दी। गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के मिरदासपुर गांव का मामला बताया जा रहा है। कोतवाल अखिलेश सिंह बोले,जांच पड़ताल के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### दबाव से बाहर नहीं निकल पा रहा समाज कल्याण विभाग

**सुल्तानपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सम्पन कराना विभाग के लिये चुनौती बना हुआ है। लाखो रूपये खर्च करके मोतिगरपुर ब्लाक मे आयोजित विवाह समारोह के कार्यक्रम शुरू होने के 1 घंटे पहले अचानक कैंसिल करके विभाग ने अपनी किरकिरी करा ली है। भले हीं राजनीतिक दबाव मे कार्यक्रम को कैंसिल किये जाने की बात कही जा रही हो, पर जो टेंट, भोजन निर्मित खाद्य सामग्री बर्बाद हुई उसके खर्च की भरपाई विभाग के जिम्मेदार किस मद से करेंगे, यह सवाल यच्छ प्रश्न बना हुआ है।

### जन सेवा केन्द्रों में आधार कार्ड बनवाए की मांग



**महोबा।** प्रदेश के प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के बच्चे व अभिभावक आधार कार्ड बनवाने तथा आधार कार्ड में नाम संशोधन करवाने में भारी परेशानी में जूझ रहे है। एक ब्लाक में आधार कार्ड बनाने के सेंटर दो से तीन ही है, ऐसी स्थिति में बच्चे पढाई छोड़ कर आधार कार्ड बनवाने के लिए कई कई दिन तक केन्द्रों पर भटकते रहते है। बच्चों की इस समस्या को विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने सदन में जोर दारी से उठाते हुए सभी जन सेवा केन्द्रों में यह सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। मालूम हो कि आधार कार्ड सेंटर काफी कम होने से बच्चों को परेशानी के साथ साथ आर्थिक शोषण का भी सामना करना पड़ रहा है। एमएलसी ने नियम 110 के अंतर्गत सदन का ध्यान आकृष्ट कराया है, कि सदन में वक्तव्य एंव चर्चा कराई जाए। आधार कार्ड की समस्या का मुद्दा सदन में जोरदार तरीके से गूंजा। इस लोक महत्व के सुनिश्चित विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रदेश के सभी प्राथमिक एंव जूनियर विद्यालयों के बच्चों और अभिभावकों के आधार कार्ड बनाए जाने एंव आधार कार्ड में नाम संशोधन के लिए प्रदेश के सभी जन सेवा केन्द्रों में सुविधा उपलब्ध करा कर सदन में चर्चा कराए जाने की मांग की है।

### ईओ के नेतृत्व में पात्रों का डोर टू डोर किया जा रहा सर्वे



**महोबा।** कस्बा चरखारी में प्रधानमंत्री आवाज योजना के तहत नई पहल शुरू कर दी गई है। नगर पालिका चरखारी के अधिशासी अधिकारी समरजीत के नेतृत्व में टीमें डोर टू डोर सर्वे करने में जुट गई है। सर्वे दौरान पाया गया कि तमाम विधवा महिलाओं और दिव्यांग जिनके कच्चे मकान है वह योजना से अनजान बने हुए है। नगर पालिका चरखारी के अधिशासी अधिकारी ने सर्वे के दौरान ऐसे तमाम पात्र लोगों के आवेदन भरवाए। ईओ ने अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों की सूची जिला प्रशासन को भेज दी है। जिला अधिकारी मृदुल चैधरी के निर्देश पर यह जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# 'एडिटोरियल कमांड' न होने से तथ्यहीन ख़बरों को मिलता है बढ़ावा : डॉ. सुधीर

अवधनामा संवाददाता



**प्रिंट टीवी एवं डिजिटल पत्रकारिता के मायने विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार**

**गजरौला (अमरोहा)।** देश के वरिष्ठ 'पत्रकार' (प्रिंट एवं टीवी पत्रकार) डॉ.रामकिनकर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार श्री गोपाल नारसन, टेक वन के निदेशक वरिष्ठ पत्रकार इमरान जाहिद ने 'राष्ट्र विकास में पत्रकारिता के मायने एवं विकसित भारत@2047 में लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ' की महत्ता को बताया।

तेजी से बदलते परिदृश्य में इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के प्रचार-प्रसार की रफ्तार बेहद तेज, पर विश्वसनीयता के मामले में प्रिंट मीडिया आज भी सबसे ऊपर- डॉ.रामकिनकर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार/मुख्य वक्ता। देश भर के अलग-अलग मीडिया संस्थानों के 200 से अधिक पत्रकारिता के छात्र-छात्राओं एवं पत्रकारों ने राष्ट्रीय सेमीनार में की शिरकत।

सोशल एवं डिजिटल मीडिया सूचनाओं के प्रसार का आधुनिक माध्यम, पर कोई 'एडिटोरियल कमांड' ना होने के कारण कई बार भ्रामक एवं तथ्यहीन ख़बरों को मिलता है बढ़ावा- डॉ.सुधीर गिरि, विख्यात शिक्षाविद एवं संस्थापक अध्यक्ष,वेंकेटेश्वरा समूह।मीडिया सदियों से देश के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति, शोषितों, वंचितों एवं देश के हुक्मरानों के बीच 'सेतू' बनकर न्याय दिलाने का काम करता आया है- डॉ.राजीव त्यागी, प्रतिकुलाधिपति, श्री वेंकेटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान। बढ़ते आर्थिक/सामाजिक दबावों, गलाकाट प्रतिस्पर्धा के बावजूद हजारों 'मिशनरीज पत्रकारिता' करने वाले मीडिया बन्धुओं के कारण 'लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पत्रकारिता' का सम्मान आज भी शिखर पर है- ईमरान जाहिद, वरिष्ठ प्रिंट एवं टीवी जर्नलिस्ट एवं निदेशक, टेक वन नोएडा।

# दलित अभियंता को योग्यता होते हुए भी न बुलाये जाने पर विरोध

**लखनऊ।** प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में 17 निर्देशकों के पद पर 6 मार्च को होने वाले साक्षात्कार में किसी भी दलित अभियंता को योग्यता होते हुए भी ना बुलाये जाने के विरोध में आज उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में एक 7 सदस्यो वाला प्रतिनिध मंडल अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री बैजनाथ रावत जी से इंदिरा भवन उनके कार्यालय में मुलाकात कर एक ज्ञापन सोपा और यह मांग उठाई की जहां प्रदेश के 42 जनपदों के निजीकरण में आरक्षण समाप्त करने की साजिश की जा रही है वही हद तब हो गई जब पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के इशारे पर प्रदेश की बिजली कंपनियों में होने वाले निर्देशकों के साक्षात्कार हेतु किसी भी विभागीय दलित अभियंता को नहीं बुलाया गया जो अपने आप में ऊर्जा क्षेत्र में दलित अभियंताओं के साथ बहुत बड़ा कुठाराघात है।

# डीएम व एसपी ने गौ संरक्षण केंद्र का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी कुमार हर्ष व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा निर्माणाधीन गौ-संरक्षण केन्द्र अलहदादपुर, वि0ख0 दूबेपुर, तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन 04 कैटल शेड, भूषा घर, 02-बड़ी पानी पीने की चरही, 01-छोटी चरही, सोलर पम्प, बाउण्ड्रीवाल, कैटलक्रश, इण्टरलॉकिंग, गेट आदि का कार्य प्रगति पर पाया गया।

निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ के अवर अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त निर्माणाधीन गौ-सरंक्षण केन्द्र की कुल लागत-1.60 करोड़ है, जिसमें प्रथम किश्त के रूप में 80 लाख रूपये प्राप्त हुए थे। उक्त निर्माणाधीन गौ-संरक्षण केन्द्र का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उक्त निर्माण कार्य की गुणवत्ता व भौतिक सत्यापन हेतु जिला स्तरीय जॉच कमेटी की रिपोर्ट के बाद अग्रिम किश्त हेतु यू.सी. शासन को प्रेषित किया जाना प्रक्रियाधीन है। उन्होंने अवगत कराया कि गौ-संरक्षण केन्द्र की इण्टरलॉकिंग, बाउण्ड्रीवाल, कैटल शेड आदि का कार्य प्रगति पर है।

# 5 मार्च से डॉ. दरबारी लाल अस्थाना स्मृति नाट्य समारोह

**लखनऊ।** वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार 3 मार्च को गोमती नगर के विनय खंड चार स्थित भारतीयम् भवन में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस आयोजन में डॉ. दरबारी लाल अस्थाना के पुत्र एवं वरिष्ठ रंगकर्मी पुनीत अस्थाना सहित अन्य वशिष्ट जन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर यह औपचारिक घोषणा भी की गई कि संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली की प्रोडक्शन ग्रांट के अंतर्गत लखनऊ कम्युनिकेशन सोसाइटी की ओर से वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी डॉ. दरबारी लाल अस्थाना की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें समर्पित तीन दिवसीय नाटय समारोह, अयोध्या रोड स्थित अवध एकेडमी इंटर कॉलेज परिसर में पांच से सात मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इसके संयोजक मंडल में विजय लक्ष्मी गुप्ता, दबीर सिद्दीकी और नीशू त्यागी शामिल हैं।

# दानिश आज़ाद अंसारी की पहल का एआइपीएमएम ने किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**रमज़ान: इबादत, संयम और आत्मशुद्धि का महीना**

**लखनऊ।**उत्तर प्रदेश के पसमांदा मुस्लिम समाज के युवा और कर्मठ नेता, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री दानिश आज़ाद अंसारी ने रमज़ान के पवित्र महीने के अवसर पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (ष्ठक्क) को पत्र लिखकर मस्जिदों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और विशेष रूप से जुमे के दिन सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने का अनुरोध किया है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इस पहल का स्वागत करता है और इसे एक सकारात्मक कदम मानता है, जो रमज़ान के दौरान नमाजियों को सुरक्षा और शांति का भरोसा प्रदान करेगा।

संगठन ने दानिश आज़ाद अंसारी से आग्रह किया है कि वे इस मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए मुसलमानों और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा करें।

रमज़ान इस्लाम धर्म में आत्मसंयम, इबादत और आध्यात्मिक शुद्धि का विशेष महीना है। इस दौरान लाखों रोज़ेदार अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन करते हुए मस्जिदों में नमाज़ अदा करते हैं। विशेष रूप से जुमे के दिन मस्जिदों में भीड़ अधिक होती है, जिससे कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर ध्यान देना एक महत्वपूर्ण कदम है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इस पहल का समर्थन करता है और प्रशासन से अपील करता है कि इस निर्देश को गंभीरता से लेकर प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

महाज़ का मानना है कि श्री दानिश आज़ाद अंसारी, उत्तर प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक समुदाय से एकमात्र मंत्री होने के नाते, केवल सुरक्षा तक सीमित न रहें, बल्कि पसमांदा मुस्लिम समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और राजनीतिक भागीदारी से जुड़े मुद्दों को भी सरकार के समक्ष प्रभावी रूप से उठाएं।

# सामाजिक बदलाव के लिए नारी शक्ति की भूमिका अहम

अवधनामा संवाददाता



**डाक विभाग द्वारा 'नारी शक्ति सप्ताह' (3-8 मार्च) का आयोजन**

**लखनऊ।** नारी सृजन, सम्मान और शक्ति की अद्वितीय प्रतीक है। नारी आज न सिर्फ सशक्त हो रही है, बल्कि लोगों को भी सशक्त बना रही है। नारी को समाज में उसका उचित स्थान देकर ही नए आयाम गढ़े जा सकते हैं। नारी सशक्तिकरण के लिए डाक विभाग द्वारा तमाम सेवाएँ संचालित की जा रही हैं। महिला सम्मान बचत पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना से लेकर विभिन्न बचत योजनाओं, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और डाक जीवन बीमा में महिलाओं को निवेश के लिए प्रेरित कर उनका आर्थिक सशक्तिकरण भी किया जा रहा है। उक्त उद्गार उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के क्रम में आरंभ 'नारी शक्ति सप्ताह' (3-8 मार्च) के शुभारंभ अवसर पर 3 मार्च, 2025 को व्यक्त किये। आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट, खानपुर, अहमदाबाद के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यादव ने डाक सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि भारत सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं की बदौलत महिलायें आज सामाजिक व आर्थिक बदलाव की नई कहानियाँ गढ़ रही हैं। 'अहर्निशं सेवामहे' के तहत डाक विभाग अब लोगों तक सिर्फ पत्र ही नहीं पहुँचा रहा, बल्कि सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है और इनमें महिलाओं की अहम भूमिका है। नारी सशक्तिकरण के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि गुजरात परिमंडल में 15 लाख से ज्यादा बेटियों के सुकन्या समृद्धि खाते कार्यान्वित हैं, वहीं 3,500 से ज्यादा गांवों को सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम बनाया गया है। 1.40 लाख से अधिक महिला सम्मान बचत पत्र खाते खोले गए हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के 37 लाख से ज्यादा खाते खोले गए हैं, जिनमे 48त्न खाते महिलाओं के हैं। नारी शक्ति आत्मनिर्भर बनेगी तो आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना भी साकार होगी। ऐसे में नारी का आर्थिक सशक्तिकरण आज सिर्फ एक जरूरत ही नहीं बल्कि विकास और प्रगति का अनिवार्य तत्व है।

अवधनामा



# जिलाधिकारी ने की सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागीय कार्यों के प्रति सचेत रहें। विभागीय योजनाओं की लगातार समीक्षा की जाये। लक्ष्य हासिल करने के लिए विशेष परिश्रम किया जाये। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में समय व गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये। उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता को कड़ी फटकार लगायी तथा प्रोजेक्ट मैनेजर की अनुपस्थिति पर नाराजगी जतायी। इस सम्बन्ध में उन्होंने शासन को रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा। जिला उद्यान अधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने एक दिन का वेतन काटते हुए शासन को रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा। पिहानी में एक परियोजना की धीमी प्रगति पर जल निगम नगरीय के सहायक अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए तथा कहा कि एक सप्ताह में कार्य पूर्ण न होने पर जवाबदेही तय की जाएगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने शासन को रिपोर्ट प्रेषित करने को भी कहा। राजकीय निर्माण को कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए शासन को सूचित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि सीएम डैशबोर्ड की रैकिंग में सुधार पर विशेष ध्यान रखा जाये। निर्माण कार्यों में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। ई ऑफिस के कार्य में तेजी लायी जाये। जिनके मेल व डीएससी बन चुके हैं उनकी ओर से कोई फ़ाइल ऑफ़ लाइन मोड में स्वीकार नहीं की जाएगी। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। ख़राब निस्तारण गुणवत्ता के लिए सम्बंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। शिकायत निस्तारण में शिकायतकर्ता से संपर्क अवश्य किया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गाड़ी में शव को न रखवाने से नाराज सिपाही ने ट्रैकमैन से की मारपीट

**महोबा।** रेलवे ट्रैक से शव हटाने के बाद रेलवे ट्रैकमैन और पुलिस के बीच विवाद हो गया, विवाद बढने पर सिपाही ने ट्रैकमैन की मारपीट कर दी। इससे नाराज होकर रेलवे कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक महोबा से शिकायत कर सिपाही के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मालूम हो कि झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र मे रेलवे ट्रैक पर एक ग्रामीण की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। ट्रैकमैन टीकाराम ने रेलवे ट्रैक पर पड़े शव को ट्रैक से हटा दिया और ट्रैनों का अवागमन शुरू हो गया है। सूचना पर पहुंचे सिपाही अमरेश तिवारी ने ट्रैकमैन से शव को पुलिस वाहन में रखने को कहा जिस पर ट्रैकमैन ने पुलिस से स्वय अपना काम करने की बात कहकर शव को गाड़ी मे रखने में मना कर दिया।

ट्रैकमैन के मना करने से नाराज सिपाही उसे गाली गलौज करने लगा, ट्रैकमैन जैसे ही मोबाइल निकाल कर वीडियो बनाना चाहा तो सिपाही ने उसका मोबाइल छीनकर कई थप्पड़ लगा दिए।

# बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न

## महाविद्यालय में भावुक पल, रंगारंग प्रस्तुतियों और विदाई संदेशों के साथ छात्रों को दी शुभकामनाएँ

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** बीएसए (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के प्रतिष्ठित प्रोफेसरगण और महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन शर्मा, भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. खुशवंत सिंह एवं डॉ. रवीश शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने इस विदाई समारोह को अविस्मरणीय बनाने के लिए संगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा गायन और वादन की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान और सामान्य ज्ञान से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे गए। विजेता टीम को सम्मानित किया गया। वॉलपेपर प्रदर्शनी के अंतर्गत भौतिकी के नवीनतम शोध एवं विज्ञान के रोचक तथ्यों को प्रदर्शित किया गया, जिसे सभी ने सराहा। हास्य और प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति ने माहौल को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. ललित मोहन शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा ÷विदाई सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक नई यात्रा की शुरुआत है। आप सभी ने यहाँ ज्ञान अर्जित किया, मित्र बनाए और जीवन के महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए। अब समय है कि आप अपने सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ें। हमेशा सीखते रहिए, अपने गुरुजनों और माता-पिता का सम्मान कीजिए और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहिए। महाविद्यालय को आप पर गर्व रहेगा। भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. रवीश शर्मा ने कहा कि ÷जीवन में चुनौतियाँ आएंगी, लेकिन आप जिस ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे, वही आपको सफलता की ओर ले जाएगा। भौतिक विज्ञान में आइंस्टीन और न्यूटन ने जिस तरह जिज्ञासा और लगन के साथ कार्य किया, उसी तरह आप भी अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें। विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. खुशवंत सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷आप सभी का यह सफर भले ही समाप्त हो रहा हो, लेकिन असली परीक्षा अब शुरू होती है। ज्ञान को सिर्फ किताबों तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने जीवन में अपनाएं और समाज की भलाई के लिए उपयोग करें।छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय में बिताए गए सुनहरे दिनों को याद किया। अंतिम वर्ष के छात्रों ने कहा कि–यह महाविद्यालय न केवल एक शिक्षण संस्थान रहा, बल्कि हमारे व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी रहा है। हम अपने गुरुजनों और मित्रों को याद करेंगे। विदाई समारोह का समापन आभार व्यक्त करने के साथ हुआ, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने एक-दूसरे के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर संपूर्ण विभाग ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और यह कार्यक्रम सभी के लिए यादगार बन गया। इस अवसर पर विभाग के अन्य वरिष्ठ प्रोफेसरगण डॉ. शिवराज भारद्वाज, डॉ के.वाई. सिंह, श्री हिम्मत सिंह, , पंकज कुशवाहा, डॉ. रुद्राक्ष तिवारी व काशदेव शर्मा भी उपस्थित रहे।

## धार्मिक यात्रा पर वृंदावन पहुंचे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला

**मथुरा।** लोक सभा स्पीकर ओम बिरला एक दिवसीय मथुरा दौरे पर है। सोमवार को वह सर्वप्रथम अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सह परिवार वृंदावन के केसी घाट पर पहुंचे। जहां उन्होंने वेदपाठी विप्रों के सानिध्य में कालिंदी का पूजा अर्चना कर आरती उतारी। जिसके चलते संपूर्ण परिसर मां यमुना महारानी के जयकारों से गुंजायमान हो गया। वही लोकसभा स्पीकर ओम बिरला जग प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर परिसर पहुंचे। जहां पर उनको मंदिर के सेवायतों ने प्रसादी पटका और माला पहना कर स्वागत किया। साथ ही ओम बिरला ने ठाकुर बांके बिहारी लाल का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया। पत्रकारों से रूबरू हुए श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने पवित्र धरा पर आकर मां यमुना महारानी का पूजन अर्चन किया है। यमुना की स्वच्छता के लिए व्यापक अभियान चल रहा है, जल्द ही यमुना साफ होगी। इसके बाद श्री बिरला अपने काफिले के साथ बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। जहां सह परिवार ठाकुर बांके बिहारी का पूजन अर्चन किया। इस दौरान सेवायत गोस्वामियों ने उन्हें ठाकुर जी की प्रसादी भेंट की। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं श्री बिरला का वृंदावन पहुंचने पर जोशीला स्वागत किया गया। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजाम रहे।

# महाबोधि विहार मुक्त कराने के लिए राष्ट्रपति के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन दिया

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** महाबोधि महाविहार को मुक्त करने की मांग को लेकर बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क द्वारा देश के 567 जिलों, सहित मथुरा से भी राष्ट्रपति को जिलाधिकारी, मथुरा के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को अत्यंत दुख के साथ यह निवेदन किया गया कि जिस पवित्र स्थल पर भगवान बुद्ध को संबोधि प्राप्त हुई, उस स्थान पर ब्राह्मणों द्वारा कब्जा किया जाना अत्यंत पीड़ादायक है। ज्ञापन में निम्नलिखित मुख्य मांगें रखी गई 1. महाबोधि टेंपल एक्ट 1949 बौद्ध समाज द्वारा नहीं बनाया गया, बल्कि यह ब्राह्मणवादी वर्चस्व बनाए रखने के लिए एक षड्यंत्रकारी कानून है। अतः इस एक्ट को तत्काल रद्द कर एक नया अधिनियम बनाया जाए, जिसके सभी सदस्य बौद्ध समुदाय से हों।,महाबोधि महाविहार में अवैध रूप से शिवलिंग की स्थापना और दीवारों पर पांडवों का उल्लेख करना विश्व धरोहर का अपमान है। इसे तत्काल हटाया जाए।,महाबोधि महाविहार बौद्धों की विश्व धरोहर है, जिसकी पुष्टि फाह्यान, ह्वेनसांग के विवरणों और महाबोधि उत्खनन रिपोर्ट से होती है। अतः इस पवित्र स्थल को बौद्ध समुदाय के सुपुर्द किया जाए।,महंत की कोठी में सैकड़ों बौद्ध मूर्तियां, शिलालेख एवं अभिलेख रखे हैं। इन्हें तुरंत प्रभाव से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (८स्ढ्ढ) को सौंपकर बोधगया संग्रहालय में संरक्षित किया जाए।, महाबोधि महाविहार परिसर के पास ही सम्राट अशोक का महल था, जिसे फ्रांसिस बुकानन ने देखा था। इस स्थल को पुनः खोजकर बोधगया का वास्तविक इतिहास उजागर किया जाए।,महाबोधि महाविहार परिसर के आसपास कुछ असामाजिक तत्व बड़े पैमाने पर लाउडस्पीकर लगाकर माहौल खराब कर रहे हैं। प्रशासन को इस पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।, श्वड्ढरूमशीन के कारण न केवल बौद्ध समुदाय, बल्कि संपूर्ण भारतीय नागरिकों के मताधिकार पर प्रभाव पड़ा है। अतः श्वड्ढरूप्रणाली समाप्त कर सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं। इस अवसर पर क्षेत्रपाल सिंह निषाद (प्रभारी, बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क, मथुरा), मैराज अली (जिलाध्यक्ष, बहुजन मुक्ति पार्टी, मथुरा), मोहन सिंह (जिला संयोजक, बहुजन क्रांति मोर्चा, मथुरा), गिर्राज प्रसाद, अजय कुमार, तौफीक आढ़ती (जिलाध्यक्ष, ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैश, मथुरा), जावेद, गिर्राज, राजाराम, बबलू कुरैशी, फरीद पहलवान, सुनील बौद्ध, अब्दुल रशीद कुरैशी, हाशिम कुरैशी, शास्त्री छैल बिहारी विकल, डॉ. परषोत्तम सिंह निषाद, महताब सिंह, वीरेंद्र बौद्ध, कासिम, सोहेल सहित कई अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## हिन्दू मुस्लिम भाईचारे में पलीता लगाने पर उतारू तथाकथित हिंदूवादी नेता

**मथुरा।** मथुरा जनपद की होली विश्व में अपनी अलग ही पहचान रखती है जिसके लिए देश विदेश से लोग ब्रज में होली का आनंद लेने आते है, ब्रज के लोग आपसी भाईचारे के साथ वर्षो से मिलजुल कर होली का पावन पर्व मनाते रहे है। इस वर्ष होली के पावन पर्व पर मथुरा के कुछ तथाकथित हिंदूवादी नेताओं को मथुरा में आपसी सौहार्द आंखों में चुभ रहा है जो अपनी जहरीली जवान से होली के रंगों में जहर घोलकर इस आपसी भाईचारे के पवित्र त्यौहार को बेरंग करने की रणनीति पर काम कर रहे है। होली का पावन पर्व हर समुदाय के सहयोग से ही पूर्ण होने वाला पर्व है मथुरा का मुसलमान भी इस पर्व में हिंदुओं का बढ़ चढ़ कर सहयोग करता रहा है, होली ही क्या हर त्यौहार पर मुस्लिम समुदाय का अपना योगदान कभी कम नहीं रहा। मथुरा के तथाकथित नौटंकी बाज मथुरा में होली के पर्व पर अपने नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए हर हथकंडे अपना रहे हैं, तथाकथित एक स्वघोषित हिंदूवादी नेता के रूप में अपने आप को प्रचारित करने वाले छपास जीवी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खून से खत लिखकर अपने नापाक मंसूबों को जाहिर कर दिया यह इस स्वघोषित हिंदूवादी नेता का पहला मामला नहीं है इससे पूर्व भी मथुरा की हिन्दू मुस्लिम एकता को तोड़ने का कृत्य सब के सामने है पूर्व में इसके द्वारा मुस्लिमों की भावना को आहत करने की कोशिश की।

# योगी राज में बरसाना की होली तक श्रद्धालु आसानी से पहुंचें वो कर रही खास इंतजाम

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली बरसाना और नंदगांव में खेली जाती है। हर साल देश विदेश से लोग बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं और लट्ठमार होली का आनंद लेते हैं। लट्ठमार होली में आने वाले श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए पुलिस विभाग ने क्यूआर कोड बनाया है। इसे स्कैन करते ही बरसाना का नक्शा खुल जाएगा। नक्शे के आधार पर श्रद्धालु अपने पार्किंग स्थल व धर्मशाला, गेस्ट हाउस तक सुगमता से पहुंच जाएंगे। इस बार बरसाना में लट्ठमार होली का आयोजन 8 मार्च व लड्डू होली का आयोजन सात मार्च को होगा। थाना प्रभारी अरविंद निर्वाल ने बताया कि बरसाना की लट्ठमार होली व लड्डू होली में देश विदेश से लाखों श्रद्धालु श्रीजी के धाम आते हैं। भक्तों के वाहनों को विभिन्न पार्किंग स्थलों पर रोक दिया जाता है। ऐसे में कई बार श्रद्धालु राह भटक जाते हैं। भटके श्रद्धालुओं को सही रास्ता दिखलाने के लिए पुलिस विभाग ने बरसाना होली 2025 के नाम से क्यूआर कोड तैयार किया है। जिस विभिन्न मार्गो व प्रमुख जगहों पर लगाया जाएगा। ऐसे में रास्ता भटकने वाले श्रद्धालुओं को अपने मोबाइल पर कोड को स्कैन करना होगा। इसे स्कैन करते ही बरसाना का नक्शा खुल जाएगा। श्रद्धालु नक्शे के आधार पर अपने गंतव्य तक पहुंच कर अपनों से सुगमता से मिल लेंगे। पुलिस की इस पहल को कस्बा के लोगों ने सराहना की है। पूरे मेला क्षेत्र में पार्किंग से लेकर परिक्रमा मार्ग, श्रीजी मंदिर, सभी बैरियरों,कुंडों आदि स्थानों पर क्यूआर कोड लगाएं जाएंगे। जिससे किसी श्रद्धालु को अपनों से बिछड़ने पर सहज मिलना होगा। संभव साथ ही पूरे मेला क्षेत्र की सभी जानकारी भी मिल जाएगी।



### लड्डू होली पर बरसाना आएंगे सीएम योगी, तैयारियों में जुटा पुलिस प्रशासन

मथुरा। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के आगमन पर तैयारियां तेज हो गई हैं। वह लड्डू होली के दिन बरसाना आ सकते हैं। इसलिए पुलिस प्रशासन मार्ग व हेलिपैड मरम्मत की तैयारी में जुट गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 7 मार्च को राधारानी मंदिर में आयोजित होने वाली लड्डू होली वाले दिन मुख्यमंत्री योगी बरसाना आ सकते हैं। रविवार को पुलिस अधिकारियों ने माताजी गोशाला के हेलिपैड का निरीक्षण किया। साथ ही मार्ग का भी हाल जाना। मुख्यमंत्री नए परिक्रमा मार्ग से 2.5 किमी की दूरी तय कर रोप-वे से राधारानी मंदिर जाएंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गईं हैं।

# सेंट जॉन्स चर्च की बाउण्ड्रीवाल तोड़कर अवैध कब्जे करने का प्रयास

अवधनामा संवाददाता

- चर्च कमेटी ने लामबंद होकर डीएम को भेजा ज्ञापन

**ललितपुर।** सिविल लाइन स्थित सेंट जॉन्स चर्च की बाउंड्री बाल तोड़कर अवैध कब्जा करने का प्रयास करने एवं चर्च की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुये चर्च कमेटी के पदाधिकारियों ने लामबंद होकर ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है।

ज्ञापन में बताया कि विगत 2 मार्च को सेंट जॉन्स चर्च के परिसर में घुसकर कुछ लोगों द्वारा चर्च कैम्पस में चर्च की बाउण्ड्रीवाल को दबंगई करते हुये तोड़कर चर्च की जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया था। जिसको क्षेत्राधिकारी सदर एवं डायल 112 की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रुकवाया था। बताया कि घटना के बाद सिविल लाइन चौकी इंचार्ज को भी लिखित शिकायती पत्र दिया गया था। कमेटी सदस्यों ने बताया कि रात करीब 10 बजे उक्त लोगों ने फिर से हथोड़े से पूरी दीवार को गिरा दिया, जिसकी सीसीटीवी फुटेज चर्च के पास सुरक्षित हैं। आगे बताया कि चर्चा की सम्पत्ति को भी नुकसान पहुंचाया गया है, जब उन्हें कमेटी सदस्यों ने रोकने का प्रयास किया तो उक्त लोगों द्वारा गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। चर्च कमेटी ने डीएम से मामले में हस्तक्षेप करते हुये कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय सचिव प्रमोद एच.लाल, कोषाध्यक्ष आकाश मसीह, सदस्य अवनीश जोजफ, आलोक लाल, अनीता क्रोजर, एस्तर डेविड, मनीषा, हेरिसन, अनूप हेरिसन आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कालेज में प्रसूता की मौत की कराई जाए उच्चस्तरीय जांच : नेपाल सिंह

अवधनामा संवाददाता



- सपाइयों ने कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर किया जोरदार प्रदर्शन, एडीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**ललितपुर।** मेडिकल कॉलेज में फैले भ्रष्टाचार एवं बीते शनिवार रात एक प्रसूता की मौत के प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग कराए जाने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सपाइयों ने एडीएम के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। इसके साथ ही जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने बताया कि मेडीकल कालेज में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। यहां बिना दलालों के उपचार संभव नहीं है। अभी हाल ही में शनिवार की रात एक प्रसूता की मौत होना मेडिकल कॉलेज में फैले भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने आगे कहा कि प्रसूता की मौत नहीं है, यह कृत्य हत्या की श्रेणी में आता है। इस मामले में हत्या की धाराओं पर जांच में दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराई जाए। ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो पाए। इस दौरान भजनलाल कुशवाहा, मोहम्मद अनवर खान, तुलसीराम अहिरवार, अरशद मंसूरी, हरिसिंह यादव जिजयावन, नरेंद्रसिंह राजपूत, गौरव विश्वकर्मा, रविकांत श्रीवास, नीलू रजक, प्रमोद इमलिया, रामनरेश यादव, आकिब मंसूरी, राजेश यादव, दीपक सेन, राजेन्द्र कुमार, बाबूलाल पाल, राममूर्ति तिवारी, रहीश सिंह यादव, मूरत सिंह यादव, अनस अहमद, राजेश कुशवाहा, राजेश झां, शहरोज खान, मोहम्मद इकलाल मंसूरी, ओमप्रकाश कुशवाहा, तिलक कुशवाहा, अभि झां, शाहिद अली, सुरेंद्र सिंह, भरत सिंह, साबिर मंसूरी, रामस्वरूप अहिरवार, पुष्पेंद्र यादव, अंकुश यादव, जयराम सिंह, राजा यादव, कृष्णपाल यादव, सहदेव यादव, रिंकू बंट, राज यादव, रामराजा, रामकुमार सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेडीकल कॉलेज के महिला अस्पताल में युवाओं ने जमकर काटा बवाल

- तीन घण्टे अनवरत चला प्रदर्शन का दौर
- एसडीएम व सीओ सदर की मौजूदगी में स्थिति हुई नियंत्रित

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** शनिवार रात दस बजे से शहर के दर्जनों युवाओं ने प्रसूता की मौत पर आक्रोशित होकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) के महिला अस्पताल में संयमित रूप से जमकर बवाल काटा। प्रसव कराने आयी महिला के ऑपरेशन को लेकर पांच हजार रुपये की अवैध मांग करने और रुपये न देने पर इलाज को मना करने की बात सामने आयी है। प्रसूता की मौत होने के बाद मृतका के परिजनों के अलावा दर्जनों युवाओं ने शव लेकर अस्पताल परिसर पहुंच कर नारेबाजी शुरू कर दी। इसी बीच सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने युवाओं को समझाया, जिस पर युवाओं ने तत्काल कार्यवाही और एफआईआर दर्ज किये जाने की पुरजोर मांग उठायी।

दरअसल, मेडीकल कॉलेज के महिला अस्पताल में प्रसूताओं के परिजनों से प्रसव कराने के नाम पर अवैध सुविधा शुल्क मांगे जाने का यह पहला मामला नहीं था। चंद दिनों पहले राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल के समक्ष एक महिला ने अपनी बहू का प्रसव कराने के लिए 6 हजार रुपये की रिश्वत दिये जाने का आरोप लगाया था। प्रकरण में मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.डी.नाथ ने छह सदस्यीय जांच कमेटी बनाकर आख्या मांगी थी। यह प्रकरण चल ही रहा था कि शनिवार को अपराह्न महिला अस्पताल में प्रसव कराने पहुंची शहर की एक प्रसूता को घंटों तक देखा ही नहीं गया। यहां प्रसूता के पति का आरोप है कि उसकी पत्नी की दूसरे प्रसव को ऑपरेशन से किया जाना था, जिसके एवज में मेडीकल ऑफिसर समेत दो महिला चिकित्सकों ने रुपयों की मांग की। रुपये न देने पर महिला चिकित्सकों ने प्रसूता का उपचार करने से इंकार कर दिया। महिला ने दर्द सहते-सहते प्राण तज दिये।

महिला की मौत होने के बाद रात करीब 10 बजे मृतका के परिजन शव के साथ महिला अस्पताल पहुंचे, जहां दर्जनों युवाओं ने अस्पताल परिसर में बैठकर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते यह भीड़ काफी बढ़ गयी और नारेबाजी ने जोर पकड़ लिया। प्रकरण की जानकारी होते ही एसडीएम व सीओ अस्पताल जा पहुंचे, जहां करीब दो घण्टे से अधिक चले प्रदर्शन के दौरान अधिकारी प्रदर्शनकारियों को समझाते ही नजर आये। लेकिन प्रदर्शनकारी दोनों महिला चिकित्सकों पर तत्काल कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज कराये जाने की मांग उठाते रहे। मीडिया कर्मियों की उपस्थिति में जमकर हुये प्रदर्शन के बीच मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.डी.नाथ भी अस्पताल जा पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शनकारियों से वार्ता करते हुये महिला रोग विशेषज्ञ स्वाति खरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर 24 घण्टे में आख्या देने के निर्देश जारी किये।

**क्या था पूरा मामला ?**

प्रकरण को लेकर बताया जा रहा है कि आजादपुरा निवासी नवीन सोनी अपनी पत्नी मालती सोनी के दूसरी बार प्रसव के लिए महिला अस्पताल पहुंचे थे। यहां नवीन का आरोप है कि प्रसव में ऑपरेशन के नाम पर उनसे मेडीकल ऑफीसर डा.स्वाति खरे व प्रियांशी असाटी ने ऑपरेशन करने के एवज में पैसों की मांग की। पैसे न होने का हवाला देने पर महिला चिकित्सकों ने प्रसूता का उपचार करने से इंकार कर दिया। इसी बीच दर्द से कराह रही उसकी पत्नी मालती सोनी की मौके पर मौत हो गयी।

**यह हुयी कार्यवाही, 24 घण्टे में मांगी रिपोर्ट–** प्रदर्शनकारियों की मांग पर मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा.डी.नाथ ने स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.स्वाति खरे को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया तो वहीं तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर 24 घण्टे में आख्या मांगी है। जांच कमेटी में अध्यक्ष वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डा.के.के.मिश्रा व सदस्य वरिष्ठ सर्जन डा.डी.के.राज और सहायक आचार्य डा.रजनी रतमेले को शामिल किया गया है।

**कलेक्ट्रेट चौराहा पर भी किया हंगामा–** रात करीब डेढ़ बजे अस्पताल प्रशासन द्वारा कार्यवाही किये जाने के बाद कुछ युवा कलेक्ट्रेट चौराहा पहुंचे, जहां उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। रात करीब ढ़ाई से तीन बजे के मध्य वीवीआईपी जोन में प्रदर्शन से पुलिस भी हरकत में आ गयी। सूत्र बताते हैं कि कुछ समय और प्रदर्शन किया जाता तो पुलिस लाठी-चार्ज करने से पीछे नहीं हटती। लेकिन समय रहते युवाओं को मौके से हटाया गया, तब कहीं जाकर मामला शान्त हो सका।

**एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में संभला मामला–** शनिवार की देर रात दर्जनों युवाओं के जोरदार प्रदर्शन के बीच पहुंचे एसडीएम सदर चन्द्रभूषण प्रताप व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने मोर्चा संभाले रखा और प्रदर्शनकारियों की समस्या को सुनकर यथोचित कार्यवाही के लिए आश्वास्त किया। मौके पर किसी प्रकार की अनहोनी घटना न हो इसके लिए शहर कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा भी दलबल के साथ मौजूद रहे।

**सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड ने दोपहर में किया था प्रदर्शन–** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) के महिला अस्पताल में दलालों की बढ़ती सक्रियता और अवैध वसूली के खिलाफ समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया था। प्रकरण में सपाईयों ने अवैध वसूली को तत्काल बंद किये जाने और दलालों पर प्रभावी नियंत्रण किये जाने की मांग उठायी थी।

**प्राईवेट अस्पतालों के दलालों की सक्रियता पर सवाल–** प्रदर्शन के दौरान एक बात यह भी प्रकाश में आयी कि सरकारी महिला अस्पताल में दलालों की सक्रियता काफी बढ़ गयी है, जिसके चलते ग्रामीण अंचलों से आने वाली प्रसूताओं व उनके तीमारदारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं दिलाने का आश्वासन देकर दलाल प्रसूताओं को निजी अस्पतालों में भेज रहे हैं, जिससे प्रसूता के परिजन को भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। दलालों की सक्रियता को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें, सवाल उठाये गये हैं, लेकिन ठोस कार्यवाही न होने के कारण प्राईवेट अस्पतालों के दलालों की सक्रियता भी बढ़ गयी है।

**डीएम ने जांच कमेटी का किया गठन, शीघ्र मांगी रिपोर्ट–** मेडीकल कॉलेज के महिला अस्पताल में बिना उपचार महिला की मौत के मामले में डीएम अक्षय त्रिपाठी ने जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन कर शीघ्र आख्या देने के आदेश जारी किये हैं। चार सदस्यीय जांच कमेटी में अध्यक्ष सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, सदस्य एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी अधीक्षक पीएचसी दैलवारा डा.सुनीता दिवाकर को शामिल किया गया है।

### मां गायत्री हॉस्पिटल पर पड़ा छापा, भागे डाक्टर

इलाइट चौराहा से झांसी रोड स्थित मां गायत्री हॉस्पिटल में जिला प्रशासन ने छापेमार कार्यवाही की। छापा पड़ते ही अस्पताल में मौजूद चिकित्सक भाग निकले। वहीं दूसरी ओर चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को जिला अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। कयास लगाये जा रहे हैं कि मां गायत्री हॉस्पिटल को सीज करने की कार्यवाही की जायेगी। इस कार्यवाही के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज अहमद, उपजिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप, सीओ सिटी अभय नारायण राय मौके पर मौजूद थे और जांच-पड़ताल जारी थी। बताया जा रहा है कि विगत 12 फरवरी को जांच के दौरान मां गायत्री हॉस्पिटल को नोटिस दिया गया था, जिसके बाद यह कार्यवाही अमल में लायी गयी।

# प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में प्रज्ञानंद ने अरविंद से ड्रॉ खेला

**नई दिल्ली।** दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। इस दिन सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा निकल सका जब वेइ यि ने शैंकलैंड को हराया। अनीश ने डेइ वान से ड्रॉ खेला, जबकि डेविड नवारा ने केमेर को ड्रॉ पर रोका। ली ने एडिज के साथ ड्रॉ खेला।

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने भारत के अरविंद चिदंबरम के साथ प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में ड्रॉ खेला और इन दोनों के पास अब पूरे एक अंक की बढत हो गई है। अरविंद और प्रज्ञानानंदा के 3.5 अंक हैं जबकि चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त वेइ यि , नीदरलैंड के अनीश गिरि , वियतनाम के कुआंग लीम ली और जर्मनी के विंसेंट केमेर इनके एक अंक पीछे हैं।

बाकी चार प्रतियोगी छठे स्थान पर हैं जिनमें चेक गणराज्य के डेविड नवारा और एंगुयेन थाइ डेइ वान, अमेरिका के सैम शैंकलैंड और तुर्किये के गुरेल एडिज शामिल हैं। दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के अभी चार दौर बाकी हैं। इस दिन सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा निकल सका जब वेइ यि ने शैंकलैंड को हराया। अनीश ने डेइ वान से ड्रॉ खेला, जबकि डेविड नवारा ने केमेर को ड्रॉ पर रोका। ली ने एडिज के साथ ड्रॉ खेला।

**भारत के इनियान ने कान ओपन शतरंज जीता**


भारतीय ग्रैंडमास्टर पा इनियान ने हमवतन वी प्रनेश को नौवें और आखिरी दौर में हराकर फ्रांस में चल रहा कान इंटरनेशनल ओपन जीत लिया। इनियान ने 7-5 अंक हासिल किये जबकि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय मास्टर आराध्य गर्ग दूसरे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व जूनियर चैम्पियन कजाखस्तान के काजिबेक नोदेरबेक के भी सात अंक थे जिन्हें टाइब्रेक के बाद तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

इनियान ने टूर्नामेंट में छह मुकाबले जीते और तीन ड्रॉ खेले । इस जीत से उन्हें 12 रेटिंग अंक मिले और अब वह 2600 ईएलओ अंक के करीब पहुंच गए हैं।

# 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी पर आया सेबेस्टियन का बयान, बोले- भारत का दावा मजबूत

**नई दिल्ली।** भारत ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है जो वैश्विक खेल की शीर्ष संस्था के साथ महीनों की अनौपचारिक बातचीत के बाद एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस कदम है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के दावेदार सेबेस्टियन को का मानना है कि 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है लेकिन कई अन्य देशों के इस दौड़ में शामिल होने से प्रतिस्पर्धा कठिन होगी।

भारत ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है जो वैश्विक खेल की शीर्ष संस्था के साथ महीनों की अनौपचारिक बातचीत के बाद एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस




कदम है। को ने 'पीटीआई' से विशेष साक्षात्कार में कहा, मेरी पृष्ठभूमि को देखते हुए मेरे यह कहने से आपको हैरानी नहीं होगी कि मैं बहुत खुश हूं कि भारत वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई। पर यह बहुत प्रतिस्पर्धी होगा। क्योंकि इसमें सिर्फ एक ही बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है।

पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीये, मैक्सिको और मिस्र उन अन्य देशों में शामिल हैं जिन्होंने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त की है। 2036 खेलों के मेजबान देश का 2026 से पहले पता नहीं चलेगा।लेकिन यह निश्चित है कि नए आईओसी प्रमुख के 20 मार्च के चुनाव के विजेता की अध्यक्षता के दौरान मेजबान का चयन किया जाएगा। आईओसी अध्यक्ष के रूप में चुनाव लड़ने वाले सात उम्मीदवारों में उन्हें सबसे आगे माना जा रहा है। 68 वर्षीय को दो बार ओलंपिक 1500 मीटर के स्वर्ण पदक विजेता हैं।

उन्होंने भारत को सलाह देते हुए कहा कि अगर उसे 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो उसे ओलंपिक आयोजित करने की अपनी महत्वाकांक्षा को खत्म नहीं करना चाहिए। को ने कहा, बहुत से शहरों ने बोली लगाई और लेकिन उनकी बोली स्वीकार नहीं हुई। दिलचस्प बात यह है कि जब लंदन ने 2005 में (2012 चरण के लिए) बोली हासिल की थी, तो उसने पेरिस को हराया था। हम सभी अभी पेरिस ओलंपिक खेलों (2024) में गए थे। रियो उन शहरों में से एक था जो 2012 की बोली के लिए शुरुआती मूल्यांकन से आगे नहीं बढ़ पाया था। और ब्रिटेन के तुरंत बाद उनके पास 2016 में बोली थी। इसलिये यह किसी भी तरह से कहानी का अंत नहीं है। और बोली लगाने से मिली विरासत भी एक बहुत मजबूत विरासत है।

## फैंस के लिए खुशखबरी, विश्व कप क्वालिफायर में अर्जेंटीना की कमान मेसी संभालेंगे



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि उरूग्वे के 20 अंक हैं। पहला मैच मोंटेवीडियो में 21 मार्च को खेला जाएगा।

अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने उरूग्वे और ब्राजील के खिलाफ दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैचों के लिसे लियोनेल मेसी की अगुआई में 33 खिलाड़ियों की प्रारंभिक टीम चुनी है। टीम में अंडर 21 स्ट्राइकर क्लाउडियो इचेवेरी को भी शामिल किया गया है जो हाल ही में मैनचेस्टर सिटी से जुड़े हैं। इनके अलवा निकोलस पाज, बेंजामिन डोमिनगेज और सैंटियागो कास्ट्रो भी टीम में हैं जो 21 वर्ष से कम उम्र के हैं।

अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि उरूग्वे के 20 अंक हैं। पहला मैच मोंटेवीडियो में 21 मार्च को खेला जायेगा । इसके चार दिन बाद विश्व कप विजेता अर्जेंटीना टीम ब्यूनस आयर्स में ब्राजील से खेलेगी।

# दुबई में भारत को हो रहा फायदा? रोहित ने आलोचकों को दिया करारा जवाब, कहा- यह हमारा घरेलू मैदान नहीं

**दुबई।** कई पूर्व खिलाड़ियों ने चैंपियंस ट्रॉफी की पूरी अवधि के लिए भारत के दुबई में रहने पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि इस कदम से उन्हें ग्रुप ए में अन्य टीमों की तुलना में परिस्थितियों के अनुकूल ढलने का बेहतर मौका मिला है।

कप्तान रोहित शर्मा ने चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सभी मैच दुबई में खेलने के कारण भारत को अनुचित लाभ मिलने की आलोचना करते हुए कहा कि यह उनका घरेलू मैदान नहीं है। उन्होंने कहा कि दुबई की पिचों ने उनकी टीम के लिए अलग-अलग चुनौतियां पेश की हैं। पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के कई पूर्व खिलाड़ियों ने चैंपियंस ट्रॉफी की पूरी अवधि के लिए भारत के दुबई में रहने पर आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि इस कदम से उन्हें ग्रुप ए में अन्य टीमों की तुलना में परिस्थितियों के अनुकूल ढलने का बेहतर मौका मिला है।

**अवसर**

> **रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले कहा, हर बार पिच आपको अलग-अलग चुनौतियां दे रही है।**

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले कहा, हर बार पिच आपको अलग-अलग चुनौतियां दे रही है। हमने यहां जो तीन मैच खेले हैं, उनमें पिच का व्यवहार अलग रहा है। यह हमारा घर नहीं है, यह दुबई है। हम यहां इतने सारे मैच नहीं खेलते हैं और यह हमारे लिए भी नया है। रोहित ने कहा कि उनकी टीम को




ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ अंतिम चार मैच के दौरान जल्दी से अनुकूल परिस्थितियों को अपनाने की जरूरत है।

चार या पांच सतहों का उपयोग किया जा रहा

उन्होंने कहा, यहां चार या पांच सतहों का उपयोग किया जा रहा है। देखिए, मुझे नहीं पता कि सेमीफाइनल में कौन सी पिच खेली जाएगी। लेकिन कुछ भी हो, हमें इसके अनुकूल ढलना होगा और देखना होगा कि क्या हो रहा है और क्या नहीं। और हम उसी पर खेलेंगे। रोहित ने अपनी बात पर जोर देने के लिए रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के आखिरी ग्रुप ए मैच का हवाला दिया।

हम नहीं जानते आगे क्या होने वाला है

उन्होंने कहा, हमने देखा कि जब (न्यूजीलैंड के) गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे थे तो गेंद थोड़ी स्विंग कर रही थी। पहले दो मैचों में जब हमारे गेंदबाज गेंदबाजी कर रहे थे तो हमने ऐसा नहीं देखा। पिछले गेम में हमें उतनी स्पिन देखने को नहीं मिली थी, लेकिन रविवार को इसमें थोड़ी स्विंग थी। उन्होंने कहा, तो, हर सतह पर अलग-अलग चीजें हो रही हैं। इसलिए, ऐसा नहीं है कि हम जानते हैं कि इस पिच पर क्या होने वाला है और क्या नहीं होने वाला है।

## युकी भांबरी ने दुबई में पहला एटीपी 500 युगल खिताब जीता; बोल्लिपल्ली ने चिली ओपन युगल खिताब जीता

**दुबई।** इस जीत के साथ भांबरी सोमवार को एटीपी रैंकिंग में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग हासिल कर लेंगे। भारत के युकी भांबरी ने पहला एटीपी 500 पुरूष युगल खिताब जीत लिया जब उन्होंने आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सेइ पोपिरिन के साथ दुनिया की 14वें नंबर की जोड़ी फिनलैंड के हारी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन को दुबई टेनिस चैम्पियनशिप में हराया। पहला सेट हारने के बाद दोनों ने शानदार वापसी करते हुए शनिवार को 51 मिनट तक चला मुकाबला 3-6, 7-6, 10-8 से जीता।



इस जीत के साथ भांबरी सोमवार को एटीपी रैंकिंग में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग हासिल कर लेंगे। भांबरी और पोपिरिन ने खिताबी सफर में दुनिया की नंबर एक जोड़ी अल सल्वाडोर के मार्शेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पेविच को 4-6, 7-6, 10-3 से मात दी। उन्होंने ब्रिटेन के जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल को 5-7, 7-6, 10-5 से मात दी। पुरूष एकल वर्ग में स्टेफानोस सिटसिपास ने कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को हराकर खिताब जीता।

**भारत के बोल्लिपल्ली ने चिली ओपन युगल खिताब जीता**

भारत के रित्विक चौधरी बोल्लिपल्ली ने कोलंबिया के निकोलस बारियेंतोस के साथ मिलकर शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के आंद्रेस मोल्तेनी और मैक्सिमो गोंजालेस को सीधे सेटों में हराकर सैंटियागो में चिली ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता। रित्विक और निकोलस की गैर वरीय जोड़ी ने गोंजालेस और मोल्तेनी को एक घंटा चले फाइनल मुकाबले में 6-3, 6-2 से हराया। उन्होंने मैच में 11 ऐस लगाये जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी एक ही लगा सके।

# रश्मिका मंदाना पर भड़के विधायक, कहा- क्या हमें उन्हें सबक नहीं सिखाना चाहिए?



कांग्रेस के विधायक गनीगा ने रश्मिका मंदाना की तरफ से बेंगलुरू इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में जाने से कथित तौर पर मना किए जाने की आलोचना की है। कर्नाटक के मांड्या सीट से विधायक ने पूछा कि क्या उन्हें उस कारोबार को नजरअंदाज करने के लिए सबक नहीं सिखाया जाना चाहिए जहां से उन्होंने अपना करियर शुरू किया था।

रश्मिका मंदाना ने साल 2016 में कन्नड़ फिल्म क्रिक पार्टी से अपने करियर की शुरुआत की। कांग्रेस विधायक गनीगा ने सोमवार को मीडिया से कहा कि रश्मिका मंदाना जिसने कर्नाटक में कन्नड़ फिल्म क्रिक प्रार्टी से अपने करियर की शुरूआत की, उनको जब हमने पिछले साल बेंगलुरू इंटरनेश्नल फिल्म फेस्टिवल में बुलाया तो उन्होंने आने से मना कर दिया।

गनीगा के मुताबिक एक्ट्रेस ने कर्नाटक फिल्म इंडस्ट्री से अपने करियर की शुरूआत की इसके बावजूद उन्होंने इस प्रोग्राम को नजर अंदाज किया और कर्नाटक के साथ कन्नड़ भाषा का भी अमान किया। उनके मुताबिक इस कार्यक्रम में रश्मिका को बार-बार बुलाया गया लेकिन उन्होंने यह कह कर आने से मना कर दिया कि उनके पास वक्त नहीं है।

गनीगा के मुताबिक उन्होंने कहा, मेरा घर हैदराबाद में है, मैं नहीं जानती कि कर्नाटक कहां है और मेरे पास वक्त नहीं है। मैं नहीं आ सकती। उन्होंने आगे बताया कि मेरे एक विधायक दोस्त ने उनके घर पर 10-12 बार दस्तक दी और उन्हें बुलाया लेकिन उन्होंने कर्नाटक को नकार दिया। यहां तक कि कन्नड़ भाषा को नजरअंदाज किया, जबकि वे यहीं की इंडस्ट्री में पली-बढ़ी हैं। क्या हमें उन्हें सबक नहीं सिखाना चाहिए?

## रणवीर अल्लाहबादिया को सुप्रीम राहत, शो ऑन एयर करने की छूट, कोर्ट की नसीहत- मर्यादा का ख्याल रखें

**नई दिल्ली।** इंडियाज गॉट लैटेंट कार्यक्रम में विवादित टिप्पणी मामले में रणवीर अल्लाहबादिया को राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उनके शो द रणवीर शो के प्रसारण की इजाजत दे दी है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हिदायत दी है कि वह शो के दौरान मर्यादाओं का ख्याल रखेंगे। सुप्रीम कोर्ट यह राहत रणवीर अल्लाहबादिया की उस दलील के बाद दी जिसमें उन्होंने दावा किया था कि उनके कार्यक्रम से 280 लोगों की आजीविका जुड़ी है।

रणवीर अल्लाहबादिया मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सॉलिसीटर जनरल ने कहा है कि उन्होंने पूरा शो देखा है लेकिन इसमें कोई भी अभद्रता नहीं है लेकिन इसमें विकृति है। उन्होंने कहा कि हास्य एक चीज है, अश्लीलता एक चीज है और विकृति दूसरे स्तर पर है।

**रणवीर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ की थी आपील**

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर अल्लाहबादिया के शो द रणवीर शो पर अगले आदेश तक किसी भी कंटेंट को प्रसारित करने पर रोक लगा दी थी। इसके खिलाफ रणवीर अल्लाहबादिया ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उन्होंने अदालत में अर्जी दी थी कि उन्हें कुछ राहत दी जाए। उन्होंने कहा था कि उनके यहां 280 कर्मचारी काम करते हैं। यह उनकी रोजी रोटी से जुड़ा मामला है।

**सुप्रीम कोर्ट ने दे दी शो के प्रसारण की इजाजत**

महाराष्ट्र और असम सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल एसजी तुषार मेहता ने रणवीर अल्लाहबादिया की याचिका का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस कार्यक्रम पर पाबंदी जारी रखें। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादियाृ को अपने शो में शालीनता बनाए रखने की शर्त पर द रणवीर शो का प्रसारण फिर से शुरू करने की इजाजत दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उनके शो में अदालत में विचाराधीन कार्यवाही पर बयानबाजी नहीं की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने विदेश में आयोजित एक शो में मामले के बारे में बयानबाजी करने वाले एक आरोपी पर आपत्ति जताई। न्यायमूर्ति कांत ने कहा, उनमें से एक कनाडा गया और इस सब के बारे में बात की... ये युवा और चालाक लोग सोचते हैं कि वह बहुत जानते हैं... हम जानते हैं कि कैसे निपटना है। हालांकि रणवीर के वकील ने दावा किया कि उनका रणवीर से कोई संबंध नहीं है।

**विदेश जाने की इजाजत पर क्या बोला सुप्रीम कोर्ट**

रणवीर अल्लाहबादिया की विदेश में अतिथि के रूप में यात्रा करने की इजाजत देने की अर्जी के बारे में, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस प्रार्थना पर उनके जांच में शामिल होने के बाद विचार किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि गिरफ्तारी से उन्हें दी गई अंतरिम सुरक्षा जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ किया कि रणवीर के कार्यक्रम में मामले से जुड़ा कुछ भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से प्रदर्शित नहीं किया जा सकता है शो में ऐसा कुछ नहीं दिखाया जाना चाहिए जिसका मामले के गुण-दोष पर असर पड़ता हो।

# रोहित को टीम में नहीं होना चाहिए, कांग्रेस के बाद TMC नेता के बिगड़े बोल, भाजपा ने किया पलटवार

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद की टिप्पणी पर जमकर बवाल मचा हुआ है। कांग्रेस ने अपने प्रवक्ता के रोहित के वजन पर दिए गए बयान से पल्ला झाड़ते हुए उन्हें ट्वीट हटाने को कहा। इस पर शमा मोहम्मद ने अपने आलाकमान की बात मानते हुए तत्काल एक्स से अपनी पोस्ट हटा भी ली। बीसीसीआई ने भी बयान को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। हालांकि, मामला यहां खत्म होता दिखाई नहीं दे रहा है। अब तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने कहा, ...कांग्रेस नेता ने जो कहा है, वह सही है। रोहित शर्मा को टीम में होना ही नहीं चाहिए।

**इससे पहले कांग्रेस प्रवक्ता ने दी सफाई**

इससे पहले रोहित पर टिप्पणी पर कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद ने सफाई दी। उन्होंने कहा, यह एक खिलाड़ी की फिटनेस के बारे में एक सामान्य ट्वीट था। यह बॉडी शेमिंग नहीं था। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि एक

**निशाने पर**

> **भाजपा नेताओं सहित कई लोगों मामले में कांग्रेस नेता की आलोचना की और मुख्य विपक्षी दल को निशाने पर लिया।**

खिलाड़ी को फिट रहना चाहिए और मुझे लगा कि उसका वजन थोड़ा ज्यादा है, इसलिए मैंने बस उसके बारे में ट्वीट किया। मुझ पर बिना किसी कारण के हमला किया गया। जब मैंने पिछले कप्तानों से उनकी तुलना की, तो मैंने एक बयान दिया। मुझे अधिकार है। कहने में क्या गलत है? यह लोकतंत्र है।

**कांग्रेस प्रवक्ता ने क्या कहा था?**

शमा ने अपने पोस्ट में कहा था कि रोहित शर्मा एक खिलाड़ी होने के




लिहाज से मोटे हैं। उन्होंने यह भी कहा था, उन्हें वजन कम करने की जरूरत है! और निश्चित रूप से भारत का अब तक का सबसे अप्रभावी कप्तान।

**कांग्रेस ने झाड़ा पल्ला**

आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने अपनी प्रवक्ता को जमकर फटकार लगाई और आगे से ऐसी टिप्पणियों से बचने की नसीहत दी। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि शमा की टिप्पणी कांग्रेस का मत नहीं है। खेड़ा ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस खेल के नायकों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है और उनकी विरासत को कमजोर करने वाले किसी भी बयान का समर्थन नहीं करती।

**बीसीसीआई ने भी की निंदा**

मामले में क्रष्टष्ठ्ठ सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे कप्तान के लिए इस तरह की टिप्पणी एक ऐसे व्यक्ति की ओर से आई है जो एक जिम्मेदार पद पर है, खासकर ऐसे समय में जब टीम इंडिया एक ICC टूर्नामेंट खेल रही है और टीम सेमीफाइनल मैच खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**भाजपा-शिवसेना ने किया पलटवार**

भाजपा नेताओं सहित कई लोगों मामले में कांग्रेस नेता की आलोचना की और मुख्य विपक्षी दल को निशाने पर लिया। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, जो लोग राहुल गांधी की कप्तानी में 90 चुनाव हार चुके हैं, वे रोहित शर्मा की कप्तानी को अप्रभावी बता रहे हैं। दिल्ली में छह बार शून्य पर आउट होना और 90 बार चुनावी हार प्रभावशाली है, लेकिन टी20 विश्व कप जीतना नहीं!

## ऑस्कर की आफ्टरपार्टी में महसूस हुए भूकंप के झटके

ऑस्कर समारोह के बाद जब दुनियाभर के फिल्मी सितारे समारोह का जश्न मना रहे थे, उस समय हॉलीवुड में भूकंप के झटके महसूस हुए। आइए जानते हैं यह भूकंप कब आया और भूकंप के अलावा कौन-कौन सी घटनाएं घटी।

ऑस्कर समारोह के बाद जब दुनियाभर के फिल्मी सितारे इसका जश्न मना रहे थे, तब हॉलीवुड में 3.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए। भूकंप का केंद्र ऑस्कर समारोह स्थल डॉल्बी थिएटर से कुछ ही मील की दूरी पर था। हालांकि, किसी भी तरह के नुकसान या चोट की कोई खबर अभी सामने नहीं आई है।

**कब महसूस हुए झटके**

भूकंप स्थानीय समयानुसार 22ञ00 बजे के कुछ समय बाद मसहूस हुआ। यह वह समय था, जब बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां आफ्टरपार्टी के लिए इकट्ठा हुई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इलाके में मौजूद लोगों ने भूकंप के तेज झटके महसूस किए। यह भूकंप मार्च की शुरुआत से दक्षिणी कैलिफोर्निया में आए लगभग 40 भूकंपों में से एक है।

**भूकंप के अलावा यह भी हुआ**

भूकंप के अलावा इस ऑस्कर के इतिहास में पहली बार होस्ट के द्वारा हिंदी बोली गई। मेजबानी के दौरान होस्ट केनन ओब्रायन ने हिंदी में कहा, जो लोग भारत से देख रहे हैं, उनके लिए कहना चाहता हूं, नमस्कार, वहां इस समय सुबह हो रही होगी, नाश्ते के साथ ऑस्कर देख रहे हैं आप लोग। केनन ओब्रायन हिंदी में बोलने वाले पहले होस्ट बन गए हैं। वहीं, अभिनेता एड्रिअन ब्रॉडी ने अपनी गर्लफ्रेंड के सामने ही अभिनेत्री हाले मारिया को किस कर लिया।

**'अनोरा' को सबसे ज्यादा ऑस्कर अवॉर्ड**

सीन बेकर की अनोरा ने 'ऑस्कर 2025' में बेस्ट फिल्म और बेस्ट एक्ट्रेस समेत कुल पांच अवॉर्ड जीते हैं। इसमें बेस्ट फिल्म, बेस्ट एक्ट्रेस (मिकी मैडिसन), बेस्ट डायरेक्टर (सीन बेकर), बेस्ट स्क्रीनप्ले और बेस्ट एडिटिंग का अवॉर्ड शामिल है।

## जारी हुआ द पैराडाइज का वीडियो, दृश्यों और वॉइस ओवर ने उड़ाए फैंस के होश

**नई दिल्ली।** द पैराडाइज फिल्म का वीडियो जारी हुआ है। इसमें एक दमदार वॉइस ओवर है। वीडियो लोगों को खूब पसंद आ रहा है। वीडियो में फिल्म की रिलीज की तारीख के बारे में भी बताया गया है।

द पैराडाइज फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का एक बेहतरीन वीडियो जारी किया है। फिल्म का वीडियो काफी दमदार है। फिल्म में नानी ने अहम किरदार अदा किया है। इस फिल्म को श्रीकांत ओडेला ने निर्देशित किया है। फिल्म 26 मार्च 2026 को रिलीज होने वाली है। सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज डेट 26-03-26 कैप्शन वायरल हो रहा है। इससे पहले श्रीकांत ओडेला की फिल्म दसारा को फैंस से काफी अच्छा रिस्पांस मिला था।

फिल्म द पैराडाइज का हाल ही में जो वीडियो रिलीज किया गया है उसकी थीम डार्क है। फिल्म का वीडियो एक वॉइस ओवर से शुरू होता है। इसमें एक महिला बोलती है इतिहास में सब लोगों ने तोते और कबूतरों के बारे में लिखा लेकिन उसी जाति में पैदा हुए कौओं के बारे में नहीं लिखा। ये क्रोधित हुए उन



कौओं की कहानी है। ये जमाने से बिछाई गई उन लाशों की कहानी है। मां की छाती से दूध नहीं निकला तो खून पिला कर परवरिश हुई उस जाति की कहानी है। एक जिसने आकर पूरी जाति में जोश लाया। थूके जाने वाले कौओं ने तलवार अपना ली। ये नुचे हुए कौओं को जोड़ने वाली एक औलाद की कहानी है। मेरा बेटा नायक बना वह कहानी है।

द पैराडाइज फिल्म समाज से बहिष्कृत एक निडर नेता के नेतृत्व में उत्पीड़ित वर्ग के विद्रोह की कहानी है। जारी वीडियो में कई जगहों पर आग जलने के दृश्य दिखाए गए हैं। इसके साथ कौओं के नाचने के दृश्य दिखाए गए हैं। वीडियो में कई जगहों पर लोग नाच रहे हैं, जश्न मना रहे हैं। वीडियो के आखिर में गोली चलने की आवाज आती है।

## दसवीं के छात्र की हत्या सुनियोजित थी, थामारास्सेरी की घटना पर पुलिस का बड़ा बयान



**तिरुवनंतपुरम।** पुलिस ने बताया कि ये भी जांचा जा रहा है कि इस हत्या में कोई व्यस्क तो शामिल नहीं हैं। वहीं आरोपी छात्रों को दसवीं की बोर्ड परीक्षा देने की इजाजत दिए जाने पर मृतक छात्र के पिता ने नाराजगी जताई। केरल के कोझिकोड जिले में थमारास्सेरी में हुई दसवीं के छात्र की हत्या के मामले में पुलिस ने बताया है कि यह हत्या सुनियोजित थी और आरोपी छात्रों के बीच वाट्सएप पर इसे लेकर बातचीत हुई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी छात्रों के घरों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है ताकि हत्या में इस्तेमाल हुए हथियारों को बरामद किया जा सके। साथ ही आरोपी छात्रों के मोबाइल फोन, उनके वाट्सएप ग्रुप और इंस्टाग्राम अकाउंट की भी जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि ये भी जांचा जा रहा है कि इस हत्या में कोई व्यस्क तो शामिल नहीं हैं। वहीं आरोपी छात्रों को दसवीं की बोर्ड परीक्षा देने की इजाजत दिए जाने पर मृतक छात्र के पिता ने नाराजगी जताई। गौरतलब है कि आरोपी छात्रों को बाल सुधार गृह में ही दसवीं की परीक्षा देने की मंजूरी दी गई है। इस पर मृतक छात्र के पिता ने कहा कि आरोपियों को एक साल के लिए परीक्षा देने से रोका जाना चाहिए था क्योंकि इससे छात्रों में संदेश जाएगा कि इस तरह की घटना के कोई गंभीर परिणाम नहीं होते।

# पार्कों में एंट्री फीस पर आप ने भाजपा को घेरा, फैसले से सत्तारूढ़ दल के लोग भी नहीं सहमत

**आलोचना**

**द्वारका के सेक्टर 16 डी के एक पार्क में एंट्री फीस लगाए जाने के फैसले को लेकर चारों तरफ डीडीए की आलोचना हो रही है।**



**नई दिल्ली।** डीडीए ने पार्क में प्रवेश करने के लिए 20 रुपये प्रतिदिन और 200 मासिक पास का शुल्क लगाया है। बुजुर्गों के लिए यह राशि दस रूपये और सौ रूपये रखी गई है। विदेशी नागरिकों के लिए प्रतिदिन का शुल्क 100 रुपये रखा गया है। द्वारका के सेक्टर 16 डी के एक पार्क में एंट्री फीस लगाए जाने के फैसले को लेकर चारों तरफ डीडीए की आलोचना हो रही है। इसे जनता के स्वास्थ्य के विरुद्ध उठाया गया कदम बताया जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने इस मामले में सीधे भाजपा की सरकार को घेर लिया है। पार्टी ने कहा है कि पार्कों में प्रवेश शुल्क लगाकर भाजपा ने यह साफ कर दिया है कि अब वह एक-एक कर हर चीज पर दिल्ली वालों से कर वसूलेगी। जनता को दी जा रही हर मुफ्त सुविधा को धीरे-धीरे बंद कर दिया जाएगा। डीडीए ने पार्क में प्रवेश करने के लिए 20 रुपये प्रतिदिन और 200 मासिक पास का शुल्क लगाया है। बुजुर्गों के लिए यह राशि दस रूपये और सौ रूपये रखी गई है। विदेशी नागरिकों के लिए प्रतिदिन का शुल्क 100 रुपये रखा गया है। डीडीए ने अनाधिकारिक तौर पर यह कहा है कि शुल्क लगाने से अनावश्यक लोगों को पार्क से दूर रखने और इसकी सुंदरता बरकरार रखने में मदद मिलेगी। फिटनेस एक्सपर्ट और डाईटीशियन कोमल गुप्ता ने अमर उजाला से कहा कि यह एक जनविरोधी कदम है। हमारे यहां के लोगों में पहले ही पार्क में टहलने का प्रचलन बहुत कम है। लोग मेहनत या कसरत कम कर रहे हैं जिसके कारण लोगों में मोटापा, शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। जिस समय प्रधानमंत्री लोगों को बेहतर स्वास्थ्य तरीके अपनाकर मोटापे से छुटकारे की बात कर रहे हैं, उसी समय पार्क में प्रवेश शुल्क लगाकर उन्हें प्रवेश करने से हतोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रवेश शुल्क लगाने की बजाय बेहतर सुविधाएं देकर लोगों को पार्कों में आने के लिए प्रेरित किया जा सकता तो एक स्वस्थ नागरिक देश के लिए ज्यादा उत्पादक होता। सरकार ने कुछ समय पहले सभी पार्कों में जिम लगाने का विचार शुरू किया था। इसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे थे, लेकिन अब ओपेन जिम की बजाय प्रवेश का शुल्क लगाना लोगों को पार्कों से दूर रखने की कोशिश जैसा है। आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने रविवार को कहा कि दिल्ली की सत्ता में आते ही भाजपा ने दिल्लीवालों को लूटने का खेल शुरू कर दिया है। भाजपा का पहला खतरनाक प्लान दिल्ली के सभी पार्कों में एंट्री फीस लगाने के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने सभी पार्कों के रखरखाव के साथ ही जिम व साइकिल ट्रैक जैसी सुविधाएं लोगों को निःशुल्क दी थी जिससे लोगों का स्वास्थ्य बेहतर रहे। लेकिन अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार लोगों पर शुल्क लगा रही है।

## पत्नी की हत्या की कोशिश के आरोपी को ठाणे कोर्ट ने किया बरी, सबूतों में विसंगतियों का दिया हवाला



**ठाणे।** ठाणे की अदालत ने एक शख्स को पत्नी की हत्या की कोशिश के मामले में आरोप से बरी कर दिया है। इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने तमाम सबूतों और गवाहों में विसंगतियों का हवाला भी दिया। ठाणे की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी पत्नी को मारने की कोशिश के आरोप से बरी कर दिया है। इस मामले में कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के मामले में कई असंगतियों और विरोधाभासों के कारण यह फैसला सुनाया। मामले की सुनवाई के दौरान सत्र न्यायाधीश बी. अग्रवाल ने 28 फरवरी को दिए आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में नाकाम रहा कि आरोपी ने सचमुच अपनी पत्नी को जान से मारने की कोशिश की। बता दें कि, आरोपी पेश से एक चित्रकार है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी ने 11 अप्रैल 2023 को ठाणे के लोकमान्य नगर में अपनी पत्नी पर चाकू से हमला किया था। हालांकि, बचाव पक्ष के वकील सागर कोल्हे ने अभियोजन के मामले पर सवाल उठाए और आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी की पत्नी के बयान में कई असंगतियां थीं। कोर्ट ने यह पाया कि पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में हमले का समय सुबह 7 बजे बताया गया था, लेकिन पत्नी ने कोर्ट में कहा कि हमला रात 3 बजे हुआ था। इसके अलावा, पत्नी ने शुरुआत में आरोप लगाया था कि पति ने किसी अन्य व्यक्ति के कारण हमला किया, लेकिन कोर्ट में उसने उस व्यक्ति को परिवार का मित्र बताया और पति पर कोई शक नहीं होने की बात कही। पत्नी की दोनों बेटियों के बयान भी अलग-अलग थे। एक बेटी ने कहा कि पिता ने उसे सुबह 7:30 बजे फोन किया, जबकि दूसरी बेटी ने कहा कि उसे 4 बजे घटना के बारे में पता चला। इसके अलावा, पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह पत्नी को अस्पताल लेकर गए थे और एंबुलेंस सुबह 9:30 बजे पहुंची थी, जबकि मेडिकल रिकॉर्ड में बताया गया कि पत्नी की जांच सुबह 8:30 बजे हुई थी। सुनवाई के दौरान फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के मामले में इतनी असंगतियां हैं कि यह साबित नहीं हो पाया कि आरोपी ने अपनी पत्नी को जान से मारने की कोशिश की थी। इसलिए आरोपी को दोषी ठहराना सुरक्षित नहीं है।

## कर्नाटक के विकास पर दुनियाभर के अर्थशास्त्री अध्ययन कर रहे, संयुक्त सत्र में बोले राज्यपाल

**बंगलूरू।** विपक्षी पार्टियों भाजपा और जेडीएस ने राज्य सरकार पर राज्यपाल की शक्तियां करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी विधायकों ने हाथों में प्लेकार्ड और बैनर लेकर विधान सौधा तक मार्च किया।

कर्नाटक के राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा है कि राज्य के विकास के मॉडल का अध्ययन दुनियाभर के अर्थशास्त्रियों और विश्वविद्यालयों द्वारा किया जा रहा है। कर्नाटक विधानसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहा कि कर्नाटक के विकास का मॉडल व्यक्ति आधारित है, जिसमें आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रशासन पर फोकस किया गया है।

# पुलिस को अभिव्यक्ति की आजादी को समझना होगा..., इमरान प्रतापगढ़ी की याचिका पर कोर्ट की टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान लागू होने के 75 साल बाद पुलिस को अब भाषण और अभिव्यक्ति की आजादी को समझना होगा। यह टिप्पणी कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की याचिका पर सुनवाई के दौरान की गई थी, जिसमें उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि संविधान लागू होने के 75 साल बाद पुलिस को अब भाषण और अभिव्यक्ति की आजादी को समझना होगा। शीर्ष कोर्ट ने यह टिप्पणी कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। याचिका में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द क रने की मांग की गई थी। प्रतापगढ़ी पर आरोप है कि उन्होंने कथित तौर पर एक भड़काऊ गाना साझा किया था। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की आजादी के मौलिक अधिकार के संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। जस्टिस ओका ने कहा कि जब भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात आती है, तो इसे संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने से पहले कुछ संवेदनशीलता दिखानी चाहिए और उन्हें कम से कम संविधान के अनुच्छेद को अवश्य पढ़ना और समझना चाहिए। संविधान के 75 साल बाद पुलिस को अब भाषण और अभिव्यक्ति की आजादी को समझना होगा। जस्टिस ओका ने आगे कहा कि यह आखिरकार एक कविता है और वास्तव में अहिंसा को बढ़ावा दे रही है। ऐसा लगता है

**स्वतंत्रता**

**जस्टिस ओका ने कहा कि जब भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात आती है, तो इसे संरक्षित किया जाना चाहिए।**

कि इसके अनुवाद में कुछ समस्या है। यह किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। यह कविता कहती है कि भले ही कोई हिंसा करे, हम हिंसा नहीं करेंगे। कविता यही संदेश देती है। यह किसी समुदाय विशेष के खिलाफ नहीं है। गुजरात के जामनगर में एक सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कथित भड़काऊ गीत के लिए इमरान प्रतापगढ़ी के



खिलाफ तीन जनवरी को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गुजरात पुलिस की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कहा कि कविता %सड़क छाप% प्रकृति की थी और इसका श्रेय फैज अहमद फैज जैसे प्रसिद्ध कवि और लेखक को नहीं दिया जा सकता। यह (सांसद का) वीडियो संदेश था जिससे परेशानी हुई।

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने प्रतापगढ़ी की ओर से कहा कि यह वीडियो संदेश प्रतापगढ़ी की टीम ने साझा किया था, न कि स्वयं प्रतापगढ़ी ने। इस पर मेहता ने कहा कि प्रतापगढ़ी को जिम्मेदार ठहराया जाएगा, भले ही उनकी टीम ने वीडियो संदेश उनके सोशल मीडिया खाते पर अपलोड किया हो।

बेंच ने कहा, अनुमति दी गई है। दलीलें सुन ली गई हैं। फैसला सुरक्षित रखा गया है। सिब्बल ने पहले कहा था कि गुजरात हाईकोर्ट का आदेश कानूनी रूप से गलत था, क्योंकि जज ने कानून का उल्लंघन किया।

## कौन हैं आकाश आनंद, जिनसे मायावती ने फिर उत्तराधिकार छीना

**नई दिल्ली।** यह जानना अहम है कि आखिर आकाश आनंद कौन हैं? मायावती के साथ उनका राजनीतिक स्तर पर रिश्ता कैसा रहा है? पिछली बार जब बसपा सुप्रीमो ने उन्हें पद से हटाया था, तो इसकी क्या वजह रही थी? इसके अलावा इस बार आकाश आनंद को हटाए जाने के पीछे उनके ससुर से उनका जुड़ाव किस तरह मुश्किलों की वजह बना? आइये जानते हैं... बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर अपने भतीजे आकाश आनंद को राष्ट्रीय संयोजक के पद से हटा दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने आकाश से एक बार फिर उत्तराधिकार छीनने का एलान भी कर दिया है। इस बार उनका फैसला कितना सख्त है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने साफ कर दिया कि उनके जीते-जी बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में अब कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। गौरतलब है कि इसी तरह पिछले सला भी मायावती ने आकाश को कुछ इसी तरह पदों से हटाने का फैसला किया था। हालांकि, तब और अब इस फैसले के पीछे वजहें बदली हैं। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर आकाश आनंद कौन हैं? मायावती के साथ उनका राजनीतिक स्तर पर रिश्ता कैसा रहा है? पिछली बार जब बसपा सुप्रीमो ने उन्हें पद से हटाया था, तो इसकी क्या वजह रही थी? इसके अलावा इस बार आकाश आनंद को हटाए जाने के पीछे उनके ससुर से उनका जुड़ाव किस तरह मुश्किलों की वजह बना? आइये जानते हैं...

# बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट से पूर्व पीएम खालिदा जिया को बड़ी राहत, भ्रषचार मामले में बरी



**बांग्लादेश।** बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उस फैसले को बरकरार रखा है जिसमें सर्वोच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को निरस्त कर दिया था। भ्रष्टाचार का यह मामला 14 साल पुराना है। पुलिस ने 2011 में मामला दर्ज किया था।

बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट से पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को बड़ी राहत मिली है। देश की शीर्ष अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में उन्हें बरी किए जाने का फैसला बरकरार रखा है। जिस मामले में जिया को राहत मिली है, वह साल 2011 का है। सुप्रीम कोर्ट से पहले हाईकोर्ट ने भी खालिदा जिया को बरी करने का फैसला सुनाया था। निचली अदालत ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले खालिदा जिया को सात साल जेल की सजा सुनाई थी। बीएनपी अध्यक्ष खालिदा जिया स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही हैं। बीते दिनों उन्हें इलाज के लिए लंदन ले जाया गया।

देश की सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस की एक रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति मोहम्मद अशफाकुल इस्लाम की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय अपीलीय खंडपीठ ने आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत ने राज्य और भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें आयोग ने खालिदा जिया और अन्य लोगों को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी।

79 साल की जिया को 2018 में दोषी ठहराया गया था। ढाका की एक अदालत ने उन्हें जिया चैरिटेबल ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में सात साल की कैद और एक मिलियन टका जुर्माने की सजा सुनाई थी। नवंबर, 2024 में जिया और दो अन्य दोषियों- जियाउल इस्लाम और मोनिरुल इस्लाम खान ने निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने तीनों को आरोपों से बरी कर दिया था। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सोमवार को इस पर अदालत ने फैसला सुनाया, जिसमें तीन न्यायाधीशों की पीठ ने खालिदा जिया को बरी किए जाने का निर्णय बरकरार रखा।

बता दें कि साल 2011 में तेजगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने खालिदा जिया और तीन अन्य लोगों पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। इन लोगों पर अज्ञात स्रोतों से जिया अनाथालय ट्रस्ट और जिया चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए धन जुटाने के आरोप लगे थे। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी प्रमुख खालिदा जिया को अनाथालय ट्रस्ट मामले में सजा के बाद फरवरी, 2018 में ढाका की सेंट्रल जेल में रखा गया था।

देश की एक अन्य महिला प्रधानमंत्री- शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के कार्यकाल में खालिदा जिया को 776 दिनों की कैद के बाद एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से रिहा किया गया था। जिया 1991 से 1996 तक प्रधानमंत्री रही थीं। इसके बाद उन्हें 2001 से 2006 की अवधि में भी पीएम रहने का मौका मिला था।


# यूरोप जैसी हालत से बचने के लिए पुतिन नहीं, देश की समस्याओं की चिंता जरूरी, जेलेंस्की विवाद के बीच ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ने जेलेंस्की से बहस के बाद यूरोप पर तंज कसते हुए कहा कि, हमें पुतिन की चिंता कम और प्रवासी दुष्कर्म गिरोह, ड्रग माफिया, हत्यारे और मानसिक संस्थानों से आए लोगों की ज्यादा फिक्र करनी चाहिए, ताकि हमारा हाल यूरोप जैसा न हो! अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने विरोधियों को जवाब देते हुए कहा कि लोग रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की बजाय अमेरिका में हो रही प्रवासी समस्याओं पर ध्यान दें। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा, हमें पुतिन की चिंता कम और प्रवासी दुष्कर्म गिरोह, ड्रग माफिया, हत्यारे और मानसिक संस्थानों से आए लोगों की ज्यादा फिक्र करनी चाहिए, ताकि हमारा हाल यूरोप जैसा न हो! अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान उस

**समर्थन**

**यह बैठक अमेरिका और यूक्रेन के बीच खनिज संसाधनों से जुड़े सौदे को लेकर थी। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की यूरोप के समर्थन के लिए लंदन रवाना हो गए थे।**

समय आया जब व्हाइट हाउस में उनकी यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की से एक अहम बैठक असफल हो गई। यह बैठक अमेरिका और यूक्रेन के बीच खनिज संसाधनों से जुड़े सौदे को लेकर थी। इसके बाद यूक्रेनी



राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की यूरोप के समर्थन के लिए लंदन रवाना हो गए थे। लंदन में एक शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि वे फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ मिलकर युद्ध (रूस-यूक्रेन युद्ध) रोकने की योजना बना रहे हैं, जिसे बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को पेश किया जाएगा। वहीं वोलोडिमीर जेलेंस्की ने यूरोप की एकता की सराहना करते हुए एक्स पर लिखा, लंदन सम्मेलन यूक्रेन और हमारे साझा यूरोपीय भविष्य के लिए था। हमें यूरोप से मजबूत समर्थन मिल रहा है - हमारे सैनिकों और नागरिकों दोनों के लिए। उन्होंने कहा कि यूरोप की यह एकता लंबे समय बाद देखने को मिली है और अब अमेरिका के साथ सुरक्षा समझौतों और न्यायसंगत शांति के लिए बातचीत हो रही है।

## इमरान खान को खुद में सुधार करना होगा, पूर्व पीएम शाहिद खक्कान अब्बासी ने दी नसीहत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नसीहत दी है। जिसमें उन्होंने इमरान खान को खुद में सुधार करना होगा, अन्यथा देश प्रगति के लिए संघर्ष करेगा।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और आवाम पाकिस्तान पार्टी (एपीपी) के संयोजक शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को खुद में सुधार करना होगा, अन्यथा देश प्रगति के लिए संघर्ष करेगा। एक स्थानीय समाचार चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व पीएम शाहिद खाकान अब्बासी ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री से संबंधित मुद्दों में अमेरिका हस्तक्षेप नहीं करेगा। वहीं घरेलू राजनीतिक माहौल पर टिप्पणी करते हुए, उन्होंने पीटीआई के मजबूत सार्वजनिक समर्थन को स्वीकार किया, लेकिन चेतावनी दी कि यदि पार्टी अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान अपनाए गए दृष्टिकोण को जारी रखती है, तो इससे उसे कोई लाभ नहीं होगा। शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा कि इमरान खान को अपनी गलतियों के बारे में सोचना चाहिए और उनकी पार्टी में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अगली सरकार ने पीटीआई की तरफ से की गई गलतियों को दोगुना कर दिया है। उन्होंने कहा, हम विपक्ष की सोच पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं और हमने सम्मेलन में राजनीतिक कैदियों की रिहाई के बारे में बात की है, क्योंकि देश में मुद्दे संविधान और सिद्धांतों के माध्यम से हैं। उन्होंने कहा, हमने एक रवैया विकसित कर लिया है कि कभी हम एक को (सत्ता में) लाते हैं और कभी दूसरे को। अगर देश में पाखंड खत्म हो जाए तो पीटीआई संस्थापक को भी राहत मिलेगी। देश में पिछली महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने परमाणु विस्फोट करने की हिम्मत इसलिए की क्योंकि भारत के कदम के बाद पाकिस्तान के पास कोई विकल्प नहीं था।

## हाइफा में चाकू से किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत, चार अन्य घायल



**तेल अवीव।** उत्तरी इस्राइल के शहर हाइफा में सोमवार को चाकू से किए गए हमले में 60 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। इस्राइली अधिकारियों ने बताया कि हमलावर मारा गया है। पुलिस ने बताया कि वह चाकूबाजी की इस घटना को एक आतंकवादी हमला मान रहे हैं। एक सुरक्षा गार्ड और एक नागरिक ने मिलकर उस हमलावर को मार गिराया।

पुलिस ने बताया कि हमलावर इस्राइल का एक अरब नागरिक था, जो कुछ समय विदेश में रहने के बाद हाल ही में इस्राइल लौटा था। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जब गाजा में संघर्ष विराम को लेकर क्षेत्रीय तनाव चरम पर है। आतंकवादी समूह हमास ने हमले की प्रशंसा की, लेकिन इसकी जिम्मेदारी लेने से परहेज किया।

## शेख हसीना के शासन काल में अत्याचारों के रिकॉर्ड होंगे संरक्षित

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतिरम सरकार ने देश में शेख हसीना के शासन काल में हुए अत्याचारों के सबूत को संरक्षित करने की बात कही है। रविवार को संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान, यूनुस ने इस बात पर जोर दिया कि उचित अभिलेखीय प्रणाली के बिना सच्चाई जानना और न्याय सुनिश्चित करना मुश्किल है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रशासन के तहत किए गए कथित अत्याचारों के अभिलेखों के सावधानीपूर्वक संरक्षण का आह्वान किया है। एक स्थानीय अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान, यूनुस ने इस बात पर जोर दिया कि उचित अभिलेखीय प्रणाली के बिना सच्चाई जानना और न्याय सुनिश्चित करना मुश्किल है।

मुख्य सलाहकार के प्रेस विंग की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि मुख्य सलाहकार ने संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर ग्वेन लुईस और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार विशेषज्ञ हुमा खान के साथ अपनी बातचीत के दौरान शापला चत्तर में प्रदर्शनकारियों



पर कार्रवाई, देलवर हुसैन सईदी फैसले के बाद प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की बर्बरता और कथित न्यायेतर हत्याओं के वर्षों का हवाला दिया। इसके जवाब में, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने मानवाधिकारों के हनन के दस्तावेजीकरण में बांग्लादेश की सहायता करने की अपनी इच्छा की पुष्टि की। तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण में संयुक्त राष्ट्र की विशेषज्ञता की पेशकश करते हुए लुईस ने कहा, यह उपचार और सत्य-निर्माण की एक प्रक्रिया है। मोहम्मद यूनुस ने जुलाई-अगस्त 2024 में हुए उत्थान के बाद संयुक्त राष्ट्र की तरफ से प्रकाशित मानवाधिकार उल्लंघन पर आधारित रिपोर्ट की सराहना की, जिससे 15 वर्षों तक चलने वाली अवामी लीग सरकार का पतन हो गया। लुईस ने बताया कि मानवाधिकार परिषद में 5 मार्च को जेनेवा में यह रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

वहीं इस बैठक में रोहिंग्या शरणार्थियों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। लुईस ने शरणार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहायता में कमी की चिंता व्यक्त की। इस पर यूनुस ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि संयुक्त राष्ट्र ने यह रिपोर्ट प्रकाशित की है; यह समय पर है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस 13-16 मार्च तक बांग्लादेश का दौरा करेंगे। ग्वेन लुईस का कहना है कि उनका दौरा शरणार्थी संकट पर वैश्विक ध्यान आकर्षित करने में मदद करेगा। लुईस ने कहा, %हम पैसे की स्थिति को लेकर बहुत चिंतित हैं,% उन्होंने कहा कि रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए खाद्य आपूर्ति और अन्य बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रति माह 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर की जरूरत है।

# ड्रोन के इस्तेमाल के लिए कौशल जरूरी: प्रो. वंदना सिंह

अवधनामा संवाददाता



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में ड्रोन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जौनपुर।** फोर इंस्टीट्यूट ऑफ ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च , गुरुग्राम, हरियाणा द्वारा संस्थान-उद्योग इंटरफेस के तहत वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में ड्रोन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के सहयोग से संपन्न हुआ।

उद्घाटन एवं अभिमुखीकरण सत्र में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि आज तकनीकी के इस युग में ड्रोन का उपयोग बढ़ता जा रहा है. इसके बेहतर इस्तेमाल के लिए नए कौशल की आवश्यकता है। इसमें रोजगार के अवसर भी बढे है। प्रथम सत्र का प्रशिक्षण श्री विजय तांबे द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने ड्रोन टेक्नोलॉजी की बढ़ती मांग, इसके अनुप्रयोगों तथा उद्योग जगत में इसके बढ़ते प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ड्रोन संचालन, निर्माण, मेंटेनेंस, एविएशन नियमों तथा औद्योगिक उपयोग से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को थ्योरी के साथ-साथ प्रायोगिक सत्रों में भी भाग लेने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी आज विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, रक्षा, आपदा प्रबंधन, सर्वेक्षण, लॉजिस्टिक्स, और सिनेमैटोग्राफी में तेजी से अपनी जगह बना रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को इन संभावनाओं से अवगत कराते हुए करियर के नए आयाम खोलने का प्रयास किया जा रहा है।कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. अविनाश डी. पाथर्डिकर ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नितेश जायसवाल ने किया।कार्यक्रम में प्रो. मानस पांडे, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. सौरभ पाल, डॉ आलोक दास , श्याम त्रिपाठी एवं मुख्य छात्र सदस्य आदित्य पांडेय, दिव्यांशु संजय, रुद्रांश चतुर्वेदी, शिवांश श्रीवास्तव, हरी ओम साहू, आर्यन पाण्डेय, आयुष गुप्ता समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सांसद ने निशुल्क चिकित्सा शिविर कैंप का किया शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर। (जौनपुर)** रामदयालगंज बाजार स्थित ग्राम सभा कैलावार में भव्य निशुल्क चिकित्सा शिविर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्वांचल के प्रसिद्ध एमबीबीएस एवं एमडी कुल 8 डॉक्टरों का पैनल के द्वारा मरीजों का निशुल्क उपचार एवं दवा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री वासुदेव फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा किया गया। वहीं इस फाउंडेशन की शुरुआत 2016 में हुई जो महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में अपनी शाखाएं बनाकर गरीब लाचार लोगों की सेवा में जुट गई। वही आज जौनपुर जिले के कैलावार गांव में ग्रामीण कार्यालय के उद्घाटन के उपलक्ष में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जौनपुर के प्रसिद्ध आठ डॉक्टरों का पैनल गांव में पहुंचकर निशुल्क उपचार और दवाई वितरित किया। वही दुर्गा सिटी हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आलोक यादव ने बताया कि आज का आयोजन ऐतिहासिक रहा जिसमें विभिन्न प्रकार के डॉक्टरों द्वारा 500 से ज्यादा लोगों की ओपीडी अटेंड की गई है। इस अवसर पर हिमानी हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शैली निगम जी ने 150 महिलाओं को निशुल्क उपचार किया और दवा भी वितरण की और इस अवसर पर मडियाहू के प्रतीक मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल प्रसिद्ध डॉक्टर एम.के. यादव भी ने निशुल्क ओपीडी देखी और इस मौके पर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव एवं जिलाअध्यक्ष अवधेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष राहुल यादव, सचिव अवधेश पाल ,ब्लॉक अध्यक्ष नीरज सिंह आदि लोगों पर उपस्थित रहे।

# आगामी होली पर्व एवं अन्य त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

आपसी भाई-चारे एवं सौहार्द के साथ मिल-जुलकर शांतिपूर्वक त्यौहारों को मनाये जाने की अपील की



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में आगामी होली पर्व एवं अन्य त्यौहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित पीस कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा त्यौहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के सम्बंध में अपने-अपने सुझाव दिए गए, जिसपर जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग, स्वास्थ्य, नगर निगम, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की इंटर्नल बैठक कर इसकी सूचना 07 मार्च तक उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक दवाईयों एवं चिकित्सकों की उपस्थिति की व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। इसके साथ ही साथ उन्होंने एम्बुलेंस की भी समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है।

उन्होंने सभी चौराहों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने व शराब की दुकानों को निर्धारित समय पर बंद किए जाने के निर्देश दिए है। बैठक में जिलाधिकारी ने कलेक्टेऊट परिसर में बनाये गये कंट्रोल रूम को क्रियाशील रखने और वहां पर अधिकारियों/ कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्टवार लगाने के निर्देश दिए है। कंट्रोल रूम का नम्बर -0532-2641577 , 0532-2641578 है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, अपर नगर मजिस्ट्रेटों एवं सभी एसीपी को अपने-अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी के साथ बैठक करने और सभी होलिका दहन स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने नगर निगम एवं जिला पंचायतराज अधिकारी को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को मार्गो पर लटकते हुए तारों को तत्काल ठीक कराये जाने व बिजली तारों के नीचे होलिका दहन स्थल न रहे, सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इसके साथ ही साथ विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था एवं जल निगम को पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है।

## सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को दें : आयुक्त



**बांदा।** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अजीत कुमार द्वारा राजादेवी महाविद्यालय, बांदा में युवाओं के साथ गोष्ठी में चर्चा की। उन्होंने गोष्ठी में युवाओं से आग्रह किया कि वह सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को दें, जिससे योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिल सके। इसके लिए वह अपनी विशेष भूमिका निभायें। मा0 मुख्यमंत्री जी प्रदेश को एक विकसित राज्य बनाने के लिए तत्पर हैं, जिसके लिए युवा वर्ग अपना योगदान दें। इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवा अपने कर्तव्यों का पालन करें। का युवाओं के जीवन पर विशेष प्रभाव पड़ता है। विकास सम्बन्धी योजनाओं सड़क सुरक्षा के बारे में भी युवा आम जनमानस के साथ चर्चा करें और आह्वान करें कि सभी लोग हेलमेट लगाकर वाहन चलायें एवं सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। तीब्र गति से वाहन न चलाये। हजारों व्यक्तियों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है। इसके लिए भी लोगों को जागरूक करते हुए आह्वान करें कि वह हेलमेट लगाकर ही दो पहिया वाहन चलायें। उन्होंने कहा कि जल का सदुपयोग करें, एक-एक बूंद पानी बचायें, क्यों कि जल ही जीवन है और इसका दुरूपयोग न होने पाये। पर्यावर्णीय सन्तुलन हेतु हर युवा एक-एक पेड़ लगाये और उसकी सुरक्षा भी करें। शिक्षा से समाज में बड़ा परिवर्तन आता है। युवा वर्ग प्रतिदिन योगा और प्राणायाम करें, इससे युवा वर्ग स्वस्थ्य रहेंगे और उनकी याद्दास्त दुरूस्त रहेगी।

# भिडीं व खरबूज की खेती समय से पहले करने से किसान की आय होगी दोगुनी

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि गर्मियों में भिंडी की फसल लेने वाले किसानों के लिए फरवरी से मार्च का समय बुवाई के लिए अनुकूल है। जनपद में निदेशालय से आवंटित बीज यथा- काशी प्रगति, काशी क्रान्ति, और काशी चमन प्रजाति के 128 किलो ग्राम एवं खरबूज पूसा, मधुरिमा 2 किलो ग्राम बीज जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में बीज उपलब्ध है। कृषि वैज्ञानिकां के अनुसार 01 हे0 खेत की तैयारी के लिए 40-50 कुन्तल सड़ी गोबर की खाद, 50 किलोग्राम एन0पी0के0 16 एम0ओ0पी0 और 16 किलोग्राम यूरियां का प्रयोग करे एवं बोने के 15-20 दिन बाद सब्जी की प्रथम निराई-गुड़ाई करना फायदेमन्द रहता हैं, भिड़ी बुवाई के लिए कतार से कतार की दूरी 25-30 से0मी0 एवं कतार में पौधे से पौधे के मध्य दूरी 15 से 20 से0मी0 रखनी चाहिये। बीज की 2 से 3 से0मी0 गहरी बुवाई करनी चाहिये। बुवाई के पूर्व भिंड़ी के बीजो को 3 ग्राम मेन्कोजेब, कार्बेन्डाजिम प्रति किलो बीज की दर उपचारित करना चाहिये। पूरे खेत को उचित आकार की पंक्तियो में बांट ले एवं मलचिंग कर के ड्रिप विधि द्वारा सिंचाई करने सें अधिक लाभ होगा। जिससे किसान भाई भिड़ी की खेती कर के अधिक से अधिक आय अर्जित कर सकते है तथा इच्छुक किसान किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आ कर बीज प्राप्त कर सकते है। योजना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि जनपद में भिण्डी का 128 किलोग्राम एंव खरबूज 2 किग्रा0 का बीज मुख्यालय पर उपलब्ध है। इच्छुक कृषक नकद मूल्य पर बीज प्राप्त कर सकते है।

# यूपी एनसीसी के कैडेटों ने मेला क्षेत्र में जारी स्वच्छता अभियान में किया योगदान

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में चल रहा है 15 दिनों का विशेष स्वच्छता अभियान



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में संगम तट पर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आस्था के महापर्व महाकुम्भ का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 27 फरवरी को महाकुम्भ के समापन की घोषणा के अवसर पर मेला क्षेत्र में 15 दिनों विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी दिशा क्रम में संगम तट पर चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में सोमवार को यूपी एनसीसी के कैडेटों ने वालेंटियर के तौर पर भाग लिया। आने वाले दिनों में सिविल डिफेंस तथा अन्य सामाजिक संस्थाएं भी महाकुम्भ के स्वच्छता अभियान में सहयोग देंगी।

आस्था के महापर्व महाकुम्भ के समापन के बाद भी प्रयागराज में श्रद्धालुओं के आने का क्रम निरंतर जारी है। पवित्र संगम में स्नान के लिए संगम तट को साफ और स्वच्छ बनाए रखने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान मेले की विशेष कार्याधिकारी आकांक्षा राना के निर्देशन में चल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को यूपी एनसीसी के 30 कैडटों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। यूपी एनसीसी के नायब सूबेदार गुरुबचन सिंह ने बताया कि मेला क्षेत्र के सेक्टर 21 में चल रहे स्वच्छता कार्यक्रम में उनकी बटालियन ने अपना योगदान दिया। आने वाले दिनों में भी एनसीसी के कैडेट इस अभियान से जुड़े रहेंगे। इस मौके पर मेला के सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर महेंद्र त्रिपाठी, उप मेलाधिकारी शुभम श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। उप मेलाधिकारी ने यूपी एनसीसी को स्वच्छता अभियान से जुड़ने पर मेला प्रशासन की ओर से आभार व्यक्त किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में सिविल डिफेंस और अन्य सामाजिक संस्थाएं भी इस अभियान में सहयोग करेंगी।

## 25-25 हजार रुपए के 2 ईनामिया आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर।** नेवढ़िया थाने की पुलिस ने जलालपुर हाईवे चौराहे से दो 25-25 हजार रुपए के 2 ईनामिया अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। नेवढ़िया थाने पर पंजीकृत मु.अ.सं. 92, 24 धारा 363, 366, 120बी भादवि व 3, 5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 से सम्बन्धित अभियुक्तगण मुस्लिम मण्डल पुत्र नाम कबीरूद्दीन उर्फ तमींरूद्दीन उर्फ बोगला मण्डल और मीना बीबी पत्नी मुस्लिम मण्डल निवासी गण काटाकोल जीपी मोहना थाना कुमारगंज जिला दक्षिणी दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) की गिरफ्तारी के लिए एसपी जौनपुर द्वारा 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था, जिसके क्रम में गिरफ्तारी के लिए थाना स्थानीय पर टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा ईनामिया अपराधियों को मुखबिर की सूचना पर जलालपुर हाईवे चौराहे से 200 मीटर आगे जौनपुर की तरफ जाने वाली हाईवे पर सोमवार को समय करीब 7 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया।

## ट्राई साइकिल पा कर खुश हुए दिव्यांग



**आजमगढ़।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग आजमगढ़ द्वारा विकासखंड ठेकमा में विकलांगों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम चलाया गया जिसके अंतर्गत विकासखंड ठेकमा के सभागार में दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सहायक उपकरण वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ठेकमा दुर्गावती देवी विशिष्ठ अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र सिंह मुन्ना, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान संघ ठेकमा के अध्यक्ष प्रमोद राय ने किया। कार्यक्रम में कुल 60 दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल दिया गया। उपस्थित लोगों कोसंबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी ठेकमा शशिकांत पांडेय ने कहा कि यह सरकार के एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत दिव्यांगजनों को यह उपकरण दिया जा रहा है इस उपकरण से दिव्यांगजन एक स्थान से दूसरे स्थान तक जा सकते हैं। वहीं पूर्व ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र सिंह मुन्ना ने कहा कि इस योजना से जो दिव्यांग जन गरीब और असहाय तबके के लोग हैं उनको इस योजना का लाभ मिलेगा जिससे वह अपना क्रिया कर्म आसानी से कर लेंगे। और जो भी इस योजना से बचे हैं उनको दोबारा फॉर्म भरवा कर सूची बनवा कर ट्राई साईकिल दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग अधिकारी शशांक सिंह, एडीओ समाज कल्याण वीरेंद्र यादव, ग्राम प्रधान कमलेश यादव, आदि समस्त लोग उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सभी ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक उपाय (करेक्टिव मेजर्स) किए जाये, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। उन्होंने चिन्हित ब्लैक स्पॉट के साथ-साथ नए दुर्घटना बाहुल्य स्थलों को चिन्हित करते हुए वहां पर भी दुर्घटनाओं को रोके जाने हेतु सभी आवश्यक उपाय करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को वाराणसी व मिर्जापुर मार्ग पर सम्भावित दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों की पहचान कर तकनीकी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी को राजमार्गो व मुख्यमार्गो से जुड़ने वाली सड़को पर टेबल टॉप बनाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी डिवाईडरों को पेंट करने एवं डिवाइडरों के कट प्वाइंट पर रिफलेक्टर लगाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने ओवर स्पीडिंग रोकने, नशे की हालत में वाहन न चलाये जाने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी से यातायात के नियमों का पालन करने व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने के लिए कहा है।

# उत्तर प्रदेश सहकार भारती की मंडलीय बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश सहकार भारती के आवाहन पर सहकार भारती आजमगढ़ विभाग की बैठक मऊ के शान्ति कुंज महादेव मंदिर गाय घाट संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता विभाग संयोजक आजमगढ़ राजेन्द्र नाथ पाठक ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार पाण्डेय सह संगठन प्रमुख उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि विजय नारायण शर्मा सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार तिवारी सदस्य उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकार गीत से शुरू हुआ। सर्व प्रथम संगठन संस्थापक श्रद्धेय लक्ष्मण राव इनामदार एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सदस्यता अभियान, संगठन को धरातल पर उतार कर आम आदमी को कैसे सामाजिक और आर्थिक लाभ प्रदान किया जाए, संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों को किस तरह सक्रिय किया जाए और विभिन्न प्रकोष्ठों में आपसी तालमेल हो इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष में संगठन को नया आयाम प्रदान किया जाए इत्यादि विषयों पर गहन विचार किया गया। कार्यक्रम के प्रस्तावना रिपोर्ट विभाग संयोजक ने अपने प्रस्तुति में व्यापक रूप से दी, मुख्य अतिथि विजय कुमार पाण्डेय जी ने संगठन के उद्देश्यों पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला, विशिष्ट अतिथि विजय नारायण शर्मा जी ने अपने संबोधन में संगठन की शक्ति को बढ़ाते हुए सहकारिता आन्दोलन को मजबूत कर उत्तर प्रदेश के विभिन्न सहकारी समितियां में सहकार भारती की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही, विभाग प्रभारी बृजेश कुमार सिंह पैक्स प्रकोष्ठ प्रमुख उत्तर प्रदेश ने प्रारम्भिक सहकारी समितियों में आ रही समस्याओं पर शासन स्तर पर उठाने की बात कही कार्यक्रम में अन्य वक्ता साथी शिव गोविंद सिंह सह संयोजक उपभोक्ता प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश, दिनेश कुमार सिंह सह संयोजक वेतन भोगी समिति प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश, बृजेश प्रसाद सह संयोजक ए पी ओ प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश रहे। कार्यक्रम में सह संयोजक आजमगढ़ विभाग अनिरुद्ध प्रसाद एवं शुभकरन सिंह एवं आजमगढ़ विभाग के तीनों जिलों आजमगढ़, बलिया,मऊ के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपनी भागीदारी प्रदान किया, जिसमें आजमगढ़ सहकार भारती महामंत्री श्री लल्लन तिवारी, ब्रिजेन्द्र पाण्डेय, मऊ जनपद के अध्यक्ष जय प्रकाश प्रजापति, संगठन प्रमुख मनीष राय, आजमगढ़ महिला प्रमुख पूनम सिंह, एस एच जी प्रमुख रेखा यती एवं अन्य मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं। बलिया जनपद के अध्यक्ष बृजेश प्रसाद एवं महामंत्री रविशंकर और अन्य सहकार बंधुओं ने बैठक में भाग लिया। कार्यक्रम का समापन समापन मंत्र से हुआ।

# श्रीमद्भागवत के छठे दिन श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** सोमवार को मवई में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। छठे दिन व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक आचार्य पं श्री शिवम मिश्र जी महाराज श्री धाम वृंदावन ने रास पांच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। हैं। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। कथावाचक



ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश हैं। कथा के दौरान आचार्य ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। इस दौरान भारी संख्या में ग्राम वासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कथा के विश्राम होने पर सभी ने आरती एवं प्रसाद ग्रहण किया।

# सड़क हादसे में युवक की मौत



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** बरदह थाना अंतर्गत सोमवार को ग्राम सभा सराय मोहन पैट्रोल पंप के निकट दीपक सरोज 25पुत्र बरखू निवासी ग्राम सभा ब्योरहा कोतवाली देवगांव बाइक से ठेकमा की तरह जा रहे थे तभी उसकी बाइक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमे बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया राहगीरों की मदद से युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ठेकमा पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक दीपक सरोज अपने ससुराल ग्राम सभा राजेपुर थाना बरदह अपनी पत्नी को अपने मायके राजेपुर पहुचा कर एक घंटे बाद वापिस अपने घर जा रहा था तभी सराय मोहन दुर्गा जी मंदिरके निकट अचानक उसकी बाइक को तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया पुलिस ने मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी तो उसके घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी करिश्मा और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की एक बेटी नेहा 1 वर्ष की एक पुत्री है। बताते चलें कि दीपक की 2 वर्ष पूर्व राजेपुर ग्राम बरदह थाना शादी हुई थी। परिजनों ने अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरिर दिया बरदह थाना में।

# निर्धारित पात्रता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी करें आवेदन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में जिला सोशल ऑडिट को-ऑर्डिनेटर के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि यह नियुक्ति एक वर्ष की संविदा के आधार पर की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार इस प्रकार से आवेदन करें कि 25 मार्च, 2025 तक आवेदन पत्र कार्यालय में प्राप्त हो जाए। इस पद के लिए आवेदक को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होना चाहिए। साथ ही जन समस्याओं से जुड़े मामलों में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कम से कम 5 साल का जमीनी अनुभव होना आवश्यक है। ग्राम पंचायत सोशल ऑडिट टीम के ऐसे सदस्य जिन्होंने कम से कम 3 सोशल ऑडिट पूरे किए हों, वे भी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र जिला विकास अधिकारी प्रयागराज के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। चयन प्रक्रिया में साक्षात्कार के 25 अंक निर्धारित हैं। ब्लॉक सोशल ऑडिट को-ऑर्डिनेटर के रूप में 3 वर्ष या अधिक का अनुभव रखने वालों को 3 अंकों की अतिरिक्त वरीयता दी जाएगी। प्रभारी जिला सोशल ऑडिट को-ऑर्डिनेटर के रूप में काम करने का अनुभव रखने वालों को प्रति वर्ष 1 अंक (अधिकतम 2 अंक) की वरीयता मिलेगी। आवेदन के समय आवेदक की आयु 1 जनवरी 2025 को 25 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए। पद के लिए प्रयागराज जनपद का निवासी होना अनिवार्य है। भरे हुए आवेदन पत्र जिला विकास अधिकारी प्रयागराज के कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजे जाने चाहिए कि आवेदन पत्र 25 मार्च, 2025 तक कार्यालय अवधि में अवश्य प्राप्त हो जाए।

# भक्ति गीतों में थिरके नज़र आएं भक्तजन

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** नगर के तिंदवारी बाईपास में श्री रामबहोरी शिवहरे जी द्वारा आयोजित शक्तिपीठ माँ पीतांबरा माई मंदिर के द्वितीय वार्षिक उत्सव एवं भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। सैकड़ों श्रोता भक्ति रंग में नजर आए। भक्ति गीतों का लुत्फ उठाने पूरे गांव, सहित आसपास के श्रद्धालु भी पहुंचे। भक्ति रंग में रंगकर झूमने-नाचने का दौर देर रात तक चलता रहा। मंदिर परिसर में स्थापित मां पीतांबरा माई खाटू श्याम बाबा की प्रतिमा के पास भजन संध्या हुई। कानपुर से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मां व बाबा खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी। हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा, मुझे तेरे नाम का सहारा चाहिए, सुबह और शाम बाबा के दर्शन चाहिए, सुनाकर तालियां बटोरीं। वही श्याम नाम गालो, सहारा मिलेगा, चलो सब खाटू दरबार, आदि भजन प्रस्तुत किए। इन पर श्रद्धालुओं ने देर रात तक नृत्य किया। फूलों की बौछार हुई। श्याम बाबा के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।

## शिवतांडव श्री कृष्ण जी झलकियां और बीर हनुमान बली झांकी प्रस्तुत किए गए

माई की कृपा से समस्त भक्तों को शक्ति, बुद्धि व समृद्धि प्राप्त हो एवं जीवन में मंगलमय ऊर्जा का संचार हो। इस मौके पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी रजत सेठ,मनोज शिवहरे ,पप्पू शिवहरे संगीता शिवहरे, रुचि गुप्ता, अनुराग गोयल,अनिल गुप्ता राजेश गुप्ता अमित गुप्ता राकेश गुप्ता रज्जुभाइया,पप्पू शिवहरे, रवि शिवहरे, मोंटू वीरेंद्र सुधीर अम्बरीष दिनेश निगम,राजू त्रिपाठी बड़कू भाइया आदि मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | कन्वर्शन ऑफ बी.जी. कोचेज इन–टू ए.आर.टी./ए.आर.एम.ई. (32 कोचेज)। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 5,10,20,745/– मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 4,05,100/– मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक–10.03.2025 से 24.03.2025 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/ HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं.: 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू–ईनिविदा–12 दिनांक: 28.02.2025
677/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# टाटा एआईए ने लखनऊ में बीमा जागरूकता फैलाने के लिए 'प्लेज टू प्रोटेक्ट' पहल चलाई

**लखनऊ।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए), भारत में अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक इस कंपनी ने लखनऊ में अपनी 'प्लेज टू प्रोटेक्ट पहल शुरू करके जीवन की रक्षा के प्रति अपने समर्पण की पुष्टि की है। यह पहल कंपनी के वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में एक लाख लोगों की जान बचाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का हिस्सा है।

**अभियान**

**लखनऊ में, सभी कर्मचारियों ने 100 लीडर्स और सलाहकारों के साथ मिलकर कई स्थानों पर दान अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।**

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के स्थापना दिवस के अवसर पर, लखनऊ में टाटा एआईए टीम ने अपने बीमा जागरूकता अभियान के तहत कई दान अभियान आयोजित किए। बीमा कवरेज के बारे में जागरूकता फैलाने और साथ ही समुदाय के कल्याण में योगदान देने के लिए यह पहल चलाई जा रही है।




लखनऊ में, सभी कर्मचारियों ने 100 लीडर्स और सलाहकारों के साथ मिलकर कई स्थानों पर दान अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। समर्पण वरिष्ठ जन परिसर वृद्धाश्रम में, टीम के सदस्यों ने कपड़े और खाद्य पदार्थों सहित आवश्यक आपूर्ति दान की, जिससे बुजुर्ग निवासियों को लाभ हुआ। इसी तरह की पहल गौड़ीय मठ में एक बाल अनाथालय में की गई, जहाँ बच्चों की सहायता के लिए कपड़े और खाद्य सामग्री वितरित की गई। इसके अतिरिक्त, टीम ने विसोका वेलफेयर फाउंडेशन के निवासियों की सहायता के लिए आवश्यक आपूर्तियाँ दान कीं। बाराबंकी में, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस टीम ने मातृ-पितृ सदन वृद्धाश्रम का दौरा किया, जहाँ उन्होंने बुज़ुर्ग निवासियों को कपड़े दान किए। स्थानीय समुदाय ने इस पहल की व्यापक रूप से सराहना की। इस पहल ने बीमा कवरेज के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाते हुए सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति टाटा एआईए की प्रतिबद्धता को पुष्ट किया।

टाटा एआईए के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर - प्रोप्राइटरी बिज़नेस, अमित दवे ने कहा, जीवन बीमा समाज के कमज़ोर वर्ग सहित सभी लोगों को बहुत ज़रूरी वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। बीमा के बारे में जागरूकता पैदा करने की ज़िम्मेदारी हम सभी पर है। टाटा एआईए प्लेज टू प्रोटेक्ट अभियान के ज़रिए भारतीयों के लिए वित्तीय समावेशन और वित्तीय सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम भारत में बीमा कवरेज का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में 1 लाख लोगों को सुरक्षित करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टाटा एआईए अथक प्रयास करेगा।

प्लेज टू प्रोटेक्ट अभियान के तहत, टाटा एआईए ने भारत भर में अपनी 599 शाखाओं और 1.43 लाख से अधिक एजेंटों और कर्मचारियों को शामिल करते हुए कई अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया है। इनमें रोड शो, जॉगर्स पार्क गतिविधियां, हाउसिंग सोसाइटी की भागीदारी और स्वास्थ्य शिविर शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर ज़्यादा से ज़्यादा लोगों से जुड़ने के अलावा, यह कंपनी स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), पंचायतों और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के साथ सहयोग करेगी। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में ज़्यादा से ज़्यादा व्यक्तियों को बीमा की जानकारी देने और उन्हें बीमा सुरक्षा में शामिल करने में सक्षम होगी। टाटा एआईए की 550 से ज़्यादा शाखाओं ने पहले ही इस अभियान की शुरूआत कर दी है, जिसमें करीबन 70,000 एजेंट, कर्मचारी और ग्राहक शामिल हैं।

बीमा के अलावा, टाटा एआईए अपनी जागृति पहल के ज़रिए वित्तीय सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दे रही है। यह एक वित्तीय साक्षरता पहल है, जहां कर्मचारी वंचित समुदायों को ज़रूरी वित्तीय साधनों के बारे में शिक्षित करने के लिए अपनी स्वेच्छा से काम करते हैं। हिंदी, अंग्रेज़ी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध प्रशिक्षण मॉड्यूल के साथ, अपना ज्ञान साझा करने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि वह अपने नेटवर्क में कम से कम चार लोगों को सूचित वित्तीय निर्णय लेने का आत्मविश्वास दिला सकें। इस पहल के तहत 3,300 से ज़्यादा टाटा एआईए कर्मचारी पहले ही स्वेच्छा से काम कर चुके हैं।

# धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने लखनऊ में शुगरकेन सस्टेनेबिलिटी पर आयोजित की विशेष सेमिनार



**लखनऊ।** स्थायी कृषिरसायन समाधानों में लीडर धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने गोमती नगर स्थित नोवोटेल लखनऊ के बॉलरूम में विशेष सेमिनार का आयोजन किया, कार्यक्रम का विषय था ''गन्ना विकास सर्वोत्तम पैदावार÷। इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों, शुगर मिल मालिकों, गन्ना विशेषज्ञों तथा किसान विकास केन्द्र, आईआईएसआर के वैज्ञानिकों, ज़िला गन्ना अधिकारियों एवं अन्य नीतिनिर्माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, उन्होंने उत्तर प्रदेश में गन्ने की उपज और गुणवत्ता में सुधार लाने तथा इस क्षेत्र की चुनौतियों को हल करने के लिए आधुनिक समाधानों पर चर्चा एवं विचार-विमर्श किया। इस कार्यक्रम में शिरकत करने वाले माननीय अतिथियों में डॉ. बख्शी राम (पद्मश्री, पूर्व निदेशक, गन्ना प्रजनन संस्थान), श्री माधवेंद्र प्रताप सिंह, एमएलए, स्वयाज़पुर (हरदोई), उत्तर प्रदेश, डॉ. कुमार विनीथ, आईएएस, एमडी, यूपी कॉऑपरेटिव शुगर फैक्टरीज़ फेडरेशन लिमिटेड तथा श्री रोशन लाल तमक, ईडी एवं सीईओ - चीनी व्यापार, डीसीएम श्रृराम लिमिटेड शामिल रहे। सेमिनार के दौरान कई मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित किया गया जैसे उत्तर प्रदेश में प्रति हेक्टेयर कम गन्ना उपज की समस्या को हल करना, जो वर्तमान में औसत 84 टन है, जबकि तमिलनाडु में यह औसत 105 टन है- इसके कारणों को पहचानना जैसे आधुनिक तकनीकों की सीमित उपलब्धता (बीज, मिट्टी की जांच, प्रेसीज़न स्प्रे टेक्नोलॉजी एवं फाइनैंस), मार्केट का अनुपयुक्त एक्सेस तथा खेती के लिए उचित इनपुट्स का उपयोग न किया जाना। सेमिनार के दौरान पेश किए गए आंकड़ों ने इस बात पर रोशनी डाली कि यूपी में प्रगतिशील किसानों ने 284 टन तक की उत्पादकता भी हासिल की है (जैसा कि 16-17 नवम्बर को लखनऊ में आयोजित सीआईआई शुगरटेक मीटिंग के दौरान कहा गया), हालांकि प्रदेश में अभी भी बहुत अधिक क्षमता है, जिसका सदुपयोग किया जा सकता है। सीआईआई मीटिंग के दौरान यूपी के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उपजाऊ ज़मीन तथा गंगा एवं यमुना जैसी नदियों से पर्याप्त जल संसाधनों के उपलब्ध होने के कारण प्रदेश में खेती के उत्पादन को बढ़ाकर तीनगुना या चारगुना तक भी किया जा सकता है।

# ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन के 'आर्ट फॉर होप-सीजन 4' ने देशभर के 50 प्रतिभाशाली कलाकारों को किया सशक्त, सामाजिक बदलाव के लिए कला का उत्सव

**नई दिल्ली।** ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एच एम आई एल) की सीएसआर इकाई ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन (एच एम आई एफ) ने अपनी 'आर्ट फॉर होप' पहल के चौथे सीजन का उद्घाटन किया है। इस तीन दिवसीय कला एवं सांस्कृतिक आयोजन में 15 राज्यों के 50 अनुदान प्राप्तकर्ता कलाकारों एवं कला समूहों को कुल 60 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है। कला के क्षेत्र में अग्रणी 'आर्ट फॉर होप' पहल से कला के क्षेत्र में प्रतिभाओं को पोषित करने, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और एक ऐसे भविष्य को आकार देने की दिशा में एच एम आई एफ की प्रतिबद्धता दिखती है, जहां रचनात्मकता से सामाजिक प्रगति में योगदान मिलता है। अनुदान प्राप्त करने वालों में 5 दिव्यांगजनों समेत 40 कलाकारएवं 10 कला समूह शामिल हैं। नई दिल्ली स्थित त्रावणकोर पैलेस में 'आर्ट फॉर होप' के चौथे सीजन का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया। इस दौरान एच एम आई एल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री उनसू किम, एच एम आई एफ के ट्रस्टी श्री गोपालकृष्णन सीएस, एच एम आई एल के कॉरपोरेट अफेयर्स के फंक्शन हेड श्री जोनगिक ली और एच एम आई एल के वर्टिकल हेड - कॉरपोरेट कम्युनिकेशन एंड सोशल पुनीत आनंद उपस्थित रहे।

'आर्ट फॉर होप' के महत्व को लेकर भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, 'कला में प्रेरित व शिक्षित करने और संस्कृतियों एवं समुदायों को एकजुट करने की ताकत होती है। ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन की 'आर्ट फॉर होप' पहलसराहनीय है। यह न केवल कलाकारों का समर्थन करती है, बल्कि भारत की विविध सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित एवं संवर्धित भी करती है। उभरते हुए एवं वंचित कलाकारों को सशक्त करते हुए यह पहल सुनिश्चित करती है कि पारंपरिक एवं समकालीन कला बढ़ती रहे। कला को पोषित करने की दिशा में ह्यूंडई मोटर इंडिया के समपर्ण से राष्ट्र निर्माण को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की झलक दिखती है।'

'आर्ट फॉर होप - सीजन 4' के उद्घाटन के मौके पर एच एम आई एल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री उनसू किम ने कहा, 'ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड में हमारा विजन है 'प्रोग्रेस फॉर ह्यूमैनिटी' और हमारी हर पहल के केंद्र में यही है। हम केवल कार बनाने के लिए ही नहीं, बल्कि भारत के लिए बेहतर भविष्य बनाने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

आर्ट फॉर होप पहल भारत को लेकर हमारी गहरी प्रतिबद्धता, यहां की विविध परंपराओं को लेकर सम्मान और यहां के लोगों की अद्भुत क्षमता का प्रतीक है। प्रोग्राम के सीजन 4 के साथ हम रचनात्मकता को पोषित करने, विविधता एवं समावेश को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती दे रहे हैं। हमारी सफलता उन समुदायों की प्रगति से जुड़ी है, जहां हम सेवा प्रदान करते हैं और आर्ट फॉर होप जैसी पहल इस दिशा में बहुत महत्वपूर्ण है।'

**आर्ट फॉर होप - सीजन 4 के प्रमुख बिंदु**

मथुरा की सांझी पेपरकट कला, गुजरात की लिप्पन कला और आंध्र प्रदेश की कलमकारी कला जैसे विभिन्न पारंपरिक कला रूपों के लिए कार्यशाला का आयोजन

नई दिल्ली एवं महाराष्ट्र के कलाकारों की तरफ से थिएटर परफॉर्मेंस, साथ ही लावणी, ओट्टन थुल्लल, थेय्यम और यक्षगान को प्रदर्शित करने वाले नृत्य एवं डॉक्यूमेंटरी का प्रदर्शन

प्रतिभाशाली दिव्यांग कलाकारों के बैंड की तरफ से विशेष संगीत प्रस्तुति

कारीगर उत्सव (आर्टिसन फेस्ट)- 15 इको-फ्रेंडली आर्ट एंड क्राफ्ट एनजीओ एवं छोटे उद्यमों को समर्थन देने के लिए स्टॉल

'आर्ट फ्रॉम वेस्ट' (कचरे से कला)और 'डिजाइन एवं कला में समावेश' जैसे विषयों पर स्पीकर सेशन एवं राउंडटेबल डिस्कशन

टैक्टाइल आर्टवर्क, ऑडियो-विजुअल साइन लैंग्वेज टूर और ब्रेल डिस्क्रिप्शन के माध्यम से चलने, सुनने एवं देखने में अक्षम लोग भी सुगमता से इस प्रदर्शनी का आनंद ले सकेंगे।

# हायर ने भारत में लॉन्च किए कलरफुल किनोची एयर कंडीशनर

**नई दिल्ली।** हायर अप्लायंसेज इंडिया ने भारत में अपने नए किनोची एयर कंडीशनर की कलरफुल रेंज लॉन्च की है, जिसने कूलिंग टेक्नोलॉजी में नया बेंचमार्क स्थापित किया है। यह एसी सिर्फ ठंडक ही नहीं देता, बल्कि मॉडर्न घरों की खूबसूरती को भी बढ़ाता है क्योंकि यह बेहतरीन डिजाइन और उन्नत परफॉर्मेंस का अनोखा मेल है।किनोची लिमिटेड एडिशन एसी कटिंग-ऐज टेक्नोलॉजी और प्रीमियम कलरफुल फिनिश के साथ आते हैं, जिससे यह सिर्फ कूलिंग ही नहीं बल्कि घर की सुंदरता भी बढ़ाते हैं। हायर इंडिया ने इस खास रेंज को पेश किया है, जो फंक्शनलिटी और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन प्रदान करती है।किनोची सीरीज तीन शानदार कलर्स- ब्लैक, मॉर्निंग मिस्ट और मूनस्टोन ग्रे में उपलब्ध है, जो किसी भी इंटीरियर के साथ आसानी से मेल खाती है। ये एसी (AC) केवल हाई-परफॉर्मेंस कूलिंग का समाधान ही नहीं, बल्कि आधुनिक जीवनशैली को दर्शाने वाले स्टेटमेंट पीस भी हैं। इस लॉन्च के साथ, हायर इंडिया अपने ग्राहक-प्रेरित नवाचार की प्रतिबद्धता को दोहराता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि उपभोक्ताओं को अब दक्षता और आकर्षक डिजाइन में से किसी एक को चुनने की जरूरत नहीं है—वे दोनों का आनंद ले सकते हैं, जो उनके स्टाइलिश घरों को बेहतरीन बनाएगा।किनोची एयर कंडीशनर सीरीज के लॉन्च के बारे में हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेसिडेंट, श्री एन. एस. सतीश ने कहा, हायर इंडिया में, हम हमेशा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं। भारत में कलर लिमिटेड-एडिशन एसी पेश करने वाला एकमात्र ब्रांड होने के नाते, हम प्रीमियम एस्थेटिक्स और एडवांस कूलिंग सॉल्यूशंस में नए मानक स्थापित कर रहे हैं। किनोची लिमिटेड एडिशन, प्रीमियम डिजाइन




और उच्च दक्षता के साथ हमारी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारी सभी एयर कंडीशनर्स, जिनमें किनोची डार्क एडिशन भी शामिल है, भारत में निर्मित हैं और भारतीय बाजार के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है।

1.6 टन, 5-स्टार रेटिंग के साथ नया हायर किनोची एसी (AC) 27 फरवरी से भारत के प्रमुख ऑनलाइन और ऑफलाइन रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध हैं, जिसकी शुरुआती कीमत 49,990 है।

## सोना 200 रुपये बढ़कर 87900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की ताजा खरीदारी और रुपये में कमजोरी जारी रहने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 200 रुपए बढ़कर 87,500 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 87,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा चांदी की कीमत भी 100 रुपए बढ़कर 96,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में अप्रैल डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 698 रुपये बढ़कर 84,917 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

## माय11सर्किलने टाटा आईपीएल डिजिटल स्ट्रीमिंग के लिए को-प्रजेंटिंग पार्टनर के रूप में जियोस्टार से हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किलने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग के लिए को-प्रजेंटिंग पार्टनर (सह-प्रस्तुति भागीदार) के रूप में जियोस्टार के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस गठजोड़ के साथ माय11सर्किल भारत के उत्साही क्रिकेट दर्शकों के साथ अपने जुड़ाव को और बढ़ाएगातथामोबाइल एवं कनेक्टेड डिवाइसेज पर जियोस्टार की व्यापक पहुंच का लाभ उठाएगा। माय11सर्किल टाटा आईपीएल का आधिकारिक एसोसिएट पार्टनर भी है। इस प्रमुख टूर्नामेंट के साथ माय11सर्किल के पांच साल के एसोसिएशन का यह दूसरा साल है। इससे पूरे सीजन में क्रिकेट प्रशंसकों को एक मनोरंजक एवं आकर्षक अनुभव प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। इस साझेदारी पर बात करते हुएगेम्स24×7 के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री सरोज पाणिग्रही ने कहा,भारत में आईपीएल को लेकर लोगों के जुनून को नकारा नहीं जा सकता है। इसे देखते हुए हम यूजर्स को और भी अधिक डायनामिक एवं इमर्सिव अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। माय11सर्किल मेंहमारा ध्यान हमेशा हमारे यूजर्स पर रहा है। को-प्रजेंटिंग पार्टनर के रूप में जियोस्टारके साथ साझेदारी करने से हमें डिजिटल व्यूइंग एक्सपीरियंस के साथ सहजता से घुलने-मिलने में मदद मिलेगी, जिससे प्रशंसकों का एंगेजमेंट नई ऊंचाइयों पर पहुंच सकेगा। साथ मिलकरहम एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना रहे हैं जो न केवल क्रिकेट का जश्न मनाता है बल्कि प्रशंसकों को एक्शन के और करीब भी लाता है। जियोस्टार के साथ मिलकर माय11सर्किल डिजिटल रूप से टाटा आईपीएल को स्ट्रीम करने वाले लाखों क्रिकेट प्रशंसकों से जुड़ने के लिए तैयार है, जिससे खेल में उनका गहरा जुड़ाव व रियल टाइम पार्टिसिपेशन सुनिश्चित होगा। तेजी से बढ़ती फैंटेसी स्पोर्ट्स कम्युनिटी को देखते हुए यह साझेदारी अत्याधुनिक तकनीक एवं एक सहज, रिवार्डिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशंसकों केअनुभव को नए सिरे से परिभाषित करने के माय11सर्किल के मिशन की दिशा में एक और कदम है।

# हिंदुजा फाउंडेशन ने हिंदुजा कॉलेज को डीम्ड यूनिवर्सिटी बनाने की योजना की घोषणा की



**अयोध्या।** शिक्षा के क्षेत्र में 75 वर्ष पूरे करने के अवसर पर, हिंदुजा समूह ने अपने प्रमुख संस्थान, हिंदुजा कॉलेज ऑफ कॉमर्स के ज़रिए भारत के भविष्य को आकार देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। हिंदुजा कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स की शुरूआत शरणार्थियों के बच्चों के लिए बनाए गए एक साधारण प्राथमिक विद्यालय के रूप में हुई थी। आज 6000 से अधिक छात्र यहां पढ़ते हैं और हिंदुजा कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स अब एक डीम्ड विश्वविद्यालय बनने की ओर अग्रसर है।आज यह समूह हिंदुजा फाउंडेशन के माध्यम से भारत भर में रोड टू स्कूल और रोड टू लाइवलीहूड जैसी पहलों के माध्यम से 7,00,000 से अधिक छात्रों को शिक्षा प्रदान करता है। 2030 तक 1 मिलियन छात्रों को सशक्त बनाने की महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ, हिंदुजा फाउंडेशन शिक्षा को बदलाव के मुख्य स्त्रोत के रूप में बढ़ावा देना जारी रखता है और 2047 तक भारत के विकसित भारत के दृष्टिकोण में प्रमुख योगदान देता है। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ और उनके साथ कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री सी. पी. राधाकृष्णन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक और पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया इस पड़ाव को हासिल करने के बारे में, हिंदुजा फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक हिंदुजा ने कहा, संस्थान एक कौशल विकास केंद्र स्थापित करने के लिए तैयार है, जो उद्योग और शिक्षा के बीच की दूरी को पाटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा।

## शार्प की भारतीय एसी उद्योग में वापसी: रीरियू, सेइरियो और प्लाज्मा चिल सीरीज किया लॉन्च



**लखनऊ।** शार्प कॉर्पोरेशन जापान की सहायक कंपनी शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्रा.लि. ने एयर कंडीशनिंग तकनीक में अपनी रीरियू, सेइरो और प्लाज़्मा चिल सीरीज लॉन्च कर एयर कंडीशन उद्योग में धमाकेदार वापसी की है। उन्नत एयर कंडीशनर रीरियू, सेइरो और प्लाज़्मा चिल शानदार कूलिंग प्रदर्शन तो करते ही हैं, साथ ही इनमें ऊर्जा दक्षता और हवा को शुद्ध करे के लिये उन्नत उन्नत फिल्टर का प्रयोग किया गया है। ये नवीनतम एसी की सीरिज भारतीय ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों को बखूबी पूरा करने की क्षमता रखती है।

इन एयर कंडीशनर में 7-स्टेज फ़िल्टरेशन, 7-इन-1 कन्वर्टिबल कार्यक्षमता, i-FEEL(आई-फील), सेल्फ-डायग्नोसिस और सेल्फ-क्लीनिंग तकनीक जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं, जो आराम, स्वास्थ्य और सुविधा का एक आदर्श योग है। ये उत्पाद अलग-अलग आकार के कमरों के हिसाब आते हैं, जो हर घर और कार्यालय के लिए एक ठंडा और स्वच्छ वातावरण करते हैं। ये एयर कंडीशनर ग्रोहकों की जरूरतों के हिसाब से ज्यादा टिकाऊ हैं और अपनी कुशल तकनीक से शार्प की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

लॉन्च के मौके पर शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) के प्रबंध निदेशक श्री ओसामु नारिता ने कहा, भारत शार्प के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम यहां अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को ग्रीन ऊर्जा व ऊर्जा दक्षता पुरस्कार से नवाजा गया



**नई दिल्ली।** केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को स्थिरता और ऊर्जा दक्षता में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित ÷एनर्जी ट्रांजिशन एक्सीलेंस अवार्ड - एकेडेमिया 5वें ग्रीन उर्जा और ऊर्जा दक्षता अवार्ड्स 2024 में प्राप्त हुआ। इस पुरस्कार का आयोजन इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, कोलकाता द्वारा किया गया, जिसमें डेलॉइट ज्ञान भागीदार के रूप में शामिल था। यह सम्मान नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ग्रीन उर्जा और ऊर्जा दक्षता पुरस्कार उन संस्थानों और व्यक्तियों को सम्मानित करता है जो स्थायी ऊर्जा भविष्य की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। यह आयोजन ले मेरिडियन, नई दिल्ली में हुआ, जहां केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों के एकीकरण, स्थिरता पहल को बढ़ावा देने और शैक्षणिक क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण में प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के डीन, पी एंड डी, डॉ. वुल्लांकी राजेश ने इस सम्मान पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, यह पुरस्कार हमारी स्थिरता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम लगातार उन्नत ऊर्जा समाधान लागू कर रहे हैं, जो हरित भविष्य में योगदान देते हैं और ऊर्जा संरक्षण के प्रयास जारी रखेंगे।

# टाटा टी प्रीमियम ने पेश किया टाटा टी प्रीमियम केयर कुदरती तत्वों की खूबियों के साथ स्वादिष्ट चाय

टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड प्रीमियम और वेलनेस कैटेगरी में निरंतर नए प्रयोग कर रहा है, ताकि आधुनिक उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा किया जा सके। गुणवत्ता और स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, देश की चाय टाटा टी प्रीमियम लेकर आया है टाटा टी प्रीमियम केयर। इसमें मिलता है तुलसी, अदरक, ब्राह्मी, इलायची और मुलेठी जैसे प्राकृतिक तत्वों की खूबियों से भरपूर एक विशेष मिश्रण। उपभोक्ता-केंद्रित नवाचारों के जरिए, टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड रोज़ाना की चाय को भी एक उद्देश्यपूर्ण अनुभव में बदल रहा है, जो आधुनिक उपभोक्ताओं की पसंद के अनुरूप है। टाटा टी प्रीमियम केयर स्वाद और सेहत का एकदम सही मिश्रण है, जो देश के लोगों के मजबूत चाय प्रेम को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह खासतौर पर उन उपभोक्ताओं के लिए बनाया गया है जो एक कड़क चाय की तलाश में रहते हैं, साथ ही इसे प्राकृतिक तत्वों के लाभों के साथ संपूर्ण बनाया गया है। भरोसे और गुणवत्ता को केंद्र में रखते हुए, यह विशेष मिश्रण आज के आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप तैयार किया गया है।

टाटा टी प्रीमियम केयर के लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, पुनीत दास, प्रेसिडेंट - पैकेज्ड बेवरेजेस (इंडिया एंड साउथ एशिया), टाटा कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स, ने कहा, टाटा टी प्रीमियम केयर हमारी प्रीमियम रणनीति का स्वाभाविक विस्तार है। भारतीयों का चाय के साथ एक गहरा भावनात्मक संबंध है, और इस नए उत्पाद के माध्यम से, हम रोज़ाना की चाय के अनुभव को बेहतर बना रहे हैं, जिसमें सदियों से इस्तेमाल हो रहे प्राकृतिक तत्वों की अच्छाई को शामिल किया गया है। जैसे-जैसे उपभोक्ता अपने स्वास्थ्य विकल्पों को लेकर अधिक सतर्क हो रहे हैं, हमें विश्वास है कि यह अनूठा मिश्रण उन्हें बेहद पसंद आएगा। इस नए विस्तार के साथ, हम प्रीमियम वेलनेस कैटेगरी में अपनी उपस्थिति को और भी मज़बूत बना रहे हैं, जिससे उच्च-गुणवत्ता और उद्देश्यपूर्ण पेय प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होती है। टाटा टी प्रीमियम केयर के लॉन्च को प्रमुख बाज़ारों में अग्रणी प्रकाशनों में प्रिंट इनोवेशन के माध्यम से समर्थित किया गया है, जिसमें टाटा टी प्रीमियम केयर पैक के आकार का एक अनूठा डिज़ाइन प्रस्तुत किया गया है। यह क्रिएटिव प्रस्तुति उपभोक्ताओं का ध्यान आकर्षित करने और टाटा टी प्रीमियम केयर के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक प्रभावी तरीका है।

## लिवाइस ने दिलजीत दोसांझ को बनाया अपना ग्लोबल ब्राण्ड अम्बेसडर




**लखनऊ।** लिवाइस ब्राण्ड ने विश्वस्तरीय आइकन दिलजीत दोसांझ को अपना नया अम्बेसडर बनाने की घोषणा की है। म्युज़िक, सिनेमा और स्टाइल के नियमों को नया आयाम देने के लिए विख्यात दिलजीत लिवाइस0 के साथ जुड़ने वाले पहले पंजाबी कलाकार हैं, जो ब्राण्ड की रचनात्मक प्रतिभा की बढ़ती कम्युनिटी में शामिल हो गए हैं।

अपने रिकॉर्ड तोड दिल-लुमिनाटी टूर और इतिहास रचने वाले कोचेला डेब्यु के बाद यह साझेदारी लिवाइस0 के सदाबहार आकर्षण को दिलजीत की अग्रणी यात्रा के साथ जोड़ती है। G.O.A.T से लेकर लवर तक और अब सही मायनों में तलिवइनलिवाइस के आइकन के रूप में, यह दो आइकन्स का जश्न है, दोनों के साथ संस्कृति को नया आयाम देता है।

अमीशा जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं एसवीपी, साउथ एशिया, मिडल ईस्ट, अफ्रीका और नॉन -ईयू- लिवाई स्ट्रॉस एण्ड कंपनी ने कहा, ''दिलजीत दोसांझ का व्यक्तित्व लिवाइस की प्रगतिशील भावना से मेल खाता है। उनकी यात्रा हमारे ब्राण्ड के दृष्टिकोण की तरह है, जो संगीत, फैशन एवं संस्कृति के माध्यम से स्व-अभिव्यक्ति को सक्षम बनाते हैं।

## आदित्य विजन ने लखनऊ में एक साथ छह नए स्टोरों का उद्घाटन किया

**लखनऊ।** भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन आदित्य विजन ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक साथ 6 नए स्टोरों का भव्य उद्घाटन किया। यह एक ही दिन में किसी एक शहर में छह इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम खोलने का रिकॉर्ड है।

यह स्टोर पत्रकारपुरम, नियर ओपन एयर रेस्टोरेंट, हुसड़िया चौराहा, गोमती नगर, आशियाना एलडीए कॉलोनी, आशियाना चौराहा, जानकीपुरम, निगर भिठौली रेलवे क्रॉसिंग, जानकीपुरम एक्सटेंशन योजना, विकास नगर, घुलाची मंदिर के पास, रायबरेली रोड, नियर सरदार पटेल डेंटल कॉलेज, उतरेटिया एवं फैजाबाद रोड, 64 सीसी मंगलपुरी, विजयपुर, नियर सुषमा हॉस्पिटल खोले गये हैं। आदित्य विजन, पूर्वी भारत के सबसे विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिका रिटेल ब्रांडों में से एक है. जो अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और शानदार ऑफर्स के लिए जाना जाता है। 1999 में पटना में अपने पहले शोरूम की शुरूआत करने के बाद. आज 2025 में यह प्रतिष्ठान 167 शोरूमों तक विस्तारित हो चुका है।

निदेशक निशांत प्रभाकर ने व्यक्त किए विचार आदित्य विजन के निदेशक %श्री निशांत प्रभाकर ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कहा हम लखनऊ के ग्राहकों के समर्थन से एक साथ छह स्टोर खोलने के लक्ष्य को पूरा कर पाए हैं। यह सफलता हमारे ग्राहको कर्मचारियों और सहयोगियों की निरंतर मेहनत और भरोसे का परिणाम है। आदित्य विजन नेशनल स्टॉक एक्सचेज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने वाला बिहार का पहला इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन है।

ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर्स और सुविधाए: आदित्य विजन अपने ग्राहकों को विशेष ऑफर्स और आकर्षक वित्तीय योजनाएँ प्रदान करता है-



व्याज मुक्त फाइनेंस रु 36 आसान मासिक किश्तों में केवल मूल राशि का भुगतान डेबिट कार्ड द्वारा पेपरलेस फाइनेंस सुविधा ज़ जीरो डाउन पेमेंट पर मनचाहे उत्पाद की खरीदारी और त्वरित डिलीवरी, पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बदले सुपर एक्सचेज

ऑफर हाथों-हाथ आसान लोन सुविधा, जिसमें प्रमुख वित्तीय संस्थान जैसे एचडीएफसी, आईडीएफसी फर्सट आईसीआईसीआई और बजाज फाइनेंस भागीदार है। बजाज फाइनेंस के ग्राहकों के लिए एक ईएमआई आदित्य विजन द्वारा वहन की जाएगी।

# निर्माणाधीन कृषि विवि एवं जिला कारागार का डीएम ने की समीक्षा

## बरसात से पहले स्ट्रक्चर के कार्यों को पूर्ण करने का डीएम ने दिया निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में ई.पी.सी. मोड पर कराए जाने वाले भवन कार्यों से संबंधित तकनीकी प्रकोष्ठ समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई।

समीक्षा बैठक दौरान महात्मा बुद्ध कृषि विश्व विद्यालय के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेने उपरांत संबंधित द्वारा कार्यों का प्रोग्रेस मात्र 3 प्रतिशत बताया गया, तथा अभी तक पायलिंग का कार्य हो जाना चाहिए था परंतु अभी हुआ नहीं, इसके अतिरिक्त एकेडमिक ब्लॉक, बाउंड्री वाल का पायलिंग कार्य, सहित सभी कार्यों का टीपीटी के माध्यम से अवलोकन करते हुए टीपीटी में पुराने/नए कार्यों का फोटोग्राफ्स, सहित समस्त विवरण का उल्लेख किए जाने का निर्देश दिए गए। जिला जेल निर्माण कार्यों की समीक्षा दौरान संबंधित द्वारा बताया गया कि अब तक 31 प्रतिशत कार्य हो जाना चाहिए था परंतु 20 प्रतिशत ही कार्य हो पाए हैं। समीक्षा दौरान जिलाधिकारी द्वारा मेल बैरक कैपेसिटी ब्लॉक, मल्टी परपज हाल, कम्युनिटी सेंटर, बाउंड्रीवाल आदि की जानकारी ली गई एवं कार्यों में गति लाने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। डीएम द्वारा मैटेरियल की जांच कब कैसे और कहां से कराई जा रही है आदि की जानकारी लेने पर संबंधित द्वारा अभी तक कोई सैंपल फेल न होने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्ट्रक्चर का कार्य माह जून से पूर्व ही पूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा बरसात के चलते कार्यों में विलंब होने की संभावना रहेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने बजट की उपलब्धता के सापेक्ष व्यय का भी आकलन किया तथा मैनपावर बढ़ाए जाने का निर्देश संबंधित को दिए। इस अवसर पर कार्यदाई संस्था के सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक घायल

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज कुशीनगर।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पर लाया गया। जहां चिकिसक ने प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिए। सोमवार को कप्तानगंज पडरौना जाने वाली मार्ग पर साहबगंज पुल के समीप प्रवेश यादव पुत्र सदन यादव उम्र लगभग 27 बर्ष निवासी बसहिया उर्फ कप्तानगंज कारी टोला थाना कप्तानगंज कुशीनगर बाइक से जाते समय किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे अचेता अवस्था में एम्बुलेंस द्वारा कप्तानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल पडरौना के लिए रेफर कर दिया गया।

# बड़ों के साथ बच्चों ने भी उत्साह से रखा रमजान का पहला रोजा

अवधनामा ब्यूरो



माहिरा फातिमा



मेहताब आलम

**कुशीनगर।** रमजान के मुकद्दस महीने की शुरूआत रविवार से हो गई है। भोर में जगकर रोजेदारों ने शहरी की उसके बाद पूरे दिन इबादत का दौर चलता रहा। शाम को इफ्तारी करने के बाद नमाज अदा की गई। रमजान का पहला रोजा रखने का बच्चों में उत्साह देखा गया। सभी ने अल्लाह से देश व दुनिया में अमन की दुआ मांगी।

विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर निवासी फखरे आलम की बेटी माहिरा फातिमा 6 वर्ष की उम्र में पहला रोजा रखा। यहीं की सना व शमा उम्र 8 वर्ष व मेहताब आलम 10 वर्ष ने पहला रोजा रखा। शाम को इफ्तार के समय इन इन बच्चों द्वारा इफ्तार की गई एवं देश व दुनिया में अमन के लिए अल्लाह पाक से दुआ मांगी गई। इसी प्रकार घर के बड़े व बुजुर्ग रोजेदारों ने भी भोर में शहरी की उसके बाद पूरे दिन इबादत का दौर चलता रहा। घरों में जहां कुरान की तिलावत होती रही वहीं मस्जिदों में तराबीह के लिए नमाजियों की भारी संख्या पहुंच रही।

### माह-ए-रमजान में बढ़ी मस्जिदों में रौनक

पवित्र रमजान माह की शुरुआत के साथ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में इबादत के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है। मस्जिदों में न केवल रोजेदारों की तादाद बढ़ रही है, बल्कि तरावीह की नमाज में भी बड़ी संख्या में लोग शिरकत कर रहे हैं। मस्जिदों में इस बार विशेष तैयारियां की गई हैं। साफ-सफाई के साथ ही नमाजियों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है। बिजली की समस्या वाले इलाकों में जनरेटर की व्यवस्था की गई है, ताकि नमाज में कोई दिक्कत न हो। कई जगहों पर बाहर से हाफिजे कुरआन को तरावीह की नमाज पढ़ाने के लिए बुलाया गया है। तरावीह के दौरान कुरान की तिलावत की जाती है, जिससे रमजान की रूहानियत और बढ़ जाती है।

# पंचायत सहायक के रिक्त पदों पर जल्द होगी ऑपरेटरों की भर्ती

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि ग्राम पंचायतों में रिक्त चल रहे पंचायत सहायक/अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री के सभी पदों को जल्द भरने की प्रकिया शुरू हो कर दी जाएगी। इसके लिए खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी से सूचना मांगी गई थे।

सूचना मिलने के बाद डीएम से अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा दिनांक 01 मार्च 2025 से पंचायत सहायकों के चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु समस्त चयन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु अनुमोदन दिया गया है। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी/समस्त सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया है कि रिक्त पदों पर तैनाती किए जाने हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें तथा पंचायत सहायक/एकाउण्टेन्ट कम-डाटा इंट्री आपरेटर के चयन की समय सारिणी अनुसार सभी कार्य समय से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक/एकाउण्टेंट कम डाटा एंट्री आपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराना तथा ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराए जाने की अवधि 05 मार्च से 07 मार्च 2025 जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि 08 मार्च से 23 मार्च 2025 तक है। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराने की अवधि 24 मार्च से 29 मार्च 2025 तक है। ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराए जाने की अवधि 01 अप्रैल 2025 से 08 अप्रैल 2025 तक। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति 09 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक तथा ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत कराए जाने की अवधि 16 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है।

> **डीएम ने विज्ञापन प्रकाशन करने की समस्त चयन प्रक्रिया को दी अनुमति**

# कुशीनगर में चाचा ने मासूम भतीजी के साथ की हैवानियत

## मां गई थी बाजार, बच्ची को अकेले देख चाचा ने सारी हदे की पार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** खड्डा थाना क्षेत्र में एक शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। 23 वर्षीय दरिंदे चाचा ने अपनी 5 साल की मासूम भतीजी के साथ बलात्कार करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता के अनुसार वह बाजार गई थी। घर में अकेली बच्ची को देखकर आरोपी चाचा ने अपनी भतीजी के साथ हैवानियत की हदें पार कर दी और उसका रेप कर दिया। मां जब वापस लौटी तो घर का भयावह दृश्य देखकर दंग रह गई। मासूम के रोने और घर के हालात देखकर मां को कुछ अनहोनी का अहसास हुआ। जब उसने स्थिति को समझने की कोशिश की, तो बच्ची की हालत देखकर उसकी चीखें निकल गई। बच्ची रोते हुए अपने पर बीती हुई बात बताई जो सुन कर मां के पैरों के नीच जमीन खिसक गई। मां ने तुरंत घटना की सूचना स्थानीय थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू की और तुरंत आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया। आज आरोपी को जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में गुस्से और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। पीड़ित परिवार सदमे में है। बच्ची के मां की तहरीर पर पुलिस आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना समाज के लिए एक चेतावनी है कि किस तरह अपराधी मानसिकता के लोग मासूम बच्चों को भी निशाना बनाने से नहीं हिचकिचाते।

# रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले को पचाने का खेल शुरु

## अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने का मामला

अवधनामा ब्यूरो



अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज

**कुशीनगर।** फाजिलनगर विकास खण्ड के नकटहा स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने का मामला जहा तूल पकड़ते जा रहा है वही यहां के शिक्षा विभाग के जिम्मेदार और विद्यालय प्रशासन के लोग मामले को पचाने के लिए इस जघन्य प्रकरण को अफवाह बताकर नया खेल शुरु कर दिया गया है। इस खेल को अमलीजामा पहनाने के लिए मीडिया मैनेज का चल रहा है खेला। बता दें कि फाजिलनगर ब्लाक क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा में रिजर्व में रखे गए अतिरिक्त प्रश्नपत्रों से परीक्षा कराए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश मे आया इसको लेकर जिले से लगायत प्रदेश के शिक्षा विभाग के गलियारों में हड़कंप मचा हुआ है। इसके बाद जिले के शिक्षा विभाग के हुक्मरान अपने विभागीय करिंदें के साथ विद्यालय प्रशासन से मिलकर मामले को अफवाह का रुप देने के लिए नया खेल शुरु कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि जब अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में रिजर्व (अतिरिक्त) प्रश्नपत्रों से कराए गए परीक्षा अफवाह है तो जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर रविवार को अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज नकटहा मिश्र के केन्द्र व्यवस्थापक को हटाया क्यो गया? अगर यह अफवाह है तो फिर शनिवार की रात जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता केन्द्र पर पहुंच कर स्ट्रांग रुम खुलवाकर क्या कर रहे थे ? क्या जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता शनिवार की रात उड़ रहे अफवाह से जिलाधिकारी को अवगत कराए थे? क्या डीआईओएस ने रात मे स्ट्रांग रूम खुलवाने के लिए जिलाधिकारी से अनुमति लिए थे? जबकि जिलाधिकारी परीक्षा संचालन के अध्यक्ष होते है। **प्रबंधक के भाई को केन्द्र व्यवस्थापक बनाने की चर्चा** - सूत्र बताते है कि अफवाह का दावा करने वाले जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज के केन्द्र व्यवस्थापक कश्यप कुमार को हटाकर उसी विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता गिरजेश कुमार त्रिपाठी को केन्द्र व्यवस्थापक बनाया गया है जो उस विद्यालय के प्रबंधक के भाई है। इस बात में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

### सच्चाई की पोल खोलेगी तीसरी आंख

विश्वस्त सूत्रों की माने तो शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक जिलाधिकारी से अनुमति लेकर प्रयागराज जा रहे थे। रास्ते में थे तभी उन्हें अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज के कारगुजारियों की जानकारी हुई तो वह बीच राते से वापस कुशीनगर लौट आए और रात मे ही विभागीय कर्मचारी के साथ विद्यालय पर पहुंचकर स्ट्रांग रुम का जांच पड़ताल किया। जबकि रात में जिलाधिकारी व परीक्षा सचिव के निर्देश के बिना स्ट्रांग रुम खुलवाने का अधिकार डीआईओएस को नही है। इस गंभीर प्रकरण को अफवाह का रुप देने वाले डीआईओएस स्ट्रांग रुम खुलवाने से पहले क्या अफवाह से जिलाधिकारी को अवगत कराना व स्ट्रांग रुम खुलवाने के लिए अनुमति लेना मुनासिब नही समझे? सूत्रों के दावे को संवाददाता द्वारा प्रमाणित नही किया जा रहा है लेकिन सूत्रो के दावे की सत्यता जानने के लिए यह जरुरी है कि केन्द्र के स्ट्रांग रुम मे लगे तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जाए और शनिवार की रात्रि दस बजे से तीन बजे तक का डीआईओएस के मोबाइल का लोकेशन की जांच कराई जाए तो सच्चाई परत-दर-परत खुलकर सामने आ जायेगी।

# विज्ञान प्रदर्शनी में शानदार प्रोजेक्ट्स बनाकर बच्चों ने मोहा मन



अवधनामा संवाददाता

**भाटपार रानी, देवरिया।** सोमवार को भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के भिंगारी बाजार स्थित डीपीएस इंटरनेशनल एकेडमी के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के शानदार स्वनिर्मित प्रोजेक्ट्स व मॉडल्स प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

इस दौरान कक्षा 9 के अदिति, अंकित, आयुष,अमित, बिट्टू,अब्दुल, प्रिंस ने मानव हृदय,तेजस्वी ने विंड मिल, कक्षा 8 के साक्षी, दिव्या, दिशा, विपुल, सुमित ने गृह निर्माण, कक्षा 7 के मारिया, नैना, आकांक्षी,ब्यूटी,लक्ष्मी ने होम सेक्युरिटी सिस्टम, प्रिंस, अंजलि, अनुज,कासिफ, देवदत्त, अमीन ने चन्द्रयान-3 आयुष ने न्यूटन डिस्क, कक्षा 6 के सलोनी, सोनाक्षी, दिव्या,अनन्या, कृति, महेश, पल्लवी ने वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट का शानदार प्रोजेक्ट पेश किया। इसके अलावा कक्षा 5 के अनन्या, प्रिया, बिट्टू,दीक्षा ने सोलर प्लांट, आलिया,पलक,संजना, अनुष्का ने रेन वाटर हार्वेस्टर, कक्षा 4 के आदित्य, किशन,विरांश, केशव ने रोबोट,अदिति ने इलेक्ट्रिक फैन,कक्षा 3 के आदर्श ने सोलर लाइट, अंश ने श्वसन तंत्र, कक्षा 2 के आराध्या, मंशा ने वर्षा जल संचय का शानदार प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता व समाजसेवी अश्वनी कुमार सिंह ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि यह विज्ञान प्रदर्शनी इस ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा।उन्होंने कहा कि हमारे वैज्ञानिक रात-दिन देश के कल्याण के लिए चिंतित रहते हुए नए-नए अविष्कार में लगे रहते हैं। वैज्ञानिकों के कारण ही आज भारत विज्ञान व टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।कवि व शायर मक़सूद अहमद भोपतपुरी ने अपनी रचना-हमें न हिन्दू चाहिए न मुसलमान चाहिए, हर इंसान का विकास व विज्ञान चाहिए प्रस्तुत कर विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला।विद्यालय के संस्थापक राजीव शाही व प्रबन्धक श्रीमती प्रेमलता शाही ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत बनाकर उन्हें देश का एक आदर्श नागरिक बनाना हमारी संस्था का उद्देश्य है।यहां मुख्य रूप से प्रधानाचार्य जयदेव चटर्जी, कोऑर्डिनेटर आदित्य प्रभाकर, अरविंद सिंह, दिवाकर सिंह, सौरभ शर्मा, संकल्प मईठी, बैरिस्टर बैठा,हिमांशु सिंह, विवेक सिंह,प्रमोद कुशवाहा, राजेश तिवारी,आंचल शर्मा, अफसाना, इशरत जहां, हाजरा, अमीरा, निराली, ट्विंकल आदि मौजूद रहे।

# जागरूकता से ही होगा फाइलेरिया का उन्मूलन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** आयुष्मान आरोग्य मदिर बंजरिया में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सीएचओ के नेतृत्व में सोमवार को पेशेंट स्टेक होल्डर (पीएसपी)के सदस्यों आशा, आंगनबाड़ी, फाइलेरिया मरीजों के सहयोग से अन्य लाभार्थियों को फाइलेरिया मरीजों की पहचान और फाइलेरिया बीमारी, उससे बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

> **पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य बंजरिया से सम्बंधित में पीएसपी के सहयोग से फाइलेरिया जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन**

बताया गया कि जागरूकता से ही फाइलेरिया बीमारी का उन्मूलन किया जा सकता है। फाइलेरिया मरीजों को व्यायाम के माध्यम से हाथीपांव की सूजन को कम करने और फाइलेरिया रोग प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सीएचओ अजय शर्मा ने हाथीपांव के मरीजों के फाइलेरिया स्टेज की जांच किया। फ्लिप बुक के माध्यम से फाइलेरिया रोग प्रबंधन के लिए फाइलेरिया के कारण शरीर में सूजन और अंगों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया। सीएचओ ने छह तरीके के व्यायाम का डेमो देकर फाइलेरिया प्रभावित अंग की सूजन को कम करने की जानकारी दिया। पीएसपी सदस्य बिंदू देवी ने फ्लिप बुक के माध्यम से बताया कि नियमित व्यायाम और प्रभावित अंगों की उचित साफ-सफाई से इस बीमारी के संक्रमण को नियंत्रित किया जा सकता है। मौजूद लोगों को बताया कि यह मच्छरों के काटने से होने वाला एक लाइलाज रोग है, जो समय पर सावधानी नहीं बरतने पर व्यक्ति को दिव्यांग बना सकता है। इससे बचने का एकमात्र उपाय मच्छरों से बचाव और नियमित रूप से फाइलेरिया विरोधी दवा का सेवन करना है। उन्होंने बताया कि एमडीए अभियान के तहत पांच साल तक लगातार साल में एक बार दवा का सेवन करने से इस बीमारी का जोखिम कम किया जा सकता है। मच्छरों से बचाव के लिए अपने आस-पास सफाई जरूर रखें और मच्छरदानी का प्रयोग करें। कार्यक्रम में एएनएम सत्या देवी, आशा अमीना खातून, सितारा खातून, पूनम देवी, श्रावंती देवी, सुमन उमरावती देवी, रानी खातून, आंगनबाडी अनीता, संध्या सुशीला , सहायिका विद्यावती, कोटेदार किशोर यादव सहित फाइलेरिया मरीज व लाभार्थी मौजूद रहे।

# नहीं पूरी हुई पुलिस और सीएमओ की जांच, हड़ताल से वापस लौटे चिकित्सक

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज में पिछले सप्ताह इलाज के दौरान एक मरीज की मौत के मामले में दर्ज की गई एफ आई आर के अनुसार पुलिस की जांच अभी पूरी नहीं हुई है। सी एम ओ की ओर से गठित जांच समिति अभी तक दोनों पक्षों के बयान नहीं ले पाई है।सी एम ओ की जांच समिति और पुलिस की जांच अभी जारी है। आरोपी एक चिकित्सक से मरीज के तीमारदारों द्वारा मारपीट किए जाने के विरोध में डाक्टरों की हड़ताल सोमवार को समाप्त हो गई है। हड़ताल के कारण सोमवार को तीन दिन बाद ओ पी डी सेवाएं बहाल हुई हैं।

पिछले सप्ताह सीने में दर्द के बाद अस्पताल में इलाज करा रहे मऊ के एक वृद्ध की आपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। मौत के बाद परिजनों और तीमारदारों की ओर से हंगामा किया गया था, विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने चार आरोपी चिकित्सकों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।सी एम ओ ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रसाद के नेतृत्व में तीन डाक्टरों की एक टीम गठित करके जांच सौंपी है। डाक्टरों की टीम अभी जांच पूरी नहीं कर पाई है। मृतक मरीज के परिजनों की ओर से डाक्टरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद नाराज चिकित्सक हड़ताल पर चले गए थे।

**संजय गांधी अस्पताल में ओपीडी सेवाएं संचालित होने से मरीजों को मिली राहत –**

**मुंशीगंज।** संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सक सुरक्षा और एक चिकित्सक के साथ अभद्रता व मारपीट के मामले में न्याय की मांग को लेकर शनिवार से हड़ताल पर चल रहे थे। चिकित्सकों की हड़ताल के कारण संजय गांधी अस्पताल की ओपीडी सेवाएं बंद थी। लेकिन इमरजेंसी सेवाएं चल रही थी। शनिवार रविवार और सोमवार दोपहर 1 बजे तक ओपीडी सेवाएं बंद होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अस्पताल आए तमाम मरीज ओपीडी सेवा संचालित नहीं होने से वह वापस लौट गए वहीं 1 बजे के बाद जब ओपीडी सेवा संचालित हुई तो इंतजार कर रहे मरीज ओपीडी की कतार में लग गए। मरीज ने चिकित्सकों को दिखाकर दवा ली। वहीं अस्पताल के प्रशासन ने चिकित्सकों से वार्ता कर हड़ताल खत्म करने का अनुरोध करते हुए उन्हें आश्वासन भी दिया।

## पुस्तकालय आंदोलन को नई ताकत, अब हर ग्राम पंचायत में डिजिटल लाइब्रेरी खोलेगी सरकार

**अमेठी/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ताजा निर्णय के बाद जिले में डी एम की ओर से पिछले वर्ष शुरू किए गए पुस्तकालय आंदोलन को नई ताकत मिली है। पुस्तकों से दूर और मोबाइल से नजदीक हुई युवा पीढ़ी को अच्छे साहित्य से जोड़ने के लिए सरकार की ओर से हर ग्राम पंचायत में लगभग चार लाख रुपए की लागत से डिजिटल लाइब्रेरी संचालित करने का निर्णय लिया गया है। डी एम निशा अनंत ने जिले में पुरानी पुस्तकें एकत्रित कराकर पंचायत भवनों में पुस्तकालयों की शुरुआत अगस्त में कराई थी। अधिकांश पुस्तकालय ठीक से संचालित नहीं हो पाए। रविवार को शासन की ओर से पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी खोलने और इसके लिए चार लाख रुपए का बजट जारी करने की खबर मिलने के बाद ग्राम प्रधान पुस्तकालयों को क्रियाशील करने के मामले में गंभीर हो गये है। उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए योगी सरकार ने निर्देश दिया है।पहले चरण में यूपी की 22,700 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित होगी।इसके बाद यूपी की हर ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को योजना लागू करने के आदेश दिए हैं। सीएम योगी ने बैठक में कहा कि ग्रामीण छात्रों तक ई-बुक्स, डिजिटल कंटेंट और अन्य शैक्षिक संसाधनों की पहुंच आसान बनानी होगी।

# विद्युत विभाग ने बकाया बिल वसूली के लिए चलाया अभियान

## 64 बड़े विद्युत बकायेदारों का काटा गया बिजली

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद में विद्युत विभाग ने बड़े विद्युत बकायेदारों से बिजली बिल वसूली के लिए अभियान चलाया है। जिसके क्रम में विभाग ने बकायदे विद्युत विच्छेद करने के टीम का गठन किया है। बिजली विभाग की इस कार्रवाई से बकायेदारों में हड़कंप मच गया है।

अधिशासी अभियंता कुशीनगर संजय सागर ने बताया कि जनपद में विद्युत विभाग की टीम द्वारा पडरौना डिविजन के अन्तर्गत रविन्द्रनगर, कुबेरस्थान व पडरौना उपकेन्द्र के क्षेत्र में बड़े विद्युत बकायेदारों के संयोजन विच्छेदन का अभियान चलाया गया है। जिसमे 64 बड़े विद्युत बकायेदारों का संयोजन विच्छेदन किया गया। इसके विच्छेदित संयोजन की धनराशि 72.50 लाख जो ऐसे उपभोक्ता पूर्व से बकाया बिल नहीं जमा किए है। कटे कनेक्शन की जांच के लिए भी जेई स्तर की टीम बनाई गई है। टीम के सदस्य रात्रि में कटे कनेक्शन की जांच करेंगे। जांच के दौरान कटे कनेक्शन अगर जोड़े पाए जाते है तो उनके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 138 ब के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि उक्त टीम में अवर अभियंता शुभम गौंड, अवर अभियंता दिलीप कुमार मौर्य, उपखंड अधिकारी शशिकांत गुप्त, अवर अभियंता पिन्टू बिंद के साथ टीम लाइन स्टाफ में धनंजय मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, विजय दीक्षित, संजय दुबे, त्रिपुरेश्वर दीक्षित, दीपक आदि को शामिल किया गया है।

## डीएम-एसपी ने जिला अस्पताल पहुंचकर सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों का जाना हाल

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने थाना लालगंज अन्तर्गत ग्राम बरस में ऑटो व डम्फर में टक्कर की दुखद सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की तथा घायल मरीजों का हाल जानने के लिए जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। दुर्घटना में घायल लोगों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। निरीक्षण के दौरान घायलों के स्थिति की जानकारी ली गई तथा उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए इलाज करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ0 प्रदीप अग्रवाल सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## ऑटो व डंपर की जोरदार टक्कर में पांच की मौत

**लालगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** बरस बाजार में ऑटो व ट्रक डपंर की जोरदार टक्कर से पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। गंभीर रूप से दो घायलों को इलाज के लिए एम्स में भर्ती दो में से एक की मौत हो गयी है। मृतकों में अभी दो की ही शिनाख्त हो सकी है, जबकि तीन की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। तीन लोगों का इलाज अभी जिलाचिकित्सालय में चल रहा है। पांच मृतकों में से लालगंज नगर के महेशखेड़ा निवासी ऑटो चालक रजनीश शर्मा और एकौनी निवासी निगम बेड़िया की पहचान समाचार भेजे जाने तक हो सकी है। घ् लालगंज नगर के महेशखेड़ा निवासी ऑटो चालक रजनीश उर्फ मोनू शर्मा ( 28) पुत्र उमाशंकर अपने ऑटो में 10 सवारियां लेकर लालगंज से रायबरेली जा रहा था। अधिकांश सवारियां कचहरी मुकदमें की तारीख पर जा रही थी। तभी बरस बाजार के सामने रायबरेली की तरफ से आ रहे डंपर ट्रक ने ऑटो में सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके कारण ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठी सवारियां भी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर बिखर गई।

# हनुमान चालीसा और मसाने की होली से होगा बहराइच महोत्सव का शुभारम्भः मोनिका

## आतिशबाज़ी से होगा समापन, लकी ड्रा के माध्यम से दर्शकों को मिलेंगे आकर्षक उपहार

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद के गेंद घर मैदान में 08 से 10 मार्च तक आयोजित होने वाले 03 दिवसीय बहराइच महोत्सव का 08 मार्च 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे रंगारंग शुभारम्भ होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपरान्ह 04:00 बजे से 05:00 बजे के बीच मुख्य अतिथि व अन्य अतिथिगण द्वारा शासकीय विभागों की प्रर्दशनी का दृश्यावलोकन एवं मेले का भ्रमण, दीप प्रज्ज्वलन तथा गोल्डन गर्ल्स द्वारा गणेश वन्दना तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी का उदबोधन होगा। इसके पश्चात अपरान्ह 05:00 बजे से 06:00 बजे तक शिव तांडव तत्पश्चात 02 जनप्रतिनिधियों का .02-02 मिनट का सम्बोधन, गोल्डन गर्ल्स द्वारा हनुमान चालीसा तत्पश्चात 02 जनप्रतिनिधियों का .02-02 मिनट का सम्बोधन होगा। इसी प्रकार सांय 06:00 बजे से 06:30 बजे तक गोल्डन गर्ल्स द्वारा शक्ति डांस व 02 जनप्रतिनिधियों का .02-02 मिनट का सम्बोधन, सांय 06:30 बजे से 07:30 बजे तक मसाने की होली तथा सांय 07:30 बजे से तृप्ति शाक्या द्वारा भजन की प्रस्तुति की जायेगी। इसी प्रकार बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन 09 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से मध्यान्ह 12.00 बजे तक स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से सम्बन्धित नाट्य प्रस्तुति, मध्यान्ह 12.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक विभिन्न विभागों के माध्यम से चयनित जिले के प्रतिभाशाली व्यक्तियों द्वारा कला का प्रदर्शन किया जायेगा। इसी प्रकार अपरान्ह 03.00 बजे से अपरान्ह 04.00 बजे तक सांस्कृतिक परिधान



शो, अपरान्ह 04:00 बजे से अपरान्ह 05:00 बजे तक पं. प्रेम प्रकाश दुबे द्वारा सांस्कृतिक संध्या, अपरान्ह 05:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक गीतांजलि शर्मा एवं पार्टी द्वारा बृज की होली, सांय 06:00 बजे से सांय 07:00 बजे तक निज़ामी ब्रदर्स द्वारा कव्वाली, सांय 07:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक कुलदीप चौहान च अभिषेक राजपूत के नेतृत्व में इंडियन आइडल बैण्ड की प्रस्तुति तथा रात्रि 08:00 बजे आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवियों हरि ओम पवार, नीलोत्पल मृणाल, शरीफ भारती, कुशल कौशलेन्द्र, मनजीत सिंह, मुमताज नसीम व पद्मिनी शर्मा इत्यादि द्वारा काव्य रचनाओं का पाठ किया जायेगा।

बहराइच महोत्सव के अन्तिम दिन 10 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से मध्यान्ह 12.00 बजे तक विहान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा योगा नृत्य शैली/सांस्कृतिक कार्यक्रम, मध्यान्ह 12:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक बेसिक शिक्षा एवं प्रोबेशन विभाग के तत्वावधान में नाट्य प्रस्तुति होगी तत्पश्चात अपरान्ह 02:00 बजे से 02:30 बजे तक जनपद के मा. प्रभारी मंत्री द्वारा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। अपरान्ह 02:30 बजे से 02:45 बजे तक दिव्यांगजनों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी तत्पश्चात अपरान्ह 02:45 बजे से 03:00 बजे से तक मा. प्रभारी मंत्री का उद्बोधन होगा। अपरान्ह 03:00 बजे 04:00 बजे तक शिवम के नेतृत्व में सूफी बैण्ड की प्रस्तुति, अपरान्ह 04:00 बजे से 05:00 बजे तक अलंकार म्यूजिकल ग्रुप, जयपुर द्वारा राजस्थानी कालबेलिया डांस प्रस्तुत किया जायेगा। अपरान्ह 05:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक रेणुका पवार द्वारा हरियाणवी गायन, सांय 07:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक ममता शर्मा द्वारा बॉलीवुड नाईट की प्रस्तुति के पश्चात रंगारंग आतिशबाज़ी के बीच बहराइच महोत्सव का रंगारंग समापन होगा।

बहराइच महोत्सव को अधिक आकर्षक व रूचिकर बनाने तथा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दर्शकों के लिए 02 श्रेणी में कूपन की व्यवस्था भी की जा रही है। प्रथम श्रेणी के कूपन का मूल्य रू. 500=00 तथा द्वितीय श्रेणी के कूपन का मूल्य रू. 200=00 निर्धारित किया गया है। प्रथम श्रेणी के कूपन विजेताओं को लकी ड्रा में जहां स्कूटी व टैबलेट आदि वस्तुएं उपहार में मिलेंगी वहीं द्वितीय श्रेणी कूपन विजेताओं को इलेक्ट्रानिक प्रेस, मोबाइल फोन व मिक्सीजूसर आदि वस्तुएं प्रदान की जायेंगी। बहराइच महोत्सव के अन्तिम दिन 10 मार्च 2025 को गेंद घर मैदान में दर्शकों की मौजूदगी में लकी ड्रा निकाला जायेगा। समस्त खण्ड विकास अधिकारी व नगर निकायों, जिला स्तरीय कार्यालयों एवं जिला पर्यटन सूचना अधिकारी के कार्यालय से इच्छुक व्यक्ति निर्धारित मूल्य पर कूपन प्राप्त कर सकेंगे।

# एआईफुक्टो की अकैडमिक कॉन्फ्रेंस में एनईपी जैसे मुद्दों पर मंथन

**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** पंजाब के लुधियाना में ''एक्सेस टू क्वालिटी एजुकेशन इन इंडिया रू ऑपच्युरुनिटीज एंड चौलेंजिस इन रेफ्रेंस टू एनईपी-2020'' नामक विषय पर पंजाब एंड चंडीगढ़ कॉलेज टीचर्स यूनियन तथा पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी टीचर एसोसिएशन के कोलैबोरेशन में कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों से सम्बध्द महाविद्यालयों के अनेकों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। एनईपी-2020, एमफिल एवं पीएचडी के रिगार्डिंग इंक्रीमेंट्स, खाली पड़े शिक्षकों के हजारों पदों को भरने, यूजीसी रेगुलेशन एक्ट 2025 तथा संगठन की विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु स्थान व समय निर्धारित करने पर वृहद चर्चा हुई। विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों एवं ऑल इंडिया फेडरेशन के अध्यक्ष, महामंत्री, जोनल सेक्रेटरी, उपाध्यक्ष आदि सभी ने एनईपी को रिपील करने की मांग की। औटा सदस्य डॉ एमपी सिंह ने बताया कि संगठन को मजबूत करना, मार्च करना और एकता बनाए रखना ही हमारी जीत होगी। शिक्षा पर जिस तरीके से सरकार ध्यान नहीं दे रही है वहां हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए अच्छा सिद्ध नहीं होगा क्योंकि उच्च शिक्षा के लिए बेसिक शिक्षा का विकास भी जरूरी है। डॉ सिंह ने ''एजुकेशनल इनिक्वालिटी इन कॉन्टेक्स्ट ऑफ एनईपी-2020 रू चैलेंजिस एंड ऑपच्युरुनिटीज'' नामक टाइटल पर अपने विचार रखे। डॉ सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 6 माह के बाद आयोजित होने वाली परीक्षाओं से शिक्षक समय प्रभावित होता है। परीक्षाएं वार्षिक होनी चाहिए। दो दिवसीय कांफ्रेंस को फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर एवं नागार्जुन जनरल सेक्रेटरी प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह वाइस प्रेसिडेंट प्रोफेसर विनय सोफट, डॉ रवी राय, डॉ घासीराम, डॉ जय गांधी, प्रोफेसर राम सिंह, प्रोफेसर विजय कुमार, प्रो बी मोहंती, प्रोफेसर अश्वनी बल्लभ, उत्तर प्रदेश फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान, जोनल सेक्रेटरी प्रोफेसर मौज पाल सिंह तथा अनेक राज्यों के शिक्षक प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। प्रोफेसर प्रदीप कुमार, डॉ अवधेश कुमार, डॉ पुष्पेंद्र सिंह, डॉ भारतेंदु ,गंगेश दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# दुर्घटनाग्रस्त मरीज़ों के गोल्डन ऑवर समय को निगल रही हैं लापरवाहियां

- पहले भुगतान, फ़िर इलाज का खेल आज भी खेल रहे हैं लुटेरे हॉस्पीटल




**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** प्रदेश सरकार से लेकर देश की सरकार तक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बताने अथवा करने के लिए चाहे लाख ढिंढोरा पीट लें लेकिन जमीनी स्तर पर होगा वही जो वातानुकूलित कार्यालयों में बैठे आलसी अधिकारी तथा प्राईवेट हॉस्पीटलों के लालची और निर्दयी संचालक चाहेंगे। सरकारें लाख नियम-कानून बना लें लेकिन इन नियम-कानूनों का पालन कराने वाले सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों तथा नियमों का पालन करने का ड्रामा रचने वाले हॉस्पीटलों के संचालकों की सांठ-गांठ न सिर्फ सरकारी मंशा को धता दिखा रही है। बल्कि दुर्घटना से ग्रसित मरीजों की मौत का एक बड़ा कारण निकलकर आ रहा है। प्रमाण स्पष्ट है कि स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्था एवं सेवार्थ का चोला ओढ़कर आज भी पहले पैसे बाद में इलाज का खेल खेल रहे हैं लुटेरे हॉस्पीटल। एक तरफ प्रशासन यातायात माह व आम दिवसों में अक्सर ढोल-नगाड़ों के साथ आमजन को दुर्घटना से पीड़ित मरीज़ का जल्द से जल्द इलाज हेतु हॉस्पीटल तक पहुंचाने के लिए जागरूक करते नज़र आते हैं। तो वहीं दूसरी तरफप्रायः देखने में आता है कि मरीज़ जिन्दा हालत में हॉस्पीटलों तक तो पहुंच जाते हैं लेकिन वहां आज भी पहले पैसे जमा करों फ़िर इलाज कराओ की गूंज सुनायी देती है। आपको बता दें कि अगर किसी व्यक्ति की दुर्घटना हो जाती है तो दुर्घटना से अगला एक घण्टा पीड़ित मरीज के लिए अहम होता है। इसी बीच अगर मरीज को उचित इलाज मुहैया करा दिया जाए तो मरीज की जान बचायी जा सकती है। इसी एक घण्टे के समय को मरीज़ का गोल्डन ऑवर समय बोला जाता है। लेकिन हॉस्पीटलों की कार्यगुजारी प्रशासन की मंशा को कुचलते हुए पहले इलाज में होने वाले बिल का भुगतान भरवाने के लिए मरीज के तीमारदारों को लताड़ते हुए नज़र आते हैं। आपको बता दें कि बीते सप्ताह एक ऐसा ही मामला देखने को मिला क्लब चौराहे स्थित एक शादी में सम्मिलित होकर लौट रहे करबला निवासी छोटू गुप्ता को एक अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गयी जिसके चलते उक्त व्यक्ति के सिर में गंभीर चोटें आयीं। दुर्घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उक्त घायल व्यक्ति को तुरन्त ही शहर के प्राईवेट ट्रॉमा सेण्टर पहुंचाया जहां मरीज़ के परिजन भी पहुंच गए। लेकिन लचर व्यवस्था पहले भुगतान फ़िर इलाज का खेल खेलती रही। जब तक उक्त मरीज़ के तीमारदारों ने रूपयों की व्यवस्था की तब तक शायद बहुत देर हो चुकी थी। आनन-फानन में उसे आगरा के लिए रैफ़र कर दिया गया लेकिन मरीज़ को समय से इलाज न मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो गयी। इसी प्रकार के अनेकों मामलों में मरीज़ की जान जाने की सम्भावनाओं से मुंह नहीं फेरा जा सकता। जिले के सम्बन्धित अधिकारियों से लेकर स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को हॉस्पीटलों के पहले भुगतान फ़िर इलाज के खेल पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।

## स्वयं सेवक-सेविका ने नारी सशक्तिकरण जागरूकता रैली निकाली

**टूंडला।** राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकंदर टूंडला एटा रोड फिरोजाबाद की ओर से नगला मुरली में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन स्वयं सेवक-सेविका ने नारी सशक्तिकरण आयोजन के तहत ग्राम नगला मुरली स्थित ओपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान स्वयं सेवक-सेविका ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पढ़ी-लिखी बेटी रोशनी घर की, जब-जब खड़ी हुई है नारी हर किसी पर पड़ी है भारी जैसे नारे लगाए। कॉलेज निर्देशिका डॉ. प्रिया चौहान ने स्वयं सेवक-सेविकाओं महिलाओं को बताया समाज का भविष्य महिलाओं पर निर्भर है, मजबूत इच्छा शक्ति व आत्मनिर्भर नारी ही बेहतर समाज का निर्माण कर सकती हैं। कॉलेज प्रबंधक डॉ. डीपी सिंह ने सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे मे बताया। बौद्धिक शास्त्र में समाज शास्त्र की प्रवक्ता प्रो भारती सिंह ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया एवं प्रो. सीपी सिंह ने महिलाओं को साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी छात्र-छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग की प्रवक्ता प्रो अंजली मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डायरेक्टर रवि भारद्वाज, प्रो मंजू सिंह, संदीप ओझा, प्रो पूजा सिंह, नेत्रपाल सिंह आदि मौजूद रही। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुभाष चंद्र ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## रॉयल कृष्णा ग्रुप ने लाडली कन्यादान के तहत सोनी को भेंट की सिलाई मशीन

**शिकोहाबाद।** श्री रॉयल कृष्णा फाउंडेशन ने अपने लाडली कन्यादान अभियान के तहत समाज में जरूरतमंद बच्चियों की मदद के अपने संकल्प को दोहराते हुए सोनी की शादी के अवसर पर उसे सिलाई मशीन उपहार में भेंट की। सोनी पिछले आठ वर्षों से रॉयल कृष्णा की पाठशाला में शिक्षा प्राप्त कर रही थी और अब अपने नए जीवन की शुरुआत कर रही है। फाउंडेशन की संरक्षक डॉ. गीता यादव ने इस अवसर पर कहा, ष्हम महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ महिलाओं और बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। डॉ. रजनी यादव ने बताया कि संगठन से जुड़ी सभी बच्चियों को शादी के उपहार स्वरूप कुछ न कुछ प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में सोनी को उसकी आजीविका के लिए सिलाई मशीन दी गई। डॉ. नंदिनी यादव ने कहा कि रॉयल कृष्णा फाउंडेशन का लाडली कन्यादान अभियान गरीब व जरूरतमंद बच्चियों की शादी में सहायता करने के लिए समर्पित है और यह पहल आगे भी जारी रहेगी। इस मौके पर संस्था सचिव आशीष यादव, नारायण, साक्षी यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## एनएसएस छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली निकाली

**टूंडला।** रामसिहं महाविद्यालय नगला सिकन्दर एटा रोड टूंडला द्वारा नगला मुरली में चल रहे राष्ट्रीय सेवा-योजना शिविर के चतर्ष दिन स्वंय सेवक सेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली निकाली। जिसमे स्वंय सेवक सेविकाओं ने ग्रामीणों को जागरूक किया।इस दौरान कालेज प्राचार्य डा. वीपी सिंह ने जागरूकता रैली को हरी झंझी दिखाकर शुभारंभ किया। कालेज प्रबंधक डीओपी सिंह ने ग्रामवासियों से पर्यावरण को सुराक्षित रखने की अपील की उन्होंने बताया पृथ्वी की सुरक्षित रखने से पृथ्वी सुरक्षित है। पर्यावरण हमारे और पृथ्वी के मूल का आधार है। इसी से हमे भूमि, जल, वायु और पेड़ पौधों को लाभ मिलता है। हमे हर कीमत पर पर्यावरण को संरक्षित रखना है। प्रवक्ता प्रो. अंजली ने कहा कि पर्यावरण में शिसा के महत्व पर प्रकार। डाला। एवं प्रों प्रेमलता शर्मा ने मेरा युवा विकसित भारत पर स्वंयसेवक सेविकाओं को सशक्त भारत- समृद्ध भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जागरु किया।

## विद्यालय अपार आईडी का कार्य शीघ्र पूर्ण करें अन्यथा

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों के प्रबंधकों को यू डाइस पोर्टल पर अपार आई डी का कार्य पूर्ण न होने के संबंध में कारण बताओं नोटिस जारी किया है, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस नोटिस के तहत उनसे यह पूछा है कि विद्यालय प्रबंधन के द्वारा अद्यतन अपार आईडी बनाने का कार्य आपके यहां प्रारंभ क्यों नहीं किया गया है, आप अपने विद्यालयों का समस्त छात्र-छात्राओं का डाटा पोर्टल पर अपार आईडी बनाने का कार्य शीघ्र करें, इस कार्य से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, अगर आपके द्वारा इस कार्य में ढिलाई बरती गई तो आपके विरुद्ध विभागीय नियमों एवं निर्देशों की अवहेलना करने मान्यता पत्र में उल्लेखित शर्तों का उल्लंघन करने शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में शिथिलता बरतने के दृष्टिगत नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई भी संपादित की जा सकती है, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदाई होंगे, इसलिए आप शीघ्र अति शीघ्र ही यू डाइस पोर्टल पर अपार आई डी का कार्य अवश्य कराये।

# दो शराब तस्कारों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही शराब को टूंडला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ सीआईवी, जीआरपी थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो अभियुक्तों दो बैग सहित गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उनकी तलाशी लेने पर दो बैगों में से 21 अंग्रेजी शराब ब्लेन्डर प्राइड की बोतले बरामद की है। जिनकी कीमत लगभग 18270 रूपये बताई गई। पुलिस ने दोनो अभियुक्तों को जेल भेजा है।

रेलवे स्टेशन टूडला पर थाना आरपीएफ सीआईवी, जीआरपी पुलिस ने चेकिंग अभियान चला रही थी। उसी दौरान प्लेटफार्म एक से दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उनकी तलाशी लेने पर अंग्रेजी शराब की 11 बोतल पकड़ी है। जिनकी कीमत 9570 रूपये तथा दूसरे अभियुक्त से 10 बोलत अंग्रेजी शराब जिसकी कीमत 8700 रूपये की बरामद की है। पकड़े गये अभियुक्तो ने अपने नाम राहुल कुमार यादव पुत्र विजय कुमार सिंह निवासी न्यू करमन टोला आरा थाना नवादा जिला भोजपुर बिहार, दीपक कुमार पुत्र रामानुज राय निवासी नाडी थाना सहार जिला भोजपुर बिहार बताया है। जिसे पुलिस ने तस्करी के मामले में दो लोगों को जेल भेजा है। इस सम्बन्ध में थाना सीआईबी एएसआई विनोद गौतम ने बताया कि विहार राज्य में पूर्णत शराब प्रतिबंधित होने के कारण वहां शराब नही मिलती है। इसलिए लालचवश हरियाणा से शराब ले जाकर दो से चार गुना दाम पर बेचते है। बोर्डिंग के लिए यह लोग उस स्टेशन को चुनते है जिस पर लगेज स्कैनर नही होता है। गिरफ्तार करने वाली टीम में आरपीएफ एएसआई मुकेश कुमार उपाध्याय, एसआई किशोर कौशल किशोर मिश्रा, एसआई मनधीर सिंह, नरेन्द्र पाल, गंगाधर सिंह आदि प्रमुख है।

# ई-रिक्षा 7 वाहन किए सीज, वसूला 30 हजार शम्मन शुल्क



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** शासन की मंशा अनुसार अपर पुलिस महानिदेशक /निदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, उ0प्र0 द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ यातायात एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात निरीक्षक मय यातायात पुलिस टीम द्वारा जैनमन्दिर, जाटवपुरी, नगला बरी, आसफाबाद एवं सेट्रल चौराहा पर बिना लाइसेंस/नाबालिग ई-रिक्शा चालकों के विरूद्व एक व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। जिसमें बिना लाइसेंस ई-रिक्शा वाहन एवं नाबालिक ई-रिक्शा वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 07 वाहनों को सीज किया गया, शम्मन शुल्क 30,000 रूपये जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

# विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर सीएमओ सभागार में हुई गोष्ठी

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार, बहराइच में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में ''चेन्जिंग माईन्ड सेट, ईमपॉवर योर सेल्फ टू मेक इअर एण्ड हेयरिंग केयर ए रिएलिटी फॉर ऑल'' की थीम पर आज दिनांक 03-03-2025 को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एम.एम.एम. त्रिपाठी, डी.एच.ई.आई.ओ. बृजेश सिंह, एन.पी.एन.सी.डी. कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा के साथ-साथ ई.एन.टी. सर्जन डॉ. एस.के. वर्मा, डॉ. डी.बी. सिंह, डॉ. पी तिवारी आदि चिकित्साधिकारी एवं एएनएम मौजूद रही। कार्यक्रम के नोडल डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया



कि भारतीय उपमहाद्वीप में लगभग 63 मिलियन लोग गंभीर रूप से सुनने की समस्या से पीड़ित हैं। इस आंकड़े में बचपन के बहरेपन की हिस्सेदारी लगभग 22 मिलियन है। इस समस्या को देखते हुए बहरेपन की रोकथाम, डायग्नोसिस और मैनेजमेंट बेहतर ढंग से करना जरूरी है। ईएनटी सर्जन डॉ. एस.के. वर्मा ने बताया कि हर साल 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को बहरेपन की समस्या के बारे में जागरूक करना और इसके खतरों की जानकारी देना होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, आज के समय में 400 मिलियन लोगों अपनी सुनने की क्षमता खो चुके है। इसका बड़ा कारण यह है कि लोग अपने कान में होने वाली आम समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं।

डॉ. एस.के. वर्मा ने बताया कि लोगों द्वारा समय रहते श्रवण से सम्बन्धित समस्याओं पर ध्यान न देने से बहरेपन हो सकता है। बहरापन समाज को काफी हद तक प्रभावित करता है. बहरापन मिडिल (मध्य) कान या भीतरी कान में हुई किसी परेशानी की वजह से हो सकता है। इसके अलावा कई लोगों में जन्म से और बढ़ती उम्र में बहरेपन का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे बचने के लिए लोग कान में होने वाली छोटी परेशानियों को भी नजरअंदाज न करें। इस मौके पर आर.के.एस.के. कार्यक्रम से राकेश गुप्ता, एनसीडी सेल से विवेक श्रीवास्तव, मो. हारून, फहीम अहमद और एवं एनसीडी क्लीनिक व मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम मौजूद रही।

# एक चुप्पी के कारण बेटियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन विषयक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि पहले से समाज में बहुत परिवर्तन हुआ है अभी और परिवर्तन की गुंजाइश है और इस परिवर्तन के वाहक यही बच्चे बनेंगे, जिन्होंने आज मासिक धर्म पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि एक चुप्पी के कारण बेटियों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, तमाम महिलाएं, बालिकाएं असमय काल का शिकार हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि जब से मानवता की शुरुआत हुई है, तब से कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है, वहां भगवान वास करते हैं, जहां नारी की पूजा नहीं होती, वहां सारे क्रिया-कलाप निष्क्रिय होते हैं, यह सब किताबों, नवरात्रि में कहा गया लेकिन बाकी समय में हमें दोयम दर्जे का व्यवहार मिला और यह कुछ हद तक सच भी है, बहुत से लोगों में इस बात का असंतोष होगा लेकिन नारी की इससे बढ़कर पूजा नहीं हो सकती कि आज विगत 03 घंटे से केवल नारियों के बारे में ही चर्चा हो रही है, कार्यक्रम में श्रोता भी नारी, कार्यक्रम की शुरुआत करने वाली भी नारी और कार्यक्रम का आयोजन कराने वाली भी नारी, तमाम कवियों ने नारी को श्रद्धा का पात्र बताया। उन्होने कहा कि प्रकृति में सृजन की सबसे बड़ी क्षमता नारी में है, यह विश्व का सबसे बड़ा चमत्कार है और सृजन की क्षमता आज के विषय पर आधारित है और हम इस विषय पर ही बात करने में संकोच करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं का आव्हान करते हुए कहा कि आप इस विषय पर खुलकर बात करें, अपने बच्चों, सहेलियों, परिजनों के साथ-साथ घर के पुरुषों से भी बात करें, इस विषय पर तमाम फिल्में भी बनी, फिल्मों पर लोगों ने आपत्ति की लेकिन प्रत्येक बालिका, महिला को इस विषय की भली-भांति जानकारी हो कि यह प्रक्रिया नेचुरल है, मानवता को आगे ले जाने का पुण्य कार्य सिर्फ महिला ही कर सकती है लेकिन आश्चर्य का विषय है की पुरुष प्रधान समाज में आदमी इस विषय पर बात करने से कतराते रहे हैं लेकिन धीरे-धीरे समाज में परिवर्तन हो रहा है। श्री सिंह ने उपस्थित महिलाओं से कहा कि सामाजिक परम्पराओं की बेड़ियां जिनका दवाब आप महसूस करती हैं, उनको निकाल फेंकिए, जब आप एक पुत्री के रूप में होती हैं तो आपकी सोच अलग रहती है, जब आप मां बनने वाली होती हैं, तो सोच बदल जाती है, जब आप सास बनती हैं तब फिर सोच बदल जाती है, यह आपका दोष नहीं, सामाजिक परम्पराओं का दबाव है, जिसको आप महसूस करती हैं और उन्हें तोड़ने का साहस आपके भीतर नहीं होता। उन्होंने कहा कि यह सच्चाई है कि आज भी कोख में बेटियां, जिन्हें मानवता को आगे बढ़ाने का वरदान प्राप्त है, कोख में ही समाप्त करने के प्रयास किए जाते हैं और वह कोख एक नारी की होती है यदि नारी पूरी शक्ति से उठ खड़ी हो तो इस कु:प्रथा को समाप्त किया जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बन्धु ने कहा कि मासिक धर्म के दौरान इंफेक्शन का खतरा काफी बढ़ जाता है, इस दौरान बरती गई असावधानी जानलेवा भी बन सकती है, पढ़ी-लिखी महिलाएं भी संकोच के कारण अपने परिवार वालों को मासिक धर्म के दौरान होने वाले बदलाव के बारे में बताने से संकोच करती हैं, जिस कारण इंफेक्शन बढ़ता जाता है और जब इसकी जानकारी परिजनों को होती है तब तक बहुत देर हो जाती है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, बाराबंकी

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

पत्राकः 600/10ए/ई टेण्डरिंग / 2025 दिनांक 28.02.2025

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0 बाराबंकी द्वारा लोक निर्माण विभाग में ए श्रेणी में रोड साइनेज कार्य हेतु पंजीकृत एवं पात्र अनुमोदित तथा अर्ह ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता द्वारा एक या समस्त कार्यों के लिए निविदा दी जा सकती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि कृपया नोट कर लें कि कान्ट्रैक्ट के एवार्ड हेतु अर्ह के लिये बिडर्स के निर्देश के क्लाज 4 के अनुसार न्यूनतम अर्हता रखता है।

2.

| क्रम सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (लाख रू. में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बाराबंकी | आई.आर.क्यू.पी. योजनान्तर्गत सआदतगंज सैदनपुर मुश्काबाद मार्ग के चैनेज किमी. 0.200 से 17.00 में थर्मोप्लास्टिक से रोड साइनेज एवं रोड मार्किंग का कार्य। | 32.89 | 3.29 | 944.00 | 3 माह | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि., बाराबंकी | अधीक्षण अभियन्ता, अयो.-अम्बे. वृत्त, लो.नि.वि., अयोध्या | मुख्य अभियन्ता अयोध्या क्षेत्र लो.नि.वि., अयोध्या |

3. वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्न लाइन देखे जा सकते है।
4. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 04.03.2025 से 10.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकेंगें। निविदादाताओं द्वारा आनलाइन निविदा की अपलोडिंग / डाउनलोडिंग तथा समस्त प्रपत्रों को शासनादेश सं0 3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 के अनुसार जगा किया जाएगा। आन लाइन प्राप्त समस्त टेक्निकल बिड दिनांक 10.03.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।
5. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

**(दीपक कुमार चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
बाराबंकी

UPID-230517 Dated-03-03-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# नारायन कॉलेज में साइबर सुरक्षा कार्यशाला में बनाये गये डिजिटल वॉरियर

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारायण कालेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स, आलमपुर हौज के टैगोर सभागार में सायबर सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एस.एच.ओ.थाना सिविल लाइन्स यशवन्त सिंह एवं डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, कान्सटेवल बृजेश गोला, कान्सटेवल उपेन्द्र साइबर क्राइम एक्सपर्ट्स, कान्सटेवल योगेश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके बाद सभी अतिथियों का बेज अलंकरण व पुष्प गुच्छ अर्पण करके स्वागत किया गया।

जिसमें एस.एच.ओ.थाना सिविल लाइन्स ने अपने विशेष उद्बोधन में बच्चो से कहा कि आज के इस युग मे सोशल मीडिया पर फेसबुक, व्हाट्सअप, यू ट्यूब व अन्य एप के माध्यम से कई चीजें हमारी भारतीय संस्कृति को बर्बाद करने के लिए रोज ही हम सबके सामने परोसी जा रही है परन्तु हम सभी अपनी भारतीय संस्कृति की वजह से ही अब तक सुरक्षित भी बचे हुए है लेकिन मैं आज इस कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी बच्चों को में यही संदेश देना चाहता हूं कि आप सभी अपनी अपनी मानसिक ऊर्जा का प्रयोग सकारात्मक कार्यो में करना चाहिए। उन्होने छात्र/छात्राओं को डिजिटल वॉरियर बनने की प्रेरणा देते हुये कहा कि डिजिटल वॉरियर हर वह व्यक्ति बन सकता है जो अन्य लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता दें और उन्हें सम्भावित साइबर अपराधों के प्रति सजग बनाये। विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ धर्मेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सजगता और जागरूकता ही अपराधों को समाप्त करने का साधन है। छात्र/छात्राओं को चाहिये कि वह डिजिटल टेक्नोलोजी का उपयोग अपने भविष्य को संवारने तथा माता-पिता के सपनों को साकार करने में करें। उन्होने साइबर सेल के अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुये कहा कि डिजिटल वॉरियर बनाने की योजना निश्चित रूप से समाज में दिन-प्रतिदिन होने वाले साइबर अपराधों को कम करेगी। साथ ही उन्होने ने कहा कि फेस बुक व अन्य सोशल मीडिया पर अपनी कम से कम फ़ोटो ही शेयर करे व शेयर करने के बाद सावधान भी रहे क्यों कि आज का ये युग बेहद ही तकनीकी से भरा हुआ जीवन है जिसमे हम सभी को हमेशा तकनीकी से सावधान व सतर्क रहने की बेहद आवश्यकता है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सायबर क्राइम एक्सपर्ट कॉन्सटेवल बृजेश ने अपने विशेष व्याख्यान में बच्चो को बताया कि सायबर क्राइम एक ऐसा अपराध है जो केवल पढ़ा लिखा व्यक्ति ही कर सकता है जिसमे आजकल के अपराधी क्रेडिट कार्ड राइटर, फेक एटीएम कीपैड का प्रयोग कर रहे है और कई बैंकों व व्यक्तियों के खाते से हेराफेरी करके लाखो का चूना रोज ही लगा रहे है जिससे हमें सावधान रहना होगा। हम सभी को अपने एटीएम कार्ड के सी.वी.वी. नम्बर को याद करके उसे पूरी तरह काला कर देना चाहिए जिससे कि कोई आपका कार्ड खो जाने पर प्रयोग न कर सके उन्होंने बताया कि आपका मोबाइल और एटीएम एक तरह का खुला हुआ बैंक है जो किसी भी सायबर अपराधी के हाथ मे आते ही पूरी तरह से हैक हो सकता है अतःहमे बेहद सावधान रहने की आवश्यकता है। साइबर एक्ससपर्ट द्वारा जानकारी दी गई कि किसी भी प्रकार की साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित समस्या के आने पर अविभावक व बच्चे क्या करे उन्होंने बताया कि आप सभी हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है जिसके बाद विद्यालय के बच्चों ने प्रश्न काल मे गर्डिंग, ऑथेंटिफिकेशन, फिशिंग, साइबर पुलिंग, डिजिटल सर्टिफिकेशन व फायर बॉल्स के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल कोर्डिनेटर उरूसा रिज़वान, टॉनी सायमन व रितु कनौजिया का विशेष सहयोग रहा।

## लोडर की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र गंभीर

**मौदहा हमीरपुर।** सोमवार सुबह की पाली में परीक्षा देने आ रहे छात्र की स्कूटी में लोडर चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो।हालांकि समय रहते इलाज मिलने के कारण छात्र की परीक्षा नहीं छूटी।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इचौली निवासी प्रकाश पुत्र बिंद किशोर का परीक्षा केंद्र कस्बे के गांधी इण्टर कालेज में है जिसके चलते वह सोमवार सुबह परीक्षा देने मौदहा आ रहा था तभी टिकरी के निकट यूपी 91 एटी 0452 नम्बर की लोडर ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे न केवल स्कूटी टूटी बल्कि छात्र भी गंभीर रूप से घायल हो गया।हालांकि राहत की बात यह रही कि राहगीरों ने तत्काल प्रभाव से छात्र को कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां छात्र का इलाज किया गया और इलाज के बाद छात्र को परीक्षा केंद्र पहुंचाया गया।वहीं दूसरी घटना में खन्ना थाना क्षेत्र के सिरसी खुर्द निवासी राजू पुत्र दुर्गा जब शराब के नशे में जा रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसे पुलिस द्वारा गंभीर हालत में इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से उसको गंभीर चोंटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल राजू को गंभीर चोंटे बताई जा रही हैं।

# कब्रिस्तान की जमीन में अवैध निर्माण को लेकर चेयरमैन समेत पांच नामजद

- 250 अज्ञात आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** नगर व क्षेत्र में हो रहे अवैध कब्जे की घटनाओं में बाढ़ सी आ गई है। बीती रात नगर के एक कब्रिस्तान में अवैध रूप से निर्माण कराए जाने की शिकायत पर प्रशासन नें आनन फानन में नगर लेखपाल से उक्त जमीन की जानकारी मांग जानकारी में उक्त निर्माण अवैध पाया गया जिस पर प्रशासन ने अवैध कब्जे को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कराते हुए पांच नामजद सहित 250 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। बताते कि सरकार के निर्देश के अनुसार किसी भी सरकारी जमीन या सार्वजनिक स्थलों पर बिना किसी अनुमति के कोई नई परम्परा या नया निर्माण नही कराया जा सकता इसके बावजूद भी कपसा रोड के पास बने कब्रिस्तान पर निर्माण कराए जाने की सूचना पर प्रसाशन अलर्ट हो गया। अवैध निर्माण की सूचना पर उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने सत्यम अवस्थी क्षेत्रीय लेखपाल मौदहा द्वारा उक्त जमीन की आख्या मांगी गई जिस पर सत्यम अवस्थी लेखपाल ने आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया की मौजा मौदहा स्थित गाटा सं0- 2874 रकवा 2.0960 हे0 जो अभिलेखों में कब्रिस्तान दर्ज है जहाँ पर पिलर कर चेयरमैन रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ पुत्र नूर मोहम्मद, जावेद पहलवान पुत्र बदरूद्दीन,अनीसउद्दीन पुत्र बिज्जन , अब्दुल कादिर पुत्र अज्ञात, लईक अहमद पुत्र बल्लू निवासीगण मोहल्ला हुसैनगंज एवं अन्य 250 अज्ञात साथियों द्वारा बिना किसी सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त किये बिना ही निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेखपाल की आख्या के बाद प्रसाशन सकते में आ गया और किसी बड़ी घटना घटित होने की संभावना के चलते देर रात बुलडोजर की मदद से निर्माणाधीन स्थल को ध्वस्त कर दिया गया।कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया की अवैध रूप से कराए जा रहे निर्माण स्थल पर मानव शवों की अंत्येष्टि की कुछ कब्रे भी हो सकती है, इस प्रकार अवैध निर्माण से मानव शव के अंत्येष्टि संस्कारों का अपमान किया गया है जिससे समाज में आक्रोश एवं शांति भंग की पूर्ण सम्भावना के मद्देनजर आवेदक द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर धारा 301 बी0एन0एस0 व 3(1) सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम,1984 का नामजद उक्त तीन नामजद आरोपियों सहित अज्ञात साथियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपीगण की तलाश विभिन्न माध्यमों से की जा रही है। विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है और विवादित स्थल को पूर्व की भांति कर दिया गया है। इस कार्यवाही के दौरान उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता, तहसीलदार अनुभव चंद्रा, क्षेत्राधिकारी विनीता पहल सहित कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## घर जा रहे युवक को पीटकर किया लहूलुहान

**सुमेरपुर हमीरपुर।** बस स्टाप से घर जा रहे युवक को रास्ते में शराब पी रहे आधा दर्जन युवकों ने जमकर मारपीट करके सिर फोड़ दिया। पीड़ित का आरोप है कि दबंगों ने चौकी में जमकर गाली गलौज की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंगोहटा निवासी शुभम पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह रात 9=30 बजे बस स्टाप से घर जा रहा था रास्ते में गांव निवासी चुनमुन सिंह अपने साथी अनूप सिंह विदोखर व चार अन्य युवकों के साथ शराब पी रहे थे। मेरे रास्ते से गुजरते ही सभी ने रोक लिया और गाली गलौज करते हुए जमकर मारा पीटा जिससे उसका सिर फट गया। पुलिस चौकी में भी उक्त लोगों ने गाली गलौज की थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## अलग अलग मामलों को लेकर छात्रा सहित तीन ने लगाई फांसी

**हमीरपुर।** मौदहा कस्बा सहित क्षेत्र के गांव सायर में अलग-अलग घटनाओं के चलते एक छात्रा व दो अधेड़ों ने फांसी लगाकर जान दे दी है। हलाकि छात्रा के परिजनों ने उसकी आत्महत्या के लिए एक युवक को दोषी करार दिया है। थाना बिवांर के गांव सायर निवासी पुत्तन अनुरागी 40 पुत्र मोतीलाल ने सोमवार की सुबह अपने घर में एक साड़ी से फाँसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली है। बिवांर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं दूसरी घटना में मौदहा कोतवाली के गांव छिरका निवासी हालमुकाम मौदहा कस्बा के मोहल्ला मराठी पुरा निवासी नीतू 17 पुत्री भोला शर्मा ने रविवार की देर शाम घर के अंदर छत पर बने कमरे में फांसी लगा ली है।उसे सीएचसी पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। परिजनों द्वारा बताया गया है कि मृतका नीतू को एक लड़का बराबर मोबाइल फोन से परेशान करता था जिससे तंग होकर उसने आत्महत्या कर ली है। थाना पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही की है। साथ मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त नामजद युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

वहीं कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम छिरका निवासी लल्लू 34 वर्ष पुत्र गोपाली ने रविवार की शाम नेशनल हाईवे के समीप एक बबुल के पेड़ पर अपनी साफी का फंदा बना आत्महत्या कर ली। उसका शव पेड़ पर लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया वहीं इसकी जानकारी होने पर मृतक के परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच दहाड़े मारने लगे। कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था वह अपने पीछे एक पुत्र व्य दो पुत्री समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है।

# सड़क निर्माण की मांग ने पकड़ा जोर, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सरीला हमीरपुर।** राष्ट्रीय हिन्दू महासभा (टी) के कार्यकर्ताओं द्वारा सरीला तहसील मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सरीला को सौंपकर सरीला से जरिया व अन्य मार्गों के आवागमन में हो रही परेशानियों को देखते हुए जर्जर पड़ी सड़कों के निर्माण कराने की मांग रखी गई है सरीला से अधिकांश ग्रामीण व अन्य क्षेत्र को जाने वाली सड़के जर्जर अवस्था में वर्षो से है जिसका खामियाजा यहां की जनता दुर्घटनाओं और आए दिन होने वाली परेशानियों के रूप में जनजीवन को प्रभावित करती है इसी को देखकर राष्ट्रीय हिन्दू महासभा (टी) के जिलाध्यक्ष रामकुमार , उमाशरण दुबे सहित अन्य स्थानीय कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बलराम गुप्ता उपजिलाधिकारी सरीला को देकर सड़कों के निर्माण की मांग की है दिए ज्ञापन में बताया कि बाईपास रोड सही होने के बावजूद विभाग उसके निर्माण को ध्यान दे रही लेकिन सरीला से जरिया , सरीला से छिबौली आदि क्षेत्र की कई खराब सड़कों पर विभाग संज्ञान न लेकर कोई कार्य नहीं करा रहा जिससे सरीला क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना आए दिन करना पड़ता है जनहित को देखते हुए जर्जर हो चुके सड़क मार्ग की शीघ्र निर्माण कराने की मांग ज्ञापन में रखी गई है।

# श्री कृष्ण के माखन चोरी की लीला देख भाव विभोर हुए भक्त

- रासलीला के पांचवें दिन श्री श्याम सगाई व माखन चोरी की लीला का मंचन
- वृन्दावन के कलाकारों ने श्री श्याम सगाई व माखन चोरी की लीला का किया भाव पूर्ण मंचन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** नगर के रामलीला मैदान में चल रहे नौ दिवसीय श्री कृष्ण रासलीला के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण का गोपियों संग रासलीला, श्री श्याम राधा जी की सगाई की रस्म व इसके बाद माखनचोरी का भावपूर्ण मंचन वृन्दावन के कलाकारों द्वारा किया गया।

श्री विशाखा रमन बिहारी रासलीला मंडल के संचालक स्वामी दाऊ दयाल उपाध्याय के निर्देशन में चल रही श्रीकृष्ण रासलीला में रविवार की रात भगवान श्री कृष्ण की बचपन की माखन चोरी की अलग-अलग लीलाओं में श्री कृष्ण कैसे गोपियों के घर जाकर माखन चुराया करते थे, दिखाया गया। इस दौरान कान्हा के माखन चुराने की शिकायत लेकन पहुंची गोपियों का मंचन सबसे आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान एक गोपी कान्हा जी को पकड़कर यशोदा मैया के पास लेकर पहुंचती है, लेकिन भगवान उस गोपी के बेटे का रूप धारण कर लेते हैं। पंडाल में मौजूद दर्शकों ने इस मंचन को देखकर खूब तालियां बजाई। इस दौरान नंद गांव में पहुंची राधा जी की सगाई का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह, पवन जैन, अशोक श्रीवास्तव, रामप्रसाद यादव, राकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, सचिन गुप्ता, धीरज जालान, सत्येंद्र,चंद्रभूषण देव पांडे, डॉक्टर अनिल पाण्डे अजीत जायसवाल, उमेश केशरी, हर्ष केशरी, विजयकांत मिश्र, धर्मेश कुमार, प्रशांत जैन प्रदीप केशरी, अमित केशरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. सुधीर श्रीवास्तव व्यापार मंडल के जिला संरक्षक बने



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में डॉक्टर सुधीर श्रीवास्तव को व्यापार मंडल का जिला संरक्षक चुना। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला महामंत्री रमेश यादव जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कनौजिया सैया विनीत कुमार पांडे बिना चौहान अभिषेक दिक्षित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी समस्याएं



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित /गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की शिकायतों का गुणवक्ता के साथ निस्तारित करना व न्याय दिलाना ही इटावा पुलिस की प्राथमिकता है। विभिन्न थानाक्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदक की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया।


### सेवानिवृत्त अधिकारी को किया सम्मानित

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी कस्बा निवासी राजकुमार त्रिवेदी को सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अजय उर्फ कल्लू यादव द्वारा ब्लॉक के निकट कन्हैया बिल्डिंग मैटेरियल प्रतिष्ठान में सम्मानित किया गया। सपा नेता ने कहा कि त्रिवेदी जी की सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित रमाशंकर यादव, बदलू फौजी, कन्हैया यादव, छोटू सिंह, रवींद्र यादव, रामसिंह नामदेव, संतोष सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने त्रिवेदी जी को अंगवस्त्र भेंटकर, माला पहनाकर मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। सभी लोगों ने उनके प्रशासनिक योगदान की सराहना करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सूना घर पाकर चोरों ने नकदी और जेवरात किए पार

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 2 में बीती रात चोरों ने दिल्ली मजदूरी करने गए मजदूर के घर से नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिये। पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। इमलिया थोक के वार्ड संख्या 2 के निवासी रामहेत अनुरागी ने बताया कि मेरे घर के बगल में मेरा पुत्र महेंद्र का मकान है। महेंद्र 1 मार्च को मजदूरी करने दिल्ली चला गया है। बीतीरात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर 10 हजार नगद सोने चांदी की जेवरात चोरी कर लिए हैं। पीड़ित ने पडोस के युवक पर चोरी का शक जाहिर करके पुलिस को तहरीर सौंपी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**सोनभद्र।** रविवार को नेहरू शताब्दी चिकित्सालय (एनएससी), एनसीएल द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम डीवाटोला, खुटार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. वंदना (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. वंदना (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. नाहिद नसीम (मेडिसिन विशेषज्ञ) एवं अन्य चिकित्सकों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर के दौरान महिला स्वास्थ्य समस्याओं के निदान एवं उपचार, बच्चों की स्वास्थ्य समस्याएँ, सामान्य रोग,आँखों की जाँच एवं दृष्टि सुधार एवं सुनने से जुड़ी समस्याओं की जाँच की गयी। साथ ही कुछ गंभीर बीमारियों वाले मरीजों को चिह्नित कर उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के लिए नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत रेफर किया गया। इस शिविर में 200 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह स्वास्थ्य शिविर सीएमएस, एनसीएल डॉ. विवेक खरे, सीएमएस (इंचार्ज), एनएससी डॉ. पंकज कुमार एवं सीएमएस, एनएससी डॉ. विनोद शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत स्थानीय क्षेत्र के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे अनेक शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। इन स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन से ग्रामीण समुदाय को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त होता है।

# जनसुनवाई पर आए समस्याओं में 25 शिकायतें का हुआ निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 4, नगर पंचायत रेनुकूट में 0, नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 3, समस्त निकायों में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर सदस्यगण मनोज चौबे, अनवर अली,धर्मराज जैन,एवं नगर पालिका जेई मनीष कुमार,अजीत सिंह,सुजीत कुमार,विमलेश ,संत सोनी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज का सोनभद्र में होगा आगमन

- ग्राम्य संस्कृति, समृद्धि एवं जीवनबोध गोष्ठी को करेंगे सम्बोधित
- जिले में जगह जगह महाराज जी का होगा स्वागत



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** धार्मिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक विचारक, व पीठाधीश्वर सिद्ध पीठ श्री हनुमन्निवास अयोध्या धाम के पूज्य संत आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज का आगमन मंगलवार को सोनभद्र में होगा। कार्यक्रम की सूचना देते हुए आलोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि चार मार्च को मिथिलेशनन्दिनीशरण जी महाराज का आगमन रावटसगंज स्थित होटल ज्योति इंटरनेशनल में होगा। इसके पूर्व सुकृत, मधुपुर समेत अन्य जगहों पर भक्तों की ओर से मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज के स्वागत किये जायेंगे। होटल में आयोजित ग्राम्य संस्कृति, समृद्धि एवं जीवन बोध गोष्ठी में शामिल होने के बाद मिथिलेशनन्दिनीशरण जी महाराज विंध्य कन्या पीजी कॉलेज उरमौरा पहुंचेंगे। यहां पर महाराज पत्रकारों से बातचीत करेंगे, तत्पश्चात कॉलेज की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में भाग लेंगे।

इसके बाद सोनभद्र के आध्यात्मिक, धार्मिक, पौराणिक एवं प्राकृतिक धरोहर विजयगढ़ दुर्ग, बाबा मछेंद्रनाथ तपोस्थली व अमिला धाम का भ्रमण कर रात्रि विश्राम हेतु सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहां सोनभद्र के स्थापना दिवस पर सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित कार्यकम में भाग लेंगे। बुधवार की प्रातःपंचमुखी महादेव का दर्शन कर काशी के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सलखन फासिल्स पार्क का किया गया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



- पर्यटन के दृष्टि से पार्क का सौंदरीकरण कर पर्यटको के आकर्षण का केन्द्र बनाये जाने पर दिया गया बल
- सलखन फासिल्स पार्क पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु कार्ययोजना बनाने पर किया गया विचार विमर्श

**सोनभद्र।** आयुक्त विंध्याचल मण्डल मीरजापुर बाल कृष्ण त्रिपाठी द्वारा आज जनपद सोनभद्र के फासिल्स पार्क सलखन का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अमूल्य धरोहर के रूप में फासिल्स पार्क को संरक्षित करने, पर्यटन के दृष्टि से पर्यटको के लिए बेहतर ढंग से विकसित करके पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। फासिल्स पार्क को विकसित करने के लिए बेहतर तरीके से कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह ने बताया की फासिल्स पार्क के सौन्दर्यीकरण हेतु पर्यटन विभाग द्वारा दो करोड़ की धनराशि की मांग की गयी है। जिसके माध्यम से पर्यटकों के बैठने हेतु दो ग्लोवर, नेचर ट्रेलर, प्रकृति चित्रण केन्द्र, सुरक्षा व्यवस्था के आवश्यक प्रबन्ध, गेट का निर्माण आदि कार्य कराये जाने की कार्ययोजना तैयार की गयी है। फासिल्स पार्क के प्रचार-प्रसार करने हेतु छोटे-छोटे वीडियो क्लीप बनाकर उसे प्रकृति चित्रण केन्द्र में चलाये जायेगा, जिससे कि अधिक से अधिक संख्या में लोग फासिल्स पार्क के ईतिहास को जान सकेगें और उसे देखने हेतु जनपद में आयेंगें। इस मौके पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे ) रोहित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अश्वनी कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## कुत्तों में फैल रही बीमारी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सर्दी खत्म होते और गर्मी के दस्तक देते ही पालतू कुत्तों में पार्गो नामक बीमारी फैलने लगी है। फरवरी के आखिरी पखवारे से फैली यह बीमारी घातक रूप लेती जा रही है औसतन एक से डेढ़ दर्जन बीमार कुत्ते प्रतिदिन पशु चिकित्सालय में लाए जा रहे हैं। पशुचिकित्सकों के अनुसार यह छुआछूत की बीमारी है। बीमार कुत्ते की पलटी से जीवाणु फैल कर दूसरों को चपेट में लेते हैं। तीन माह तक इस बीमारी का ज्यादा असर रहता है। इसकी चपेट में आने वाले कुत्तों की कभी कभी मौत भी हो जाती है। पार्गो नामक बीमारी कुत्तों में फरवरी से लेकर अप्रैल के मध्य फैलती है। इस समय क्षेत्र में सैकड़ो कुत्ते इस बीमारी की चपेट में है। पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर अंकुर सचान ने बताया कि औसतन एक से डेढ़ दर्जन बीमार कुत्ते प्रतिदिन उपचार के लिए अस्पताल लाए जा रहे हैं।

# महाकुंभ में स्वच्छता निगरानी में हुई लापरवाही पर चिकित्सक निलंबित

डिप्टी सीएम ने की कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। महाकुंभ में स्वच्छता निगरानी में लापरवाही बरतना एक डॉक्टर को महंगा पड़ा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लापरवाह डॉक्टर को निलंबित करते हुए, निलंबन के दौरान उन्हें अयोध्या मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय से संबद्ध किया गया है। साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को विभागीय कार्यवाही भी शुरू करने के निर्देश दिए हैं। महाकुम्भ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक हुआ।

मेला क्षेत्र में संक्रामक रोगों से निपटने के पर्याप्त प्रबंध किए गए थे। इसके लिए प्रदेश भर से स्वास्थ्य सेवाएं जुटाई गई थी। विभिन्न जनपदों के चिकित्साधिकारियों, पैरामेडिकल एवं अन्य स्टाफ की तैनाती प्रयागराज में की गई थी। अमेठी के डॉ. सुनील यादव की तैनाती मेला क्षेत्र सेक्टर-6 में की गई थी। किन्तु डॉ. यादव ने मौनी अमावस्या के अमृत स्नान 29 जनवरी के बाद मेला क्षेत्र के सेक्टर-6 में स्थापित शौचालयों की साफ-सफाई इत्यादि की व्यवस्था का सही तरीके से पर्यवेक्षण नहीं किया। जिससे संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका थी। जबकि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को खुले में शौच मुक्त रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में शौचालयों की स्थापना की गई थी। इस संबंध में उच्च स्तर पर बैठक के माध्यम से निर्देश दिये गए थे। डॉ. सुनील यादव ने लापरवाही करते हुए समुचित मात्रा में शौचालयों की स्थापना के लिए साईटिंग उपलब्ध नहीं करायी थी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने घटना को गंभीरता से लिया। काम में लापरवाही बरतने पर डॉ. सुनील को निलम्बित कर दिया है। साथ ही अयोध्या के मण्डलीय अपर निदेशक कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया। इस संबंध में प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को डॉ. सुनील के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## रिश्वतखोरी के आरोपों की जांच के आदेश

लखीमपुर खीरी के जिला अस्पताल में तैनात फिजीशियन डॉ. सौरभ शुक्ला ने अस्पताल प्रशासन पर रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में सोशल मीडिया में वीडियो भी वायरल हुआ है। इसका संज्ञान डिप्टी सीएम ने लिया है। उन्होंने चिकित्सालय प्रशासन के विरुद्ध लगाये गये आरोपों को गम्भीरता से लिया। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को जांच के आदेश दिए हैं। तीन दिन में जांच पूरी करनी होगी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## बीएनए रंगमंडल के कलाकार चंडीगढ़ में अपनी प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन

लखनऊ। भारतेंदु नाट्य अकादमी, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) रंगमंडल के कलाकार आगामी 8-9 मार्च को चंडीगढ़ में आठ दिवसीय 'रंग प्रयोग नाट्य' समारोह में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के टैगोर थियेटर में 8 मार्च को 'कर्ण गाथा' और 9 मार्च को 'निर्माण से निर्वाण' तक का मंचन किया जाएगा।

भारतेंदु नाट्य अकादमी, लखनऊ रंगमंडल की प्रमुख निर्मला जे चंद्रा ने बताया कि रंगमंडल का दल 6 मार्च को चंडीगढ़ के लिए रवाना होगा। इस दल में कुल 28 सदस्य हैं, जिनमें 20 कलाकार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को 'कर्ण गाथा' का मंचन होगा, जो गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के कर्ण कुंती संवाद से प्रेरित है। इस नाटक में शिवाजी सावंत के मृत्युंजय और रामधारी सिंह दिनकर की रश्मिरथी के संदर्भों को भी जोड़ा गया है। समसामयिकता को ध्यान में रखते हुए, अज्ञेय की कविताओं का समावेश भी किया गया है। वहीं, 9 मार्च को विजय मिश्र के नाटक तट निरंजना पर आधारित 'निर्माण से निर्वाण' तक का मंचन किया जाएगा।

# मैं बहनजी के हर फैसले का सम्मान करता हूं : आकाश आनंद

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख द्वारा अपने भतीजे को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त करने के फैसले के एक दिन बाद आकाश आनंद ने सोमवार को कहा, मैं बहन कुमारी मायावती जी का कैडर हूं। बसपा नेता मायावती ने एक दिन पहले रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया और कहा कि अब उनके आखिरी सांस तक पार्टी में उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा।

अब इस मामले में आकाश आनंद ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लंबी पोस्ट लिखकर अपना पक्ष रखा। आनंद ने कहा, ''मैं परमपूज्य आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का कैडर हूं, और उनके नेतृत्व में मैंने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं, ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य है। आदरणीय बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं, उस फैसले के साथ खड़ा हूं।''

उन्होंने कहा, ''आदरणीय बहन कु. मायावती जी द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है, लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है।'' आकाश ने कहा कि ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन एवं मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा।

उन्होंने कहा, कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है। आनंद ने कहा, यह एक विचार है, एक आंदोलन है, जिसे दबाया नहीं जा सकता।

## शामली में सात और जौनपुर में 10 मार्च से शुरू होगा महोत्सव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से शामली और जौनपुर में भव्य महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। शामली महोत्सव का आगाज 07 मार्च को होगा, जो 10 मार्च तक चलेगा। इसी तरह जौनपुर महोत्सव का भव्य आयोजन 10 से 12 मार्च तक होगा। इन महोत्सवों में कला-संस्कृति के साथ-साथ पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण होंगे। यह जानकारी उप्र. के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। जयवीर सिंह ने बताया कि शामली जिले में 07 से 10 मार्च तक वी.वी. पीजी कॉलेज के प्रांगण में भव्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आगंतुक स्वादिष्ट व्यंजन, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों आदि का आनंद ले सकेंगे। हस्तशिल्प उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी। शामली महोत्सव में स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, लेजर शो, कवि सम्मेलन आदि विशेष आकर्षण होंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जौनपुर के शाही किले में जौनपुर महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं।

## डॉ. आजाद बेग ने समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

लखनऊ। कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा तथा राहुल गांधी के देश और संविधान की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक किये जा रहे संघर्षों से प्रेरित होकर मथुरा से समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रहे डॉ. आजाद बेग ने समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के पूर्व नेता विधान मंडल दल प्रदीप माथुर के नेतृत्व में डॉ. आजाद बेग ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, वरिष्ठ नेता संजय दीक्षित भी मौजूद थे। डॉ. आजाद बेग के साथ डॉ. हलीम, डॉ. सर्वेश, डॉ. ब्रजेश शुक्ला, अनवार हुसैन एडवोकेट, डॉ. फखरुद्दीन, डॉ. शेख गुल मोहम्मद, डॉ. मोहम्मद सलमान, डॉ. फिरोज आलम, डॉ. सैफ, डॉ. इरफान खान, डॉ. वसीम बेग, डॉ. अरशद, प्रेमपाल, राजेश गुप्ता, सुभाष प्रजापति, प्रमोद गौतम, अब्दुल अली, मोहम्मद अशफाक सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए शिक्षाविद, अधिवक्ताओं और चिकित्सकों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

## राजेश कुमार वर्मा ने देश का नाम दुनिया में ऊँचा किया

लखनऊ। पिछले दिनों सूरत में आयोजित एशिया पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में लखनऊ के राजेश कुमार वर्मा ने भारत के लिए चार गोल्ड मेडल जीते। राजेश पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश में संविदा पर कार्यरत हैं। राजेश कुमार वर्मा ने 04 गोल्ड मेडल जीतकर उ0प्र0 की ही नहीं बल्कि पर्यटन विभाग का भी नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने आज अपने सरकारी आवास पर राजेश कुमार वर्मा को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सूरत में 20 फरवरी से 26 फरवरी तक एशिया पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। 23 फरवरी को राजेश ने फुल पावर लिफ्टिंग 360 किलो, बेंच प्रेस 90 किलो, डेड लिफ्ट 130 किलो, पुश फुल 220 किलो में चार गोल्ड मेडल जीते। परिणाम की घोषणा 26 फरवरी को की गई थी। उल्लेखनीय है कि राजेश कुमार वर्मा पॉवरलिफ्टिंग में नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट हैं।

# बिन दुल्हन लौटी बरात

- वरमाला पड़ी... सात फेरे लिए, अचानक कुल देवता पर अटकी बात

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। विदाई से पहले कुल देवता के अलग होने की बात कहकर लड़की वालों ने शादी तोड़ दी। बातचीत में वर-वधू पक्ष के कुल देवता अलग-अलग होने का पता चला तो विदाई से पहले रिश्ता खत्म हो गया। मामला थाने तक पहुंचा। पंचायत बैठाई गई। लेकिन, आखिरकार शादी नहीं जुड़ पाई।

मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के रुदौली गांव का है। गांव निवासी गिरधारी की बेटी रंजना की शादी असंद्रा क्षेत्र के तेलमा मजरे पारा इब्राहिम गांव निवासी गंगाराम रावत के बेटे आशीष कुमार से तय हुई थी। रविवार को बरात धूमधाम से आई, बरातियों का जोरदार स्वागत हुआ, जयमाल के बाद सात फेरे भी संपन्न हो गए। लेकिन सोमवार सुबह जब विदाई की बारी आई, तो हंगामा मच गया।

विदाई से ठीक पहले किसी ने ध्यान दिलाया कि दोनों परिवारों के कुल देवता अलग-अलग हैं। यह सुनते ही वधू पक्ष के लोग नाराज हो गए। रंजना के मामा रामनेवाज का कहना था कि वर पक्ष ने इस जानकारी को छुपाया और धोखा दिया। उन्होंने शादी तोड़ने का ऐलान कर दिया और खर्च की भरपाई की मांग की।

मामला बढ़ता देख दोनों पक्ष थाने पहुंचे। वर पक्ष ने आरोप लगाया कि वधू पक्ष ने जेवर हड़प लिए हैं, जबकि वधू पक्ष ने शादी से हुए खर्च की भरपाई की मांग रखी। पूरे दिन थाने में पंचायत चलती रही। आखिरकार, वर-वधू दोनों ने सहमति जताई और शादी को रद्द कर दिया।

सफदरगंज के एसएचओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से शादी न करने का फैसला कर लिया है। इस अनोखी घटना की इलाके में खूब चर्चा हो रही है। जहां सात फेरे भी निभाए गए, लेकिन देवता अलग होने की वजह से शादी का बंधन टूट गया।

# आरडीएसओ में विश्व श्रवण दिवस मनाया गया

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। आरडीएसओ अस्पताल में विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में आरडीएसओ अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर सीनियर डीएमओ डॉ. मेराज अहमद ने लोगों को श्रवण संबंधी समस्याओं, कान की देखभाल और रोकथाम की रणनीतियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. कमल किशोर, पीसीएमओ ने कान और श्रवण स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए उचित स्वास्थ्य सेवा और शोर भरे वातावरण से बचने के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में आरडीएसओ अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रवण स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना और निवारक उपायों को बढ़ावा देना था।

# रमज़ानः सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाइन शुरू हो गयी है। हेल्पलाइन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** रोजेदार बच्ची के पेट में सख्त तकलीफ है तो क्या पेन किलर इंजेक्शन लगवाया जा सकता है?

**जवाब:** जी हां, लगवा सकते हैं, इससे रोजा नहीं टूटेगा।

**सवाल:** रोजे की हालत में अगर मुंह से खून आ जाए तो क्या हुक्म है?

**जवाब:** अगर खून हलक के अंदर नहीं गया है तो रोजे पर कोई असर नहीं होगा।

**सवाल:** रोजे की हालत में बनावट दांत लगाए रहने से क्या रोजा मकरूह हो जाएगा?

**जवाब:** बनावटी दांत लगाने से रोजा मकरूह नहीं होता है।

**सवाल:** इमाम ने तरावीह में सज्दा तिलावत नहीं किया, नमाज के बाद पता चला तो क्या इसकी माफी मुमकिन है?

**जवाब:** अब इस सजदे की तलाफी मुमकिन नहीं है, तरावीह की नमाज अदा हो जाएगी। सवालः किसी को ऐसा सफर करना पड़े जिससे शरई मुसाफिर न हो और तेज धूप-लू से रोजा तोड़ दे तो क्या हुक्म है?

**जवाब:** इस शख्स पर केवल कजा वाजिब होगी। माहे मुबारक रमजान में शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन संचालित की जा रही है। हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** किसी मस्जिद में मोमिनीन इस पर राजी हों कि पहले इफ्तार करें, बाद में नमाज अदा करें तो क्या करें?

**जवाब:** नमाज से पहले इफ्तार किया जा सकता है, लेकिन बेहतर है कि अव्वल वक्त नमाज अदा करें।

**सवाल:** कोई रमजान के इफ्तार व खाने के पैसे नहीं रखे और किसी से मांगे भी नहीं बल्कि खून बेच दे तो रोजे का क्या हुक्म है?

**जवाब:** कोई भी ऐसा काम जिससे कमजोरी हो वह मकरूह है, लेकिन रोजा सही होगा। सवालः कोई रोजेदार डकार ले और कोई चीज मुंह में आ जाए जिसे जानबूझ कर निगल ले तो क्या रोजा बाकी रहेगा?

**जवाब:** ऐहतियाते वाजिब की बिना पर रोजा टूट जाएगा। सवालः कोई रमजान के पहले रोजे की नियत करे, लेकिन बाद में याद आए कि आज दूसरा रोजा है तो क्या हुक्म है?

**जवाब:** उसका रोजा सही होगा।

**सवाल:** अगर खुम्स पैसों पर दिया जाएगा तो फिर जकात किन चीजों पर अदा की जाएगी? जवाबः जकात गेहूं, जौ, खजूर, किशमिश, सोना-चांदी, ऊंट, गाय, भेड़-बकरी और ऐहतियाते लाजिम की बिना पर तिजारत के माल पर अदा की जाएगी।

## चिकनकारी पर नौ दिवसीय कार्यशाला एवं व्याख्यान आज से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की प्रसिद्ध हस्तकला, चिकनकारी को बढ़ावा देने के लिए राज्य संग्रहालय, लखनऊ में नौ दिवसीय चिकनकारी कार्यशाला एवं व्याख्यान का शुभारम्भ मंगलवार को होगा। यह आयोजन राज्य संग्रहालय (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश), खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं अवध चिकनकारी प्रॉड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में 4 से 12 मार्च तक चलेगा। कार्यशाला में राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली की पूर्व क्यूरेटर डॉ. अनामिका पाठक और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ. मीना श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगी। कार्यशाला में आईटी इंस्टीट्यूट, दक्कन कॉलेज (पुणे), गोयल कॉलेज के विद्यार्थी और लखनऊ व कोलकाता के युवा उद्यमी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला में रानी सिद्दकी और अरशी फातिमा मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण देंगी।

# नगर निगम कर्मी बने अंग्रेजी शाशक

- भारतेंदु हरिश्चंद के लोग बने मजलूम भारतीय
- 30 हजार की आबादी का वार्ड
- उल्टी बना दी है सीवर लाइन
- बजबजाती नालियों से उठती रहती बदबू

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। भारतेंदु हरिश्चंद के प्रख्यात नाटक भारत दुर्दशा में भारत की दुर्दशा के लिए जैसे अंग्रेजी राज और भारतीयों के आलस्य और सामाजिक बुराइयों को जिम्मेदार बताया गया था। ठीक वैसे ही उनके नाम पर बने वार्ड की दुर्दशा के लिए शहर की स्थानीय सरकार कहा जाने वाला नगर निगम एकमात्र ऐसा जिम्मेदार है जो अलीगंज के भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड में इसका अनुसरण करता दिख रहा है। इसमें नगर निगम के हिस्से की जो भी जिम्मेदारियां हैं वह इसे पूरा करती नहीं दिखतीं। नाले की सफाई नहीं होती, नाला कचरे से पटा पड़ा है। नालियां उफना रही हैं। इसी का नतीजा है कि गलियों में गंदा पानी भरा रहता है। लोगों का आरोप है कि सीवर लाइन उल्टी डाली गई है। इससे बिन बरसात घरों में पानी भरा रहता है। सड़क व गलियों में फैली गंदगी और कूड़े का पहाड़ नगर निगम लगे हैं। हम लोग तो नगर निगम से तो गुहार लगा कर थक चुके हैं। शायद आपकी खबर से ही नगर निगम अधिकारियों की संवेदना जाग जाए। यह शिकायत किसी एक की नहीं, यहां पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने एक ही बात बताई कि नालियां ओवरफ्लो हैं। गर्मी दस्तक दे चुकी है। एक बार बरसात में यहां आ जाइएगा सिर्फ गंदे नाले का पानी ही दिखेगा। रास्ता और खड़ंजा जगह-जगह से बैठ चुका है। पूरा गंदा तालाब ही नजर आएगा। यहां की तीन चार महिलाएं टीम के सदस्यों को हाथ पकड़कर अपने घर बुला ले गईं। सीवर लाइन दिखाती हुई कहती हैं इसे तकनीकी रुप से ही गलत बना दिया गया है। ऊंचाई वाले इलाके की ओर ढाल बना दी गई। नतीजा घरों में पानी भरा रहता है। लोग परेशान हैं गंदे पानी के लिए रास्ता बनाते-बनाते। इस वार्ड की आबादी लगभग 30 हजार है। यहां पर मूलभूत नागरिक सुविधाओं की जब हमारी टीम ने पड़ताल की तो नगर निगम के दावे हवाई साबित हुए। हालांकि इस दौरान नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी जरुर दिखी जब स्थानीय लोगों से पूछा गया कि कूड़ा वाली गाड़ी तो आई है। तो सभी ने सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि हां आते हैं तीन-चार दिन में, जब कूड़ा सड़ांध मारने लगता है और पूरी सड़क पर फैल जाता है। कुर्सी रोड से जब आप भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड पुरवा हनुमान मंदिर के मुख्य मार्ग पर जाते हैं तभी आपको सड़क किनारे टूटी हुई नालियों में ओवरफ्लो दिखने लगता है। इन नालियों का पानी ठहरा हुआ है, निकासी की व्यवस्था ही नहीं। यहां के गलियों में भी नालियां ओवरफ्लो है और कई जगह इसके टूटने से गंदा पानी सड़क पर पसरा हुआ है। इसी में से होकर आपको नियमित गुजरना पड़ेगा। नालियों की सफाई करते समय उसका मलबा निकालकर अलग रख दिया जाता है, और फिर वह हफ्तों पड़ा रहता है। आधा-अधूरा मलबा सूखकर फिर से नालियों में ही चला जाता है।

# सड़क पर गाड़ी खड़ी करने वाले हो जाएं सावधान, मंडलायुक्त ने उठाए ये सख्त कदम



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। यातायात व्यवस्था को सुगम व सुचारू बनाने के लिए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रविवार को अयोध्या रोड कमता, मटियारी, बीबीडी, तिवारीगंज व नादरगंज का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ब्लैक टॉप पर गाड़ियों की पार्किंग तत्काल प्रतिबंधित की जाए। सड़क खड़ी गाड़ियों का चालान किया जाए। कमता बस स्टैंड के बाहर बस खड़ी करने वाले चालकों व परिचालकों पर जुर्माना लगाएं या वेतन कटौती करें। अभियान चलाकर सभी सड़कों से अतिक्रमण भी हटाया जाए। बीबीडी चौराहे के निरीक्षण के दौरान कहा कि स्कूली बच्चों के सरल आवागमन के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण अवस्थापना निधि से अनुमोदित कराकर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराएगा। लेसा अधिकारियों को ब्लैक टॉप पर लगे पोल भी तत्काल हटाने के निर्देश दिए। एनएचआई के पीडी से कहा कि कानपुर रोड (नादरगंज) में निर्माणाधीन सड़कों का कार्य मैनपावर व मशीनरी बढ़ाकर युद्ध स्तर पर पूरा कराएं। अधिकारियों को जुनाबगंज से भारी वाहनों का डायवर्जन कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, एनएचआई व पीडब्ल्यूडी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय उर्दू-हिंदी कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर बैठक

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। आगामी 19, 20 एवं 21 अप्रैल 2025 को प्रस्तावित पाँचवी अंतराष्ट्रीय उर्दू-हिंदी कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। यह बैठक डॉ. अम्मार रिज़्वी, पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के अलीगंज स्थित आवास पर संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. रमेश दीक्षित ने की। बैठक में देश-विदेश के प्रतिष्ठित विद्वानों, साहित्यकारों और शिक्षाविदों ने उर्दू-हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान लंदन स्थित पत्र 'सहाफ़त' के संपादक श्री अमीर मेहदी को लंदन में भी सम्मेलन आयोजित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

प्रो. रेशमा परवीन ने सुझाव दिया कि ऐसे दिवंगत कवि एवं शायरों के विचार प्रस्तुत किए जाएँ, जिन्होंने धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा दिया। प्रो परवीन शुजाअत ने शोधार्थियों के शोध-पत्र व स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों की कान्फ्रेंस में अधिक भूमिका का समर्थन किया। वाराणसी से आये डॉ. जावेद अनवर ने कहा कि सम्मेलन के आलेखों में नए दृष्टिकोण और शोधपरक विचारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। वफ़ा अब्बास (अंबर फाउंडेशन के चेयरमैन) ने सुझाव दिया कि ऐसे वक्ताओं को आमंत्रित किया जाए, जो उर्दू भाषा से जुड़े रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डालें। आबिद नज़र ने उर्दू के हस्तलिखित पत्राचार को दोबारा प्रचलन में लाने पर जोर दिया। आतिफ़ हनीफ़ ने प्रस्ताव रखा कि सम्मेलन के उत्कृष्ट आलेखों को एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाए। वरिष्ठ वकील चचा अमीर हैदर ने आग्रह किया कि लोग अपने घरों में कम से कम एक उर्दू अखबार अवश्य मंगवाएँ।

बैठक में कॉन्फ्रेंस के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए डॉ. अम्मार रिज़्वी ने कहा कि उर्दू और हिंदी को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने घोषणा की कि प्रत्येक देश में हिन्दी और उर्दू बोलने वालों के लिए एक कन्वीनर नियुक्त किया जाएगा। प्रस्तावित योजनाएँ: विश्व की महत्वपूर्ण पुस्तकों के हिन्दी उर्दू में अनुवाद के लिए ÷दारुल तर्जुमा÷ नामक संस्था का गठन। संयुक्त राष्ट्र में उर्दू को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने हेतु प्रस्ताव तैयार करना।

भारत के विभिन्न राज्यों में उर्दू को द्वितीय भाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास। उर्दू भाषा के संरक्षण और प्रसार हेतु एक स्थायी ट्रस्ट की स्थापना।

बैठक में उपस्थित विद्वानों ने उर्दू भाषा की महत्ता पर जोर दिया। डॉ. मुन्तज़िर क़ाएमी ने कहा कि उर्दू सभ्यता का प्रतीक है और इसे आधुनिक तकनीक, संचार माध्यमों एवं पाठ्यक्रमों में अधिक प्रभावी रूप से शामिल किया जाना चाहिए। हसन अकबर जौनपुरी ने कहा कि उर्दू की मिठास ऐसी है कि हर व्यक्ति इसे सीखना चाहता है।

## बेसहारा परिवारों को वजीफा और रमजान किट वितरित

लखनऊ। आल इंडिया मोहम्मदी मिशन की ओर से माहे मुबारक रमजान में जरूरतमंद और बेसहारा परिवारों को वजीफा और रमजान किट व कपड़ा वितरित किया गया। मिशन के तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कार्यालय में मिशन अध्यक्ष इकबाल हाशमी की अध्यक्षता और मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की सरपरस्ती में जरूरतमंदों को वजीफा व रमजान किट वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने कहा कि परेशान हाल, यतीम और बेसहारों की मदद करना बेहतरीन इबादत है। जो अल्लाह के बंदों की खिदमत करता है उसका मुकाम बुलंद हो जाता है। रमजान में हर ने काम का सत्तर गुना सवाब मिलता है इसलिए बढ़ैसियत लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की दिल खोल कर मदद करना चाहिए। इस मौके पर डॉ. आफताब अहमद हाशमी, नबी अहमद, आसिफ इकबाल हाशमी, तारिक इकबाल हाशमी, फैजान फिरंगी महली सहित अन्य लोग मौजूद थे।